Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 07 अप्रैल, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-97

राजधानी दिल्ली में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## नवजात बच्चे चुरा कर बेचने वाला गिरोह पकड़ा गया



- गिरोह की पांच महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार
- दो नवजात बच्चे बरामद, कई और की तलाश जारी

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** दिल्ली में मासूमों की सौदेबाजी को लेकर सीबीआई ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। चंद पैसों के लिए नवजातों की खरीद-फरोख्त को अंजाम दिया जा रहा था। इस काम में अस्तपतालों में काम करने वाले भी अपनी भूमिका निभा रहे थे। इनके तरीके के बारे में जानकर हर कोई हैरान है।

सीबीआई ने शनिवार को दिल्ली में एक बड़े बच्चा चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। इस मामले में संलिप्त सात लोगों को सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह गैंग चोरी किए गए बच्चों को सोशल मीडिया पर विज्ञापन के माध्यम से निःसंतान माता-पिता को बेचता था। सुराग के आधार पर सीबीआई टीम ने हरियाणा और दिल्ली के सात ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में सीबीआई ने दो नवजात बच्चे बरामद किए। इनमें एक बच्चा महज दो दिन का था तो दूसरा 15 दिन का। इन बच्चों को बेचने की सौदेबाजी चल रही थी।

जिन सात आरोपियों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है उनमें सोनीपत का नीरज, दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु, पटेल नगर का अस्लम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजली, कविता और रितू के तौर पर हुई है। पकड़े गए आरोपियों से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह लोग बच्चों को बेचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया करते थे। आमतौर पर ये फेसबुक पेज, व्हाट्सएप ग्रुप ▶9पर

यूपी के सहारनपुर में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# मोदी सरकार मिशन पर चलती है, विपक्षी कमीशन पर



- हमारा मिशन है भ्रष्टाचार हटाओ, उनका टशन है भ्रष्टाचारी बचाओ
- दो लड़कों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है, फिर पिटने आ रहे

**सहारनपुर, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सहारनपुर की धरती से चुनावी शंखनाद किया। प्रधानमंत्री की रैली दिल्ली रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग मैदान में आयोजित की गई। जनसभा स्थल के मंच से पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत राम-राम से की और मां शाकंभरी देवी को नमन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। हमारा स्थान मां शक्ति का स्थान है। विपक्षी गठबंधन के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। क्या कोई शक्ति को खत्म कर सकता है? जिन-जिन लोगों ने शक्ति को खत्म करने का काम किया है, वह इतिहास में दर्ज है। पीएम ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नंबर की ताकत बना दिया है। आज भारत की तस्वीर विकसित देश की बना दी है। पूरे विश्व में देश का डंका बज रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन कमीशन और मोदी सरकार मिशन के लिए है। कहा कि आपने गलत जवाब दे दिया, ये मोदी का डंका नहीं, आप लोगों का है। हिंदुस्तान के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम समय में भाजपा के साथ रिकॉर्ड लोग जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है। पीएम ने कहा कि राष्ट्र प्रथम हमारे संकल्प में है। देशहित से बड़ा कुछ भी नहीं हो सकता। भाजपा से लोग एक निशान के लिए जुड़ते हैं। गरीब कल्याण हमारे लिए मिशन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने गरीब के जीवन से अंधेरा दूर किया। आने वाले पांच वर्ष मुफ्त राशन की गारंटी दी है। 10 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल पाए हैं, जो लोग कई दशक में नहीं कर पाए, वो भाजपा ने 10 वर्ष में कर दिया। पहले जितनी भी सरकारें रही कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। अयोध्या मे रामलला का मंदिर चुनावी घोषणा नहीं, मेरा मिशन रहा है। जम्मू कश्मीर से 370 हटाना हमारा मिशन रहा है। कश्मीर में जो पत्थर फेंके गए, उनसे कश्मीर का निर्माण कराया। विकसित भारत का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने 10 वर्ष पूरी ताकत के साथ काम किया है। 70 प्रतिशत योजना लागू हो, ऐसा प्रयास है। सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास ही हमारा मंत्र है। तीन तलाक कानून को खत्म कर पूरे मुस्लिम परिवार को बचा लिया है। मुस्लिम बेटियां मोदी को आशीर्वाद देती रहेंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, सहारनपुर की जो नक्काशी है, वह दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। ▶9पर

विपक्ष की बौखलाहट का तमिलनाडु में दिखा भद्दा चेहरा

## पीएम का रोड शो देखने पर बच्चों पर ठोक दिया मुकदमा





- स्कूल पर एफआईआर दर्ज कर शुरू कर दी थी कार्रवाई
- हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकारा, कारण बताने को कहा


**चेन्नई, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का भी दिमागी संतुलन बिगड़ गया है। हालांकि कमोबेश विपक्षी गठबंधन में शामिल नेताओं की बौखलाहट और बेचैनी का यही हाल है। उनकी बेचैनी सामान्य नागरिकों पर भारी पड़ रही है। बौखलाए नेता बच्चों को भी अपनी बौखलाहट का शिकार बना रहे हैं। तमिलनाडु के कोयम्बटूर में पिछले दिनों यही हुआ। कोयम्बटूर में पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड-शो देखने स्कूली बच्चे चले गए तो तमिलनाडु पुलिस ने बच्चों और उनके स्कूल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी और गिरफ्तारी की कार्रवाई पर उतर आई। सत्ता गलियारे के जानकारों का कहना है कि शासन के इशारे के बगैर पुलिस ऐसा दुस्साहस नहीं कर सकती। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मामला मद्रास हाईकोर्ट पहुंच गया।

मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को एक स्कूल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर कड़ी फटकार लगाई है। स्कूल के 32 बच्चे अपनी यूनिफॉर्म में पिछले महीने की 18 तारीख को पीएम नरेंद्र मोदी के कोयम्बटूर में हुए रोड शो में शामिल हुए थे। इस मामले में पुलिस की एफआईआर के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जी जयचंद्रन की पीठ ने कहा कि वे खुद बचपन में बड़े नेताओं या प्रसिद्ध हस्तियों को देखने ऐसे रोड शो में जाया करते ▶9पर

दुष्प्रचार में लगे मीडिया संस्थानों से रक्षा मंत्री ने साफ-साफ कहा

## पाकिस्तान भागने वाले आतंकियों को वहां घुसकर मारेंगे

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा है कि भारत में अपराध करने के बाद सीमा पार शरण लेने वाले किसी भी आतंकवादी को भारत पाकिस्तान में घुसकर मारेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है, लेकिन अगर कोई भारत को चुनौती देता है और आतंकवादी कृत्य करता है, तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



भारत की जमीन का इस्तेमाल आतंक के लिए नहीं होने देंगे

ब्रिटेन स्थित द गार्जियन अखबार ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी कि भारत सरकार ने पाकिस्तान में 20 लोगों की हत्या का आदेश दिया था और भारत केजीबी और मोसाद जैसी एजेंसियों से प्रभावित है। राजनाथ सिंह ने गार्जियन की रिपोर्ट पर अपनी तीखी प्रतिक्रया इस बेलौस जवाब से दी। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की जमीन का इस्तेमाल आतंक के लिए नहीं होने देंगे।


राजनाथ सिंह ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में लगे मीडिया संस्थानों से साफ-साफ कहा, आपने बताया कि हमने 20 आतंकवादियों को मार गिराया। अगर पाकिस्तान का कोई भी आतंकवादी भारत को परेशान करने की कोशिश करेगा या यहां आतंकवादी वारदात करेगा तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। अगर वह पाकिस्तान भागेगा तो हम वहां जाकर उसे मार डालेंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि नया भारत घर में घुस कर मारता है। इस ओर राजनाथ सिंह का ध्यान दिलाए जाने पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने जो कहा है, ▶9पर

केरल में भीषण नफरती-अत्याचार

## प्रवासी मजदूर को पीट-पीट कर मार डाला

**तिरुवनंतपुरम, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** केरल के मुवातुपुझ्झा में एक मॉब लिंचिंग का एक कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहां दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। अशोक दास नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझ्झा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। दास को एक खंभे में बांधकर बर्बर तरीके से तब तक पीटा गया, जब तक उसने दम नहीं तोड़ दिया। वह इलाके में ही एक मित्र से मिलने गया था। स्थानीय ▶9पर




केंद्र की उपेक्षा से आजिज लद्दाखी निकालेंगे पश्मीना-मार्च

## लद्दाख से दुष्प्रयोग केंद्र को भारी पड़ने वाला है

- चीन हथियाता जा रहा है लद्दाखियों के चारागाह
- लद्दाख की समस्या पर भारत सरकार लापरवाह



**लेह, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई खूनी झड़प के बाद से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख चर्चा में है। 3500 मीटर की ऊंचाई पर बसा ठंडे रेगिस्तान के नाम से मशहूर लद्दाख में सर्दियों में तापमान माइनस में पहुंच जाता है। वहीं बेहद शांत रहने वाले लद्दाखी इन दिनों बेहद गुस्से में हैं। इसकी वजह है उनकी केंद्र सरकार से उनकी नाराजगी। उनकी नाराजगी की दो वजह हैं, पहली लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, वहीं दूसरी मांग है कि लद्दाख को दो लोकसभा सीटें (करगिल और लेह) देने के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए।

इन्हीं मांगों को लेकर थ्री इंडियट्स फिल्म से मशहूर हुए फुनसुख वांगडू यानी प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक 21 दिन के अनशन पर भी बैठे थे, जिसे उन्होंने क्लाइमेट फास्ट नाम दिया था। लेकिन केंद्र की तरफ से उनकी मांगों और अनशन तोड़ने को लेकर कोई पहल नहीं की गई। जिसके बाद क्लाइमेट एक्टिविस्ट और मैग्सेस पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक ने लेह में सात मार्च को चीन सीमा (एलएसी) से लगे इलाकों में पश्मीना मार्च निकालने का ऐलान कर दिया। उनके मार्च को हर लद्दाखी का जनसमर्थन मिल रहा है, जिसके बाद वहां प्रशासन ने लेह में धारा 144 लागू करते हुए इंटरनेट बैन का आदेश भी जारी कर दिया। उनकी इस मुहिम को बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों और महिलाओं तक का समर्थन मिल रहा है। सोनम वांगचुक के निकट ▶9पर



# आईएमएफ ने कहा–भारत की जीडीपी की 8 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान हमारा नहीं

**वाशिंगटन, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 8 फीसदी की दर से बढ़ने के अनुमान पर सफाई देते हुए कहा, यह आंकड़ा हमारा आधिकारिक नही है। बल्कि, आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक और भारत के प्रतिनिधि कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम की निजी राय है। आईएमएफ की प्रवक्ता जूली कोजैक ने कहा, सुब्रमण्यन के विचार आईएमएफ में भारत के प्रतिनिधि के रूप में उनकी भूमिका के तौर पर थे। आईएमएफ के प्रवक्ता ने कहा, सुब्रमण्यम कार्यकारी बोर्ड के सदस्य हैं। यह बोर्ड कार्यकारी निदेशकों से बना है, जो देशों के प्रतिनिधि हैं। ये आईएमएफ कर्मचारी का हिस्सा नहीं हैं। इनका काम आईएमएफ से अलग है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि के लिए जनवरी तक हमारा अनुमान 6.5 फीसदी था। कुछ ही हफ्तों में फिर से पूर्वानुमान पेश किए जाएंगे। यह है मामला सुब्रमण्यम ने कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। हालांकि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर–दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। इन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने यह भी कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जरूरी है। इसके साथ ही, हमें विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार पर बल देना होगा। रोजगार सृजन पर देना होगा जोर, बढ़ेगी खपत सुब्रमण्यम ने कहा, 1991 के बाद से ऐतिहासिक रूप से भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी से थोड़ी अधिक रही है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि देश की जीडीपी का लगभग 58 फीसदी घरेलू उपभोग से आता है। इसलिए, आप जानते हैं...हमारे पास क्षमता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीयों को लाभ प्रवासियों के रहने की अवधि बढ़ेगी, 180 दिन की सीमा बढ़ाकर 540 दिन हुए

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने अस्थायी अंतिम नियम (टीएफआर) की घोषणा की है। इसमें कार्य परमिट के लिए आप्रवासियों की पात्रता का विस्तार किया गया है। इसके तहत कुछ रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों (ईएडी) के लिए स्वचालित 180 दिन की अवधि 540 दिनों तक बढ़ा दी गई है। यानी अमेरिका में रहने की अवधि बढ़ जाएगी, जिसका सर्वाधिक लाभ भारतीयों को मिलना तय है। इस कार्रवाई के तहत गत 12 महीनों में ईएडी प्रसंस्करण अवधि काफी कम कर दी गई है। बृस्पतिवार देर शाम घोषित ये अस्थायी उपाय, पहले से ही कार्य–अधिकृत गैर–नागरिकों को उनके लंबित ईएडी नवीनीकरण आवेदनों पर निर्णय लेने की प्रतीक्षा के वक्त, उनके रोजगार प्राधिकरण और दस्तावेजीकरण में चूक से रोकेंगे। इससे अमेरिकी नियोक्ताओं के लिए संचालन की निरंतरता भी सुव्यवस्थित हो सकेगी। यह बाइडन प्रशासन द्वारा कार्य–अधिकृत व्यक्तियों को कार्यबल में शामिल करने के लिए नवीनतम कदम है। यह ऐतिहासिक घोषणा, विशेष रूप से दक्षिण एशियाई प्रवासियों को लाभ पहुंचाने वाली होगी। यह व्हाइट हाउस एशियन अमेरिकन एंड नेटिव हवाईयन पैसिफिक आइलैंडर (एएएनएचपीआई) आयोग में राष्ट्रपति बाइडन के सलाहकार अजय भुटोरिया द्वारा की गई एक सिफारिश का क्रियान्वयन है। ग्रीन कार्ड बैकलॉग में कमी आएगी इन प्रयासों का लक्ष्य अमेरिका में लगातार आव्रजन सुधार और ग्रीन कार्ड बैकलॉग में कमी लाना है। इससे 10 लाख से अधिक दक्षिण एशियाई लोगों को भरपूर लाभ मिल सकेगा। विशेष रूप से, व्हाइट हाउस एएएनएचपीआई आयोग को उनकी पिछली सिफारिशों के कारण बाइडन प्रशासन ने अमेरिका में एच–1बी वीजा में घरेलू नवीनीकरण स्टैम्पिंग को सक्षम करने के वास्ते एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है। सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण यूएससीआईएस की घोषणा सामुदायिक वकालत और नीतियों को आकार देने में सहयोगात्मक प्रयासों का एक प्रमाण है। यह आप्रवासी समुदायों को सीधे प्रभावित करती है, जिसका असर नवीकरण तंत्र पर पड़ा। 2022 में कवर सभी श्रेणियों पर लागू यूएससीआईएस के एक प्रवक्ता के अनुसार, यदि नया विनियमन लागू नहीं किया गया तो आठ लाख अप्रवासियों की नौकरी खोने का खतरा था। बाइडन प्रशासन ने दूसरी बार 540 दिनों के विस्तार की घोषणा की है।



### पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का बड़ा एलान 13 अप्रैल को सरकार के खिलाफ करेगा प्रदर्शन

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) सरकार के विरोध में एक बड़ा अभियान छेड़ने वाली है। इसके लिए पीटीआई ने एलान किया है कि वह 13 अप्रैल को बलूचिस्तान में नवगठित विपक्षी दलों के महागठबंधन के साथ मिलकर एक बड़ी जनसभा करेगी। बड़े स्तर पर जन आंदोलन शुरू करना मकसद पार्टी की ओर से कहा गया कि इस रैली का उद्देश्य मौजूदा सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर जन आंदोलन शुरू करना है। पीटीआई कोर कमेटी की बैठक में बलूचिस्तान के पिशिन जिले में आगामी 13 अप्रैल की रैली पर चर्चा हुई। इस दौरान फैसला लिया गया कि पीटीआई और सहयोगी पार्टियां संयुक्त रूप से महागठबंधन के मंच से एक जन आंदोलन शुरू करेंगी और पहली बड़ी जनसभा 13 अप्रैल को पिशिन में होगी। यह पार्टियां होंगी शामिल बता दें, पीटीआई ने उन पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिन्होंने आठ फरवरी के चुनाव के नतीजों पर आपत्ति जताई थी। विरोध करने वाली पार्टियां बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएएनपी), पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी (पीएकेएमपी), जमात–ए–इस्लामी (जी), मुत्ताहिदा वहदत–उल–मुस्लिमीन (एमओएम) आदि थीं। अचकजई गठबंधन का नेतृत्व करेंगे रिपोर्ट के अनुसार, पार्टियों ने एक समझौता किया है कि पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा अचकजई जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम (जेयूआई) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान से संपर्क करने की कोशिश की जाएगी ताकि उन्हें गठबंधन में शामिल होने के लिए राजी किया जा सके। जेयूआई के प्रमुख के साथ बैठक के बाद गठबंधन की औपचारिक घोषणा की जाएगी। महिला कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा इसके बाद, पीटीआई कोर कमेटी ने पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं विशेष रूप से आलिया हमजा और सनम जावेद को एक अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के बाद उनकी फिर से गिरफ्तारी और रिमांड की निंदा की। वहीं, बैठक में इमरान खान और उनकी पत्नी सहित सभी नेताओं की तत्काल रिहाई की भी मांग की गई। समिति ने खैबर–पख्तूनख्वा (के–पी) में सीनेट चुनाव स्थगित करने की भी निंदा की और इसे संविधान का उल्लंघन करार दिया। पीटीआई के बल्ले के चुनाव चिह्न को बहाल करने की मांग बैठक में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) से पार्टी के भीतर होने वाले चुनावों के बाद पीटीआई के बल्ले के चुनाव चिह्न को बहाल करने की मांग की गई।



# इजराइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा ईरान अमेरिका को दी चेतावनी– बीच में मत आना



**वाशिंगटन, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**ईरान, इजराइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। साथ ही ईरान ने अमेरिका से कहा है कि वह बीच में न आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने वॉशिंगटन को एक लिखित संदेश भेजा है। इस संदेश में ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को बीच में नहीं आना चाहिए और नेतन्याहू के जाल में नहीं फंसना चाहिए। दरअसल हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था।**

ईरान ने इसका आरोप इजराइल पर लगाया है। इसी हमले के जवाब में ईरान, इजराइल के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### ईरान ने दी धमकी

ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि अमेरिका को बीच में नहीं आना चाहिए ताकि वह हमले की चपेट में न आ जाए। जमशीदी ने कहा कि अमेरिका ने ईरान से कहा है कि वह अमेरिकी ठिकानों को निशाना न बनाए।

हालांकि अमेरिका ने अभी तक ईरान के संदेश पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ईरान की चेतावनी के बाद अमेरिका भी हाई अलर्ट पर है और इजराइल में अपने ठिकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। बीते दिनों सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरानी सेना के एक वरिष्ठ जनरल समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान इस हमले का आरोप इजराइल पर लगा रहा है, लेकिन इजराइल ने आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### पश्चिम एशिया में लड़ाई बढ़ने की बढ़ी आशंका

इजराइल द्वारा काफी दिनों से सीरिया में ईरान से जुड़े ठिकानों पर हमला किया जा रहा था, लेकिन ताजा हमला अपने आप में पहला है, जिसमें ईरानी दूतावास को निशाना बनाया गया। ईरानी दूतावास पर हमले में हिजबुल्ला के लड़ाके भी मारे गए हैं। अब हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला ने कहा कि बेशक ईरान जवाब देगा, लेकिन उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला इसमें कोई दखल नहीं देगा। इजराइल हमास युद्ध के बीच ईरान द्वारा इजराइल पर हमले की तैयारी से संघर्ष के पश्चिम एशिया के बड़े इलाके में फैलने का डर भी पैदा हो गया है।

### हाई अलर्ट पर इजराइल

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईरान के संभावित हमले को देखते हुए इजराइल भी हाई अलर्ट पर है और इजराइल में कई जगहों पर नेविगेशन सिस्टम बंद कर दिया गया है। इजराइल को आशंका है कि ईरान, इजराइल पर हमले के लिए गाइडेड मिसाइल और ड्रोन्स का इस्तेमाल कर सकता है। ऐसे में नेविगेशन बंद होने से ईरान को परेशानी होगी। इजराइल में लोकेशन पर आधारित एप सर्विस भी बंद कर दी है। इजराइली सेना ने अपने सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उनकी तैनाती के आदेश दिए हैं। कई शहरों में एंटी बॉम्ब शेल्टर शुरू कर दिए गए हैं।

# गाजा में सहायताकर्मियों पर हमला करने के मामले में इजराइल सख्त अपने दो अधिकारियों को किया बर्खास्त



**यरूशलम, 06 अप्रैल ।**

हमास और इजराइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि, इस बीच इजराइली सेना ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने गाजा में एक हमले में सात सहायताकर्मियों के मारे जाने वाली घटना पर कार्रवाई की है। सेना ने अपने दो अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है और तीन अन्य को फटकार लगाई है। उसका कहना है कि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी को गलत तरीके से संभाला और सेना के नियमों का उल्लंघन किया।

### सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो

इजराइली सेना ने कहा कि एक जांच में सामने आया है कि उनके जवानों ने गलती से यह मान लिया था कि वे जिन्हें निशाना बना रहे हैं, वो हमास के आतंकी हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने कहा कि यह एक गंभीर घटना है, जिसके लिए हम जिम्मेदार हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए था और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो। यह है मामला रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली ड्रोन द्वारा तीन हवाई हमलों में एक ऑस्ट्रेलियाई, तीन ब्रिटिश, एक फलस्तीनी, एक उत्तरी अमेरिकी और एक पोल सहित सात सहायताकर्मी मारे गए थे। यह सभी तीन वाहनों के बीच अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। अमेरिका स्थित चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके), जिसका काफिला मारा गया था, ने कहा था कि हमारे सहयोगियों की हत्या के लिए इजराइल का सिर्फ माफी मांगना बहुत ही ढीले रवैये को दिखाता है। डब्ल्यूसीके ने हमले की स्वतंत्र जांच की मांग की थी। डब्ल्यूसीके के सीईओ एरिन गोर ने कहा, इजराइल को मानवीय सहायता कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारा अभियान अभी भी निलंबित है।

### सेना का बयान

इजराइली सेना ने कहा कि डब्ल्यूसीके सहायता को उतारने के बाद वाहन गोदाम से बाहर जा रहे थे, तभी जवानों ने देखा की वाहनों के अंदर कुछ बंदूकधारी मौजूद थे, जिन्हें उन लोगों ने हमास आतंकवादी समझा। इसलिए सेना ने सहायता वाहनों पर हमला कर दिया।

# अमेरिका के ओहायो में भारतीय छात्र की मौत, भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा- जांच जारी है

**न्यूयॉर्क, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

अमेरिका के ओहायो में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ओहायो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र उमा सत्य साई गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ।

वाणिज्य दूतावास ने कहा कि मौत की पुलिस जांच चल रही है और वह भारत में परिवार के साथ संपर्क में बनी हुई है। मृतक छात्र उमा गड्डे के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने सहित हर संभव सहायता दी जा रही है।

बता दें कि 2024 की शुरुआत से अब तक अमेरिका में भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों की कम से कम आधा दर्जन मौतें हो चुकी हैं। हमलों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि ने समुदाय में चिंता पैदा कर दी है।

### हाल के महीनों में अब तक सात भारतीयों की गई है जान

पिछले महीने, भारत के 34 वर्षीय प्रशिक्षित शास्त्रीय नर्तक अमरनाथ घोष की मिसौरी के सेंट लुइस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा पर्ड्यू विश्वविद्यालय में 23 वर्षीय भारतीय–अमेरिकी छात्र समीर कामथ 5 फरवरी को इंडियाना में एक संरक्षित क्षेत्र में मृत पाए गए थे। 2 फरवरी को, 41 वर्षीय भारतीय मूल के आईटी कार्यकारी विवेक तनेजा को वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर हमले के दौरान जानलेवा चोटें आईं।



यह अमेरिका में हाल के महीनों में किसी भारतीय या भारतीय–अमेरिकी की सातवीं मौत है। चार्ज डी अफेयर्स राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए।

# टूटे पुल को दोबारा बनाने के लिए जमीन आसमान एक कर देंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन का वादा

**बाल्टीमोर, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट के टूटे ब्रिज का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पुल को दोबारा तैयार करने के लिए हम जमीन और आसमान एक कर देंगे।

बाइडन ने कहा, दोस्तों, हम इस पुल का यथासंभव तेजी से पुनर्निर्माण करने के लिए जमीन–आसमान एक करने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्षति को विनाशकारी बताते हुए पुष्टि की और कहा, पुल को दोबारा बनाने के लिए हम हर तरीके की मदद करेंगे। साथ ही मजदूर और निर्माण सामग्री का खर्च भी संघीय सरकार उठाएगी।

मैरीलैंड दौरे पर पहुंचे बाइडन ने टूटे पुल से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना करते हुए कहा, मैं यहां आप लोगों के लिए आया हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश आपके साथ है। बाइडन ने पिछले महीने के अंत में पुल ढहने से मारे गए छह लोगों के संदर्भ में कहा, नुकसान विनाशकारी है और हम इससे बहुत आहत हुए हैं।



### घटना का आर्थिक प्रभाव क्या हो सकता है

सीधे तौर पर बंदरगाह 15,300 नौकरियां देता है, जबकि क्षेत्र में अन्य 1,40,000 लोग बंदरगाह गतिविधियों से जुड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियों के जरिए 3.3 बिलियन (करीब 2.74 खरब रुपये) की आय होती है। बाल्टीमोर बंदरगाह ने मंगलवार को कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि जहाज यातायात कब तक निलंबित रहेगा।

### बाल्टीमोर में क्या हादसा हुआ था

अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के अंतर्गत आने वाले बाल्टीमोर शहर में बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, एक बड़ा कंटेनर जहाज डाली शहर के मशहूर फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। टक्कर की वजह से वाहन और लोग पटप्सको नदी में गिर गए। जहाज बाल्टीमोर से रवाना हुआ था और श्रीलंका की राजधानी कोलंबो की ओर जा रहा था।

यूएस कोस्ट गार्ड के रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि छह लोग लापता हैं और उन्हें मृत मान लिया गया है। दो अन्य लोगों को पानी से बचा लिया गया। बताया गया कि सभी आठ लोग निर्माण कार्य से जुड़े थे और दुर्घटना के वक्त वे पुल पर गड्ढे भर रहे थे। लापता लोग होंडुरास, मैक्सिको और ग्वाटेमाला से बताए जा रहे हैं।

## टॉप–20 में पांच अफ्रीकी शहर

# द. अमेरिका के कराकस में सबसे अधिक अपराध सूची में भारत के ये शहर

**जोहान्सबर्ग, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला का कराकस दुनिया का सबसे अधिक अपराध ग्रस्त शहर है। भारतीय शहरों की रैंकिंग में नई दिल्ली में आपराधिक वारदातें सबसे अधिक पाई गईं। यह दावा है नुम्बेओ की नई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का। रैंकिंग के अनुसार, दुनिया का दूसरा सबसे अपराध ग्रस्त शहर दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया है।

रैंकिंग में अफ्रीका के चार और देश हैं, जिस वजह से दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ऐसा देश बन गया, जिसके पांच शहर शीर्ष 20 में शामिल हैं। इसके अलावा, डरबन सूची में तीसरे स्थान पर है। जोहान्सबर्ग चौथे स्थान पर है। पोर्ट एलिजाबेथ आठवें तो केप टाउन 18वें स्थान पर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका के पुलिस मंत्री भीकी सेले द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले अपराध आंकड़ों के अनुरूप है।




### भारत में दिल्ली में सबसे अधिक क्राइम

सूची में भारत के भी 11 शहर शामिल हैं। सूची में दिल्ली 70वें, नोएडा 87वें और गुड़गांव 95वें स्थान पर है। वहीं, बंगलूरू 102वें, इंदौर 136वें, कोलकाता 159वें, मुंबई 169वें, हैदराबाद 174वें, चंडीगढ़ 177वें और पुणे 184वें स्थान पर हैं।

### उकसावे और गलतफहमी के कारण हुईं सबसे अधिक हत्याएं

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 के आखिरी तिमाही में 7700 हत्याएं हुईं हैं। रिपोर्ट में लिंग आधारित हिंसा का भी खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 7340 हत्याओं में से 1116 हत्याएं तर्क, उकसावे और गलतफहमी के कारण हुईं हैं। वहीं, 431 हत्याएं मोब लिंचिंग (भीड़ की हिंसा) के कारण हुईं हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। फिरौती के लिए अपहरण दक्षिण अफ्रीका में संगठित अपराध बन गया है। एसएपीएस (दक्षिण अफ्रीका पुलिस सेवा) अपहरण से जुड़े समूहों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी है।

### दक्षिण अफ्रीका में अपराध बढ़ने का यह है कारण

एक प्रमुख अपराध विज्ञानी प्रोफेसर खोलोफेलो रकुबू का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा या हिंसक अपराध के उच्च स्तर की व्याख्या करने वाला कोई एक कारक नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में हिंसक अपराध विभिन्न कारकों का परिणाम है। दक्षिण अफ्रीका में आग्नेयास्त्र से संबंधित अपराध लंबे समय से वहां व्याप्त हैं।

# गाजियाबाद में पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

- अबकी बार 400 पार और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा पूरा रूट
- पीएम ने खुले वाहन में सीएम योगी के साथ लोगों का किया अभिवादन





**गाजियाबाद, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गाजियाबाद में रोड शो किया। आंबेडकर रोड पर मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक 1.4 किलोमीटर लंबे रूट पर हुए रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी और पूरा रूट अबकी बार 400 पार व मोदी जी को जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने खुले वाहन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन किया। रोड शो में पहुंचे लोगों ने 36 स्थानों पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। पारंपरिक परिधानों में सजकर पहुंचीं महिलाएं खुशी में झूम उठीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 5:40 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और रोड शो शुरू हुआ, उनकी एक झलक पाने के लिए लोग 36 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद दोपहर दो बजे से ही अंबेडकर रोड पर पहुंचने शुरू हो गए थे, ताकि वह सबसे आगे खड़े होकर प्रधानमंत्री का दीदार कर सकें। जैसे ही प्रधानमंत्री मालीवाड़ा चौक के पास खुली गाड़ी में सवार हुए तो पूरा क्षेत्र मोदी-मोदी, जय श्रीराम, अबकी बार 400 पार और मैं हूं मोदी का परिवार के नारों से गूंज उठा। लोगों में कई घंटे इंतजार की थकान मोदी की एक झलक पाते ही दूर हो गई और लोगों में जोश भर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ में कमल के फूल का मॉडल लेकर लोगों का अभिवादन करने के साथ-साथ प्रत्याशी को जिताने की भी अपील की। प्रधानमंत्री के साथ गाजियाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी अतुल गर्ग, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और स्थानीय सांसद वीके सिंह मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट पर राम मंदिर का भव्य मॉडल और राम व सीता के रूप में सजे दिल्ली के कलाकार मौजूद रहे। शाम करीब साढ़े छह बजे रोड शो का चौधरी मोड़ पर समापन हुआ। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बाद यह पहला मौका था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में आए थे। राम मंदिर का तोहफा मिलने से खुश महिलाएं अपने बच्चों के साथ उन्हें देखने रोड शो में पहुंची थीं। मालीवाड़ा चौक पर मोदी को देख करीब 60 साल की एक महिला भावुक होकर रोने लगी। बच्चे भी मोदी की एक झलक पाने के लिए अभिभावकों के साथ रोड शो में पहुंचे थे। अभिभावक अपने कंधों पर बैठाकर उन्हें कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

## टक्कर के बाद वाहन में आग लगने से एसीपी और गनमैन जिंदा जले

**लुधियाना, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** लुधियाना में समराला के गांव दयालपुरा के पास चंडीगढ़ रोड मैन हाईवे पर शुक्रवार देर रात करीब एक बजे स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर में बेकाबू हुई फॉर्च्यूनर में आग लग गई। इसमें लुधियाना पूर्वी से एसीपी संदीप सिंह और उनके गनमैन प्रभजोत सिंह जिंदा ही जल गए। गाड़ी का ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी है जिसे निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

सूचना मिलने के बाद समराला पुलिस के उच्च अधिकारी और थाना समराला के पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस स्कॉर्पियो कर चालक का भी पता लगाने में जुट गई है। लुधियाना के पूर्वी सबडिवीजन में तैनात एसीपी संदीप सिंह अपने सरकारी गनमैन प्रभजोत सिंह और ड्राइवर के साथ फॉर्च्यूनर कार में चंडीगढ़ जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी समराला के गांव दयालपुरा के पास हाईवे पर पहुंची तो एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया। इससे फॉर्च्यूनर बेकाबू हो गई और कार में आग लग गई। कार में सवार एसीपी और उनके गनमैन दरवाजा खोलने की कोशिश में जुटे रहे, मगर कार का दरवाजा नहीं खुला। जिस कारण दोनों ही जिंदा जल गए।

*कानून के उल्लंघन पर खुद मुख्यमंत्री उतारू*

## एनआईए टीम पर हमला उचित : ममता

- लोगों ने वही किया, जो उन्हें करना चाहिए था

**कोलकाता, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** बंगाल में ईडी के बाद एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य की टीएमसी सरकार और सीएम ममता बनर्जी विपक्षियों के निशाने पर हैं। अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर अब ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दक्षिण दिनाजपुर में एक चुनावी सभा से इतर ममता बनर्जी ने एनआईए पर हमले की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि उन्होंने (एनआईए) आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था। वे (एनआईए) चुनाव से ठीक पहले लोगों को गिरफ्तार क्यों कर रहे हैं?

ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को क्या लगता है कि वे हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार कर लेंगे? एनआईए को क्या अधिकार है? ये सब भाजपा के समर्थन के लिए हो रहा है। हम पूरी दुनिया को भाजपा की गंदी राजनीति के बारे में बताएंगे। ममता बनर्जी ने दावा किया कि साल 2022 में पटाखे फोड़ने के मामले में जांच के लिए एनआईए की टीम सुबह-सुबह पहुंच गई थी। भूपतिनगर की महिलाओं ने हमला नहीं किया था, बल्कि एनआईए की टीम द्वारा हमला किया गया था। अगर महिलाओं पर हमला होगा तो क्या वो चुप रहेंगी? ममता बनर्जी ने कहा कि वह सिर्फ



एनआईए के कुछ घरों में छापेमारी का विरोध कर रहीं थी।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम करे और भाजपा द्वारा संचालित आयोग न बने। राज्य के पुलिस अधिकारियों के तबादले पर ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग के अधिकारियों के तबादले क्यों नहीं किए जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि एनआईए, सीबीआई भाजपा के भाई हैं और ईडी और आयकर विभाग, भाजपा के फंडिंग बक्से हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव में सभी को बराबर का मौका मिलना चाहिए।

टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि भाजपा के पास महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कहने के लिए कुछ नहीं है। जिस इंसान के नौकरी नहीं है, वह कैसे अमृतकाल के बारे में सोच सकता है? भाजपा सिर्फ भविष्य की बात करती है। बंगाल में विश्वविद्यालयों को कथित गलत इस्तेमाल पर राज्यपाल द्वारा न्यायिक जांच के आदेश पर टीएमसी नेता ने कहा कि अभी देश में चुनाव आचार संहिता लागू है।

### बंगाल में अपराधियों को सीएम और टीएमसी का संरक्षण

**कोलकाता, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर भी हमले की घटना सामने आई है। जिसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन में अराजकता की स्थिति जारी है। ईडी पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी पर हमला हुआ है। एनआईए अधिकारियों की एक टीम पर पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हमला हुआ। एनआईए टीम टीएमसी के दो नेताओं को गिरफ्तार करने पहुंची थी। 100-150 ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका, बल्कि एनआईए के वाहनों पर पथराव भी किया। यह स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के संभव नहीं है। बंगाल के सभी अपराधियों शाहजहां शेख से लेकर अनुब्रत मंडल तक, सभी को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है।

बंगाल में भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने भी एनआई टीम पर हमले के लिए राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया। सिन्हा ने कहा कि इस हमले से साफ हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था जैसी कोई स्थिति नहीं है। शासन के नाम पर ममता बनर्जी तानाशाही कर रही हैं, उन्होंने राज्य का भविष्य कट्टरपंथियों के हाथों में दे दिया है। हम मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने एनआईए टीम पर हमले को लेकर कहा कि राज्य पुलिस ये सब कर रही है। वे अपराधियों को इकट्ठा करते हैं और फिर उन्हें सुरक्षित रास्ते से निकाल लेते हैं।

एनआईए टीम पर बंगाल में हुए हमले पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह देखना दुखद है कि ममता बनर्जी की सरकार में टीएमसी आतंक, माफिया और भ्रष्ट हो गई है। टीएमसी सरकार में बंगाल में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। राज्य में डर का माहौल है कि केंद्रीय एजेंसियां भी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे में मां, माटी और मानुष कैसे सुरक्षित होंगे। आज हम संदेशखाली 2.0 के गवाह बने।

## केजरीवाल की अर्जी पर नहीं बढ़ेंगे जेल में मुलाकात के फेरे



**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** अरविंद केजरीवाल की जेल में वकीलों से हफ्ते में पांच बार मुलाकात करने देने की मांग का विरोध करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाना चाहते हैं, उन्हें खास विशेषाधिकार नहीं दिए जा सकते।

ईडी की दलील सुनने के बाद अदालत ने केजरीवाल की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रख लिया। केजरीवाल ने तर्क रखा कि चूंकि वह विभिन्न राज्यों में कई एफआईआर का सामना कर रहे हैं, बहुत सारे कानूनी काम होते हैं। इसलिए बैठकों की संख्या बढ़ाई जाए।

राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले में आदेश पारित करने की तारीख 9 अप्रैल तय की। ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि आवेदक सप्ताह में पांच बार कानूनी बैठक की मांग कर रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से जेल मैनुअल के खिलाफ है।

मैनुअल के अनुसार सप्ताह में सिर्फ एक कानूनी मुलाकात की अनुमति है और विशेष परिस्थितियों में दो बार उन्हें मिलने दिया जा सकता है। वहीं आवेदक को पहले से ही दो मुलाकातें मिल रही हैं। अगर कोई जेल से सरकार चलाने का विकल्प चुनता है, तो उनके साथ असाधारण व्यवहार नहीं किया जा सकता है। एक अप्रैल को अदालत ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## खुफिया एजेंसी में एसपी के 53 पद खाली

- सीबीआई को भी 54 एसपी की प्रतीक्षा

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में काम करने के लिए युवा आईपीएस मन नहीं बना पा रहे हैं। नतीजतन आईपीएस अफसरों का तय कोटा भर नहीं पा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट बताती है कि इस वर्ष एक मार्च की स्थिति के अनुसार, खुफिया एजेंसी में आईपीएस एसपी के 83 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से 53 पद रिक्त पड़े हैं। केंद्र सरकार द्वारा हर साल आईपीएस को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों से आग्रह किया जाता है, लेकिन युवा आईपीएस, आईबी में बतौर एसपी ज्वाइन करने के लिए राजी नहीं होते। यही हाल देश की शीर्ष केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई का है। यहां पर भी आईपीएस एसपी के लिए स्वीकृत 73 पदों में से 54 पद खाली पड़े हैं। आईपीएस के सभी रैंकों को मिलाकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए 683 पद स्वीकृत किए गए हैं। वर्तमान में उक्त संख्या में से 239 पद खाली पड़े हैं।

आईबी में केवल आईपीएस एसपी के ही पद खाली नहीं पड़े हैं, बल्कि डीआईजी के पद भरने की स्थिति भी अच्छी नहीं है। खुफिया एजेंसी में आईपीएस डीआईजी के 63 पद स्वीकृत किए गए हैं। हैरानी की बात है कि इनमें से 29 पद खाली पड़े हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए में भी आईपीएस एसपी के 36 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से 13 पद खाली हैं। एनपीए में भी आईपीएस एसपी के करीब पचास फीसदी पद रिक्त हैं। 14 स्वीकृत पदों के मुकाबले एनपीए में आठ पद खाली हैं। बीपीआरएंडी में भी आईपीएस एसपी के चार पद रिक्त हैं, जबकि कुल पद 13 हैं।

बीएसएफ में डीआईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 26 पदों में से नौ पद खाली पड़े हैं। सीआईएसएफ में डीआईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 20 पदों में से 12 पद खाली पड़े हैं। आईटीबीपी में डीआईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 11 पदों में से सात पद खाली पड़े हैं। एसएसबी में डीआईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 24 पदों में से तीन पद खाली पड़े हैं।

सीआरपीएफ में डीआईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 38 पदों में से छह पद रिक्त हैं। सीबीआई में आईजी स्तर पर भी आईपीएस के लिए स्वीकृत सभी पद नहीं भरे जा सके हैं। 18 पदों में से चार पद खाली पड़े हैं। आईबी में आईजी स्तर पर आईपीएस के लिए स्वीकृत 37 पदों में से सात पद खाली पड़े हैं।

लंबे समय से विशेषकर आईपीएस डीआईजी और एसपी, केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर आने का मन नहीं बना पा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक कमेटी ने दो वर्ष पूर्व यह सुझाव दिया था कि डीआईजी के लिए पैनल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाए। इसके पूरा होने में काफी समय लगता है। सरकार के इस कदम का मकसद, केंद्र में डीआईजी-रैंक के अधिकारियों की भारी कमी को दूर करना था। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उक्त प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी थी। इसके बाद यह उम्मीद जगी थी कि आईपीएस डीआईजी-रैंक के अधिकारियों के लिए पैनल सिस्टम को खत्म करने से अब प्रतिनियुक्ति पर अधिक अफसर केंद्र में आ सकेंगे। पहले मनोनयन प्रक्रिया पूरी होने में करीब एक साल लगता था। इतना ही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह भी कहा था कि जो भी आईपीएस एसपी या डीआईजी, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नहीं आएंगे, उन्हें बाकी सेवा के दौरान केंद्रीय नियुक्ति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। इससे पहले केंद्र ने अखिल भारतीय सेवा नियमों में संशोधन भी किया था। उसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार, आईएएस व आईपीएस अधिकारी को राज्य की अनुमति या बिना अनुमति के भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुला सकती है।

जानकारों का कहना है कि राज्य पुलिस से ज्यादातर आईपीएस बतौर डीआईजी या एसपी, केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर आने के लिए तैयार नहीं होते। इसकी एक बड़ी वजह यह रही है कि उन्हें यहां पर पोस्टिंग में च्वाइस नहीं मिलती। जब मन मुताबिक पोस्टिंग नहीं मिलती, तो वे क्यों आएंगे। युवा आईपीएस को जिले में पुलिस कप्तान बनने का क्रेज रहता है। ऐसे में वे प्रतिनियुक्ति से गुरेज करते हैं। आईबी और सीबीआई में भी इसी वजह से आईपीएस एसपी के ज्यादातर पद खाली पड़े रहते हैं। मौजूदा समय में स्टेट पुलिस में डीआईजी का ज्यादा रोल नहीं बचा है।

अब तो कई राज्यों में आईएएस के पदों पर भी आईपीएस लगाए जाने लगे हैं। पहले तो सबसे खराब स्थिति सीएपीएफ में रही है। यहां तो डीआईजी के अधिकांश पद रिक्त ही पड़े रहते थे। मजबूरन, आईपीएस डीआईजी के खाली पदों को कैडर अफसरों से भरा जाता था। सीएपीएफ में डीआईजी की सख्त पोस्टिंग होती है, इसलिए वे प्रतिनियुक्ति पर नहीं आते थे। सरकार की सख्ती के चलते अब इन बलों में डीआईजी के पद पर आईपीएस आने लगे हैं।

## अपराधग्रस्त शहरों में दिल्ली, एनसीआर और हैदराबाद भी शामिल




**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला का कराकस दुनिया का सबसे अधिक अपराध ग्रस्त शहर है। भारतीय शहरों की रैंकिंग में नई दिल्ली में आपराधिक वारदातें सबसे अधिक पाई गईं। यह दावा है नुम्बेओ की नई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग का। रैंकिंग के अनुसार, दुनिया का दूसरा सबसे अपराध ग्रस्त शहर दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया है। रैंकिंग में अफ्रीका के चार और देश हैं, जिस वजह से दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ऐसा देश बन गया, जिसके पांच शहर शीर्ष 20 में शामिल हैं। इसके अलावा, डरबन सूची में तीसरे स्थान पर है। जोहान्सबर्ग चौथे स्थान पर है। पोर्ट एलिजाबेथ आठवें तो केप टाउन 18वें स्थान पर रहा। विश्लेषकों के मुताबिक यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका के पुलिस मंत्री भीकी सेले द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले अपराध आंकड़ों के अनुरूप है।

सूची में भारत के भी 11 शहर शामिल हैं। सूची में दिल्ली 70वें, नोएडा 87वें और गुड़गांव 95वें स्थान पर है। वहीं, बंगलूरू 102वें, इंदौर 136वें, कोलकाता 159वें, मुंबई 169वें, हैदराबाद 174वें, चंडीगढ़ 177वें और पुणे 184वें स्थान पर हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 के आखिरी तिमाही में 7700 हत्याएं हुई हैं। रिपोर्ट में लिंग आधारित हिंसा का भी खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 7340 हत्याओं में से 1116 हत्याएं तर्क, उकसावे और गलतफहमी के कारण हुई हैं। वहीं, 431 हत्याएं मोब लिंचिंग (भीड़ की हिंसा) के कारण हुई हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। फिरौती के लिए अपहरण दक्षिण अफ्रीका में संगठित अपराध बन गया है। एसएपीएस (दक्षिण अफ्रीका पुलिस सेवा) अपहरण से जुड़े समूहों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी है।

एक प्रमुख अपराध विज्ञानी प्रोफेसर खोलोफेलो रकुबू का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा या हिंसक अपराध के उच्च स्तर की व्याख्या करने वाला कोई एक कारक नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में हिंसक अपराध विभिन्न कारकों का परिणाम है। दक्षिण अफ्रीका में आग्नेयास्त्र से संबंधित अपराध लंबे समय से वहां व्याप्त हैं। आग्नेयास्त्रों की आसान उपलब्धता के कारण देश में हिंसक अपराध बढ़ रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। दूसरों को प्रभावित करने के लिए ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। ज़ाहिर तौर पर रोमांस के लिए पर्याप्त मौक़े हैं– लेकिन ऐसा बहुत कम समय के लिए है। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। आज सोच–समझकर क़दम बढ़ाने की ज़रूरत है– जहाँ दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। लंबे अरसे के बाद जीवनसाथी के साथ काफ़ी वक़्त गुज़ारने का मौक़ा मिल सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

क़िस्मत के भरोसे न बैठें और अपनी सेहत सुधारने के लिए ख़ुद मेहनत करें, क्योंकि हाथ पर हाथ रखे रहने से कुछ नहीं होने वाला। अब वक़्त आ गया है कि आप अपना वज़न क़ाबू में करें और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम का सहारा लें। ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्च करने और चालाकी–भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। बहन की शादी की ख़बर आपके लिए ख़ुशी का सबब लेकर आएगी। हालाँकि उससे दूर होने का ख़याल आपको उदास भी कर सकता है। लेकिन आपको भविष्य के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान का पूरा आनंद लेना चाहिए। ग़लतफ़हमी या कोई ग़लत संदेश आपका गर्मजोशी भरा दिन ठण्डा कर सकता है। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

अपनी क्षमताओं को पहचानें, क्योंकि आपके अन्दर ताक़त की नहीं बल्कि इच्छा–शक्ति की कमी है। यह बात भली भांति समझ लें कि दुख की घड़ी में आपका संचित धन ही आपके काम आएगा इसलिए आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगी। घर से बाहर निकलकर आज आप खुली हवाओं में टहलना पसंद करेंगे। आज आपका मन शांत होगा जिसका फायदा आपको पूरे दिन मिलेगा। जीवनसाथी की मासूमियत आपके दिन को ख़ास बना सकती है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें। लोगों के साथ ठीक तरह से पेश आएँ, ख़ास तौर पर उनके साथ जो आपसे प्यार करते हैं और आपका ख़याल रखते हैं। आज अचानक किसी से रोमांटिक मुलाक़ात हो सकती है। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। वैवाहिक जीवन में सब कुछ अच्छा महसूस होगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

बहुत ज़्यादा रोमांच और दीवानगी की ऊँचाई आपके तंत्रिका–तंत्र को नुक़सान पहुँचा सकती है। इन दिक़्क़तों से बचने के लिए अपने जज़्बात क़ाबू में रखें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। ग़लत बातों को ग़लत वक़्त पर कहने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनका दिल दुखाने से बचें। आपके प्रिय की ख़राब तबियत के चलते रोमांस को दरकिनार होना पड़ सकता है। आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। अपने जीवनसाथी की वजह से आपको मानसिक अशान्ति का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे– आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। दिन बहुत लाभदायक नहीं है– इसलिए अपनी जेब पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा। आप आज प्रेमपूर्ण मनोभाव में होंगे, इसलिए अपने प्रिय के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बनाएँ। यह उन कुछ दिनों में से एक है, जब आपकी रचनात्मकता अपने चरम पर होगी। चिट्ठी–पत्री में सावधानी बरतने की ज़रूरत है। आपके आस–पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जीवनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज के दिन किए गए दान–पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका ख़याल रखते हैं। उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ और शिकायत करने का मौक़ा न दें। रोमांटिक मुलाक़ात आपकी ख़ुशी में तड़के का काम करेगी। अपना रवैया ईमानदार और स्पष्टवादी रखें। लोग आपकी दृढ़ता और क्षमताओं को सराहेंगे। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। जीवनसाथी के साथ थोड़ा हँसी–मज़ाक़, थोड़ी छेड़–छाड़ आपको किशोरावस्था के दिनों की याद दिला देंगे।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अनचाहे ख़यालों को दिमाग़ पर कब्ज़ा न करने दें। शांत और तनाव–रहित रहने की कोशिश करें, इससे आपकी मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। जल्दबाज़ी में निवेश न करें– अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है। अपनी जीवन में एक संगीत पैदा करें । आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। आज के इस ख़ूबसूरत दिन प्रेम–संबंध में आपकी सभी शिकायतें ग़ायब हो जाएंगी। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा नहीं रहेगा क्योंकि कई मामलों में आपसी असहमति रह सकती है; और इससे आपके रिश्ते कमजोर होंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। जीवनसाथी ज़िंदगी में बदलाव लाने में मदद करेगा। ख़ुद को एक ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा इंसान बनाएँ, जो ज़िंदगी की राह अपनी मेहनत और काम से बनता है। साथ ही इस राह में आने वाले गड्ढों और दिक़्क़तों से दिल छोटा न करें। अपने प्रिय की छोटी–मोटी भूल को अनदेखा करें। नए विचार फ़ायदेमंद साबित होंगे। समय का पहिया बहुत तेजी से चलता है इसलिए आज से ही अपने कीमती समय का सही इस्तेमाल करना सीख लें। आप अपने जीवनसाथी के प्यार की मदद से ज़िन्दगी की मुश्किलों का आसानी से सामना कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है। मुमकिन है कि आप अपने घर में या उसके आस–पास आज कुछ बड़े बदलाव करें। आज आपकी कोई बुरी आदत आपके प्रेमी को बुरी लग सकती है और वो आपसे नाराज हो सकते हैं। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट–कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और अपनी योजनाओं के लिए आप पूरे सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों का पीछा करने के लिए उम्दा दिन है। अपनी शारीरिक–ऊर्जा का स्तर ऊँचा बनाए रखें, ताकि आप जी–तोड़ मेहनत कर जल्द–से–जल्द उन्हें हासिल कर सकें। इस मामले में आप अपने दोस्तों की मदद भी ले सकते हैं। इससे आपका उत्साह बढ़ेगा और उद्देश्य को पाने में सहायता मिलेगी।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। नए क़रार फ़ायदेमंद दिख सकते हैं, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक़ लाभ नहीं पहुँचाएंगे। निवेश करते समय जल्दबाज़ी में निर्णय न लें। मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें। आपका यह छोटा–सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा। कृतज्ञता जीवन की सुगंध को फैलाती है और अहसान–फ़रामोशी इसे तार–तार कर देती है। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना–जुलना होगा। वैवाहिक जीवन के मोर्चे पर यह दिन वाक़ई बहुत बढ़िया है।

### रविवार का पंचांग

दिनांक : 07 अप्रैल 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : त्रयोदशी प्रात: 06:56 तक
नक्षत्र : पूर्वाभाद्रपद दोपहर 12:59 तक
योग : ब्रह्म रात्रि 10:16 तक
करण : वणिज प्रात: 06:56 तक
चन्द्रराशि : कुंभ प्रात: 07:40 तक
सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त 06:30 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:04 , सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 06:21 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चतुर्दशी तिथि का क्षय, खरमास चालू हैं




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


### नेताओं की नाराजगी पर हिसार में बोले पूर्व सीएम मनोहरलाल

# घर में शादी हो तो भी कुछ लोग रुठते हैं




**हिसार, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** पूर्व सीएम मनोहरलाल ने हिसार लोकसभा सीट पर नेताओं–कार्यकर्ताओं की नाराजगी के सवाल पर कहा कि घर में शादी हो तो भी कुछ लोग रुठते हैं। जब रूठते हैं तो मनाया भी जाता है। अगर इतने बड़े सिस्टम में कुछ लोग रुठे होंगे भी तो हमारे ध्यान में हैं। अधिकांश कार्यकर्ता फील्ड मे उतर चुके हैं। अभी बहुत समय है करीब 50 दिन बाकी हैं। कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी पर उन्होंने कहा कि वे अपने साथ हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं डैमेज कंट्रोल के नहीं आया हूं। मुझे प्रदेश की सभी 10 लोकसभा में भी समय देना है। इसी के तहत एक–एक दिन वहां जा रहा हूं। भाजपा– जजपा नेताओं के विरोध पर पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा कि लोकतंत्र में यह करना शोभनीय है। चुनाव आयोग में यह स्पष्ट है कि हर किसी को अपनी बात कहने का पूरा हक़ है। किसी को रोकना उचित नहीं है। किसी की बात न सुनना, उसका विरोध करना उचित नहीं है।

शनिवार को भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में नहीं आ रहे तो यह उनकी कमजोरी है। कांग्रेस ओछी बात उछाल रही है कि भाजपा के तीन चार उम्मीदवार बदले जाएंगे। भाजपा के किसी प्रत्याशी को बदलने का कोई कारण नहीं है। यह भ्रामक प्रचार है, कांग्रेस को इसका लाभ होने की बजाए नुकसान होगा। रणदीप सुरजेवाला के एक विवादित बयान पर पूर्व सीएम ने कहा कि जनता जरूर सबक सिखाएगी। हमने साढ़े 9 साल में जो काम किए उसका फायदा लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। किसान आंदोलन को लेकर पूछे सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि हमने किसानों के लिए सबसे अधिक काम किए हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका वाक्य होता है मैं ना मानूं। ऐसे लोगों का कोई इलाज नहीं है।

एक सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर जजपा का हमारा पार्टी का अभी गठबंधन नहीं रहा। सरकार में वह हमारे साथ थे, हमने साढ़े चार अच्छी सरकार चलाई। गेंहू की कटाई का सीजन होने के कारण 25 अप्रैल तक ग्रामीण एरिया में रैलियां नहीं करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई दी।

## कांग्रेस सरकार बनने पर मनरेगा मजदूरों को दी जाएगी 600 रुपए की दिहाड़ी : दीपेंद्र



**रोहतक, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा तमाम वर्गों को सम्मान व अधिकार देने वाले संविधान को बदलना चाहती है, डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के दिए इस संविधान से म्हारी आस्था व भावनाएं जुड़ी हैं। क्योंकि मेरे दादा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के भी संविधान पर हस्ताक्षर हैं। इसलिए कांग्रेस संविधान को एक इंच भी टस से मस नहीं होने देगी। हुड्डा शनिवार को पुरानी आईटीआई मैदान में मनरेगा श्रमिकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। हुड्डा ने मनरेगा कर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर 600 रुपये दिहाड़ी के साथ मजदूरों को डेढ़ सौ दिन के काम की गारंटी दी जाएगी। साथ ही मनरेगा का विस्तार ग्रामीण क्षेत्र के बाद शहरी इलाकों में भी होगा। 100–100 गज के मुफ्त प्लॉट आवंटन की स्कीम को फिर से शुरू किया जाएगा। इस बार कांग्रेस सरकार प्लॉट में दो कमरे का मकान बनाने के लिए साढे तीन लाख रुपये अलग से देगी। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सूरजभान ने कहा कि अगर सीवरेज साफ करते हुए किसी सफाईकर्मी की मौत होती है तो उसके परिवार को 30 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही राजस्थान की कांग्रेस सरकार की ओर से शुरू की गई चिरंजीवी योजना को पूरे देश में लागू करके 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की योजना लागू की जाएगी।

# सड़क पर दौड़ती कार बनी आग का गोला चालक ने छलांग लगाकर बचाई जान



**फतेहाबाद, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** सिरसा– चंडीगढ़ स्टेट हाईवे 2 पर भूना शहर से करीब ढाई किलोमीटर दूर खासा पठाना गांव के नजदीक टोयोटा प्राडो कार शनिवार की दोपहर बाद अचानक आग का गोला बन गई। कार अचानक धू–धू कर कार जल उठी तो स्टेट हाईवे पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आगजनी की घटना को लेकर तुरंत मार्केट कमेटी भूना की फायर बिग्रेड की गाड़ी को तुरंत मौके पर पहुंचने के लिए मोबाइल फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन रमेश कुमार वर्मा, फायर ऑपरेटर पवन कुमार व राममेहर सिंह और डाइवर नरेंद्र कुमार आदि कुछ ही मिनट के बाद मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में कार पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर बाद जिला हिसार के गांव धिराय निवासी राकेश शर्मा अपने बहनोई हिसार के सेक्टर 9/11 निवासी राजू शर्मा की टोयोटा प्राडो कार नंबर पीबी 23 जे 4343 को चला कर भूना से उकलाना जा रहा था।

लेकिन जैसे ही वह शहर से ढाई किलोमीटर दूर पहुंचा तो खासा पठाना गांव के नजदीक चलती कार में वायरिंग शॉर्ट होने के कारण अचानक आग लग गई। कार चालक राकेश शर्मा ने रफ्तार को काबू करके तुरंत छलांग लगा दी। इसलिए आगजनी की घटना में वह बाल– बाल बच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।लेकिन कार पूरी तरह से खाक हो गई है। कार के मालिक राजू शर्मा ने बताया कि टोयोटा प्राडो कार पंजाब से 40 लाख में कुछ दिनों पहले ही खरीदकर लाए थे। आग के कारण कार पूरी तरह से नष्ट हो गई है। मगर जनहानि होने से बच गई। इस संबंध में एसएचओ संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने रपट दर्ज करके स्टेट हाईवे से जल चुकी कार को क्रेन की मदद से उठा लिया गया है।

## अलग–अलग मामलों में दो लोगों ने की आत्महत्या

**झज्जर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिले में अलग–अलग मामलों में दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। जानकारी के अनुसार अमादलपुर निवासी 51 वर्षीय अजीत कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शनिवार सुबह 5 बजे उसने अपने भाई के घर जाकर वहां पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के बेटे यशवीर ने बताया कि उसका पिता दिहाड़ी–मजदूरी का काम करता था और कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शनिवार सुबह उसने चाचा के घर जाकर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं धौड़ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसका शव प्लाट में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी अनुसार धौड़ गांव निवासी 41 वर्षीय धर्मेंद्र अविवाहित था और खेती बाड़ी का काम करता था। उसकी चार बहनें और एक भाई है। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था। उसने अपने प्लाट में लगे पेड़ से फंदा



लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जांच अधिकारी एएसआई संजय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि धौड़ गांव में धर्मेंद्र नामक एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर इत्फाकिया कार्रवाई कर शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के सौंप दिया।

# रैली की अनुमति के बजाय मिले अपशब्द, साइबर पुलिस ने दर्ज किया केस




**कैथल, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** एक राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा चुनावी रैली की अनुमति के लिए आयोग के पोर्टल पर आवेदन करने के बाद जवाब में मिले अपशब्द मामले में एसडीएम की शिकायत पर साइबर पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में एआरओ कम एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने पांच कर्मचारियों को निलंबित भी कर दिया था। इसमें चार कंप्यूटर ऑपरेटर व एक जूनियर प्रोग्रामर को निलंबित किया था। इस मामले में डीसी प्रशांत पंवार ने भी संज्ञान लिया और एक्स पर पोस्ट कर मामले में केस दर्ज करवाने को लेकर पूरी जानकारी दी गई। वहीं, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी व आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने इस मामले में मिलीभगत का आरोप लगाया है।

साइबर थाना में दी गई शिकायत में एआरओ कम एसडीओ ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि तीन अप्रैल को शुभम राणा ने ऑनलाइन प्रार्थना पत्र के माध्यम से जनसभा की अनुमति के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए थे। इस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने एआरओ यूजरस का दुरुपयोग करते हुए दोनों आवेदन पत्रों को रद्द कर दिया गया है। यही नहीं, इस पर कुछ आपत्ति जनक टिप्पणी व फोटो अपलोड कर दी है। इसलिए अनुरोध है कि उपरोक्त दोनों आवेदन पत्रों पर जिस भी अज्ञात व्यक्ति ने इस पोर्टल का दुरूपयोग किया है। उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साइबर थाना के जांच अधिकारी इंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी आईपी एड्रेस की जानकारी ली जा रही है। अन्य पहलूओं पर भी जांच की जा रही है। इस मामले में जल्द ही शॉर्ट आउट कर लिया लाएगा।

जिला सूचना अधिकारी दीपक खुराना ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि दोनों ही रद्द प्रार्थना पत्रों की रिपोर्ट पर कोई डेट और टाइम नहीं है। उन्होंने संभावना जताई है कि तीन अप्रैल को होने निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित ट्रेनिंग मेंएआरओ व कार्यालय में नियुक्त आईटी टीम के कर्मचारियों ने भाग लिया था। जिस आवेदन पर टिप्पणी की गई है। उसी को डेमो के रूप में प्रयोग करते हुए पोर्टल के बारे में समझाया गया था। शायद इस समय किसी ने यूजर आईडी और पासवर्ड चुरा लिया हो। पुलिस भी अब इसी एंगल को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। साइबर सेल के प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पहले आरो कार्यालय का सभी रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेगी। सभी ऑपरेटर के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद किसने यूजर आईडी का दुरुपयोग किया है। इस बात का पता पुलिस लगाएगी। मामले में एक राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता ने चुनावी रैली की अनुमति के लिए आयोग के पोर्टल पर आवेदन किया था। इस पर उसे जवाब में अनुमति की बजाय अपशब्द मिले। इसमें इस पोर्टल को न केवल रद्द कर दिया, बल्कि उस पर हरियाणवी भाषा में गलत टिप्पणी की। यह आवेदन अनुमति लेने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एनकोर पोर्टल पर किया था।

## कार सवार पिता–पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग, पिता गंभीर रूप से घायल

**बीकानेर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिले के कोलायत थाना क्षेत्र में एक चलती कार पर कुछ बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लगी है, जिसे गंभीर स्थिति में पुलिस ने पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया है। घायल हनुमानगढ़ जिले के धोलीपाल निवासी रामरतन पुत्र लेखराम बताया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार मामला प्रेम–प्रसंग से जुड़ा है। घायल के पुत्र की एक लड़की से लव मैरिज करने की बात सामने आ रही है। कार में सवार दोनों पिता–पुत्र लड़की के बयान दर्ज करवाने के लिए बज्जू पुलिस थाने जा रहे थे। इस बीच रास्ते में इन पर फायरिंग हो गई। फायरिंग में पिता को गोली लगी है। खून से लथपथ अवस्था में घायल को पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि फायरिंग करने वाले लोग कौन थे? पुलिस अब इस मामले में गहनता से पड़ताल कर रही है।

# उधार के पैसों के विवाद में व्यवसायी की हत्या तीन आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।** बीती एक अप्रैल को ब्यावर में एक नामचीन व्यवसायी की नृशंस हत्या के आरोप में साकेत नगर थाना पुलिस ने हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। शहर के नामी व्यवसायी मनजीत सिंह दुआ की नृशंस हत्या के मामले में साकेत नगर थाना पुलिस को पांच दिन बाद कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस हत्याकांड के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रुपयों के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण साजिश रचकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

एएसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि गत 1 अप्रैल को साकेत नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सेदड़ा रोड पर सूर्यमहल होटल के सामने एक खंडहर में एक व्यक्ति की हत्या हुई है, जिस पर साकेत नगर थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में मृतक के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मामले में जिला पुलिस स्पेशल टीम व साकेत नगर थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से महत्वपूर्ण जानकारियों का संकलन किया, जिसके आधार पर कुछ संदिग्धों को चिन्हित करके उनकी निगरानी शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि आरोपी जिले के बाहर छुपे हुए हैं। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिले के बाहर कई स्थानों पर दबिश दी एवं हत्या के तीनों आरोपियों मोहन सिंह, श्याम सिंह व महेंद्र सिंह को डिटेन कर लिया। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि मोहन सिंह का मृतक मनजीत सिंह से रुपयों का लेनदेन था। मृतक द्वारा मोहन सिंह से उधार के रुपये मांगने पर दोनों में कहासुनी हो गई। इस बात को लेकर मोहन सिंह मृतक से रंजिश रखने लगा और बदला लेने की नीयत से उसने श्याम सिंह तथा महेंद्र सिंह को साथ लेकर षड्यंत्र रचकर गत एक अप्रैल को सेंदड़ा रोड पर एक होटल के सामने स्थित खंडहर में मंजीत सिंह के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि पुलिस वारदात में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन के बारे में भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा सेंसेक्स 74,248 और निफ्टी 22,500 पर बंद

**मुंबई,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और मुनाफावसूली की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। वहीं आरबीआई की मौद्रिक समिति की बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले से सेंसेक्स में तेजी दिखाई दी और निफ्टी कमजोर होकर बंद हुआ। बीते पांच कारोबारी दिनों में से शेयर बाजार में तीन दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। भारतीय इक्विटी सूचकांक एशियाई बाजारों में तेजी और अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों में मामूली राहत के बाद हरे निशान पर खुले। बीएसई सेंसेक्स 533 अंक बढ़कर 74,189 पर खुला और 363.20 अंकों की बढ़त के साथ 74,014.55 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 178 अंक की बढ़त के साथ 22,506 के स्तर पर खुला और 135.10 अंक मजबूत होकर 22,462.00 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरुआत हुई। सेंसेक्स में 57.62 अंकों की मजबूती के साथ 74,043.96 के स्तर पर खुला और 110.64 अंकों की गिरावट के साथ 73,903.91 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 31.71 चढ़कर 22,493.70 पर खुला और 8.71 अंक गिरकर 22,453.30 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में भी लाल निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 146 अंकों की गिरावट के साथ 73758 के स्तर पर खुला और 27.09 अंक टूटकर 73,876.82 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 में 67 अंकों की गिरावट के साथ 22385 के स्तर पर खुला और 18.65 अंक गिरकर 22,434.65 पर बंद हुआ। प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी फिर रिकॉर्ड स्तर पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान सेंसेक्स 500 अंक उछलकर 74,400 पर खुला और 350.81 अंकों की मजबूती के साथ 74,227.63 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी भी पहली बार 22,600 के स्तर पर खुला और 80.00 अंक मजबूत होकर नई ऊंचाई 22500 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में एक बार फिर सुस्ती दिख रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पांच जनवरी की घटना से अभी भी बोइंग के सीईओ सदमे में, 28 लाख डॉलर का बोनस ठुकराया




**वॉशिंगटन ।** अलास्का एयरलाइंस में पांच जनवरी को हुई भयावह घटना हर किसी को याद होगी। जब विमान का विंडो पैनल फ्लाइट टेकऑफ होने के बाद अचानक उड़ गया था। घटना के तुरंत बाद बोइंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेव कैलहौन ने अपनी गलती स्वीकार की थी और कहा था कि घटना की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच होगी। तीन महीने बीत जाने के बाद भी शायद बोइंग के सीईओ इस हादसे से नहीं उभर पाए हैं क्योंकि उन्होंने 28 लाख डॉलर बोनस लेने से मना कर दिया है। कंपनी का बयान कंपनी के सुरक्षा दस्तावेजों में बताया गया कि कंपनी को साल 2023 में मुआवजे के रूप में 3.3 करोड़ डॉलर मिले। जबकि डेव कैलहौन ने अलास्का एयरलाइंस की घटना के बाद करीब 28 लाख डॉलर बोनस लेने से मना कर दिया। इसके अलावा, कैलहौन को मूल वेतन 14 लाख डॉलर मिला, जबकि तीन करोड़ डॉलर से अधिक स्टॉक पुरस्कारों से प्राप्त हुआ। बताया जा रहा है कि इस साल के अंत तक ही वह काम करेंगे। बोइंग के वार्षिक प्रॉक्सी स्टेटमेंट में यह पूरी जानकारी दी गई है। यह है पांच जनवरी की घटना अलास्का एयरलाइंस द्वारा संचालित बोइंग 737 मैक्स 9 में उस समय बड़ी खराबी आ गई थी जब पोर्टलैंड, ओरेगन से होनोलूलू, हवाई की उड़ान के दौरान एक आपातकालीन दरवाजा खुल गया था। यह दरवाजा 16,000 फीट की ऊंचाई पर खुलकर गिर गया, जिससे विमान के किनारे में एक बड़ा छेद बन गया और यात्रियों को हवा के दबाव में अचानक गिरावट का सामना करना पड़ा। अलास्का एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1282 में 171 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। विमान की सिएटल-टैकोमा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई, गनीमत यह रही कि हादसे में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने सभी बोइंग 737 मैक्स नौ विमानों को उड़ान फिर से शुरू करने से पहले केबिन डोर एग्जिट प्लग, डोर कंपोनेंट्स और फास्टनरों के निरीक्षण का आदेश दिया था। यूनाइटेड एयरलाइंस और अलास्का एयरलाइंस केवल दो अमेरिकी वाहक हैं जो विमान के इस मॉडल का संचालन करते हैं। दोनों एयरलाइनों ने अपने कुछ मैक्स नौ विमानों में ढीले हार्डवेयर मिलने की सूचना दी है।

### जुर्माना वसूलने में मध्य रेलवे सबसे आगे, साल में 300 करोड़ राजस्व 46.26 लाख बार टूटे नियम




**मुंबई ।** मध्य रेलवे ने 2023-24 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के 46.26 लाख मामलों में कार्रवाई की है। 46.26 लाख मामलों में जुर्माने से मध्य रेलवे ने 300 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो रेलवे के सभी क्षेत्रों से अधिक है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, मध्य रेलवे ने कहा कि इस साल राजस्व के लक्ष्य 265.97 करोड़ में 12.80 प्रतिशत का इजाफा हुआ है तो वहीं, मामलों के लक्ष्य में 8.38 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस डिविजन ने कमाया इतना राजस्व मध्य रेलवे ने दावा किया है कि जुर्मानों और राजस्व के मामलों में उन्होंने सभी जोनों में प्रथम स्थान हासिल किया है। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 20.56 लाख मामलों से 115.29 करोड़ रुपये कमाए हैं। भुसावल डिवीजन ने 8.34 लाख मामलों से 66.33 करोड़ रुपये कमाए है। वहीं, नागपुर डिविजन ने 5.70 लाख मामलों से 34.52 करोड़ रुपये, सोलापुर डिविजन ने 5.44 लाख मामलों से 34.57 करोड़ रुपये, पुणे डिविजन ने 3.74 लाख मामलों से 28.15 करोड़ रुपये और इसके मुख्यालय ने 2.47 मामलों से 20.96 करोड़ रुपये कमाए हैं। सुनील नैनानी ने वसूला सबसे अधिक जुर्माना मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे पास 22 टिकट चेकिंग स्टाफ है, जिसमें दो महिलाएं परीक्षक भी शामिल हैं। टिकट चेकिंग आय के रूप में व्यक्तिगत रूप से उन्होंने 1 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया। व्यक्तिगत योगदान के मामले में टिकट निरीक्षक सुनील नैनानी प्रथम स्थान पर हैं, जिन्होंने 20,117 मामलों में 1.92 करोड़ का राजस्व दिया है। दूसरे स्थान पर टिकट निरीक्षक एमएम शिंदे हैं, जिन्होंने 18,223 मामलों से 1.59 करोड़ रुपये कमाए हैं तो वहीं, तीसरे स्थान पर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार है, जिन्होंने 17,641 मामलों से 1.52 करोड़ रुपये कमाए हैं। चैन पुलिंग से भी रेलवे को फायदा थोड़े दिन पहले जारी हुई रिपोर्ट में सामने आया था कि उत्तर प्रदेश के आगरा मंडल में ट्रेन में चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे ने 2266 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8,35,165 रुपये जुर्माना वसूला है।

# 2020 के बाद पहली बार संपत्ति के मामले में मस्क से आगे निकले जुकरबर्ग

नई दिल्ली,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।

**मार्क जुकरबर्ग एलन मस्क को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। 2020 के बाद पहली बार जुकरबर्ग में संपत्ति के मामले में मस्क को पीछे कर दिया है। मस्क, जो हाल ही में मार्च महीने की शुरुआत में ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स पर पहले स्थान पर थे, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के बाद चौथे स्थान पर गिर गए जिसमें कहा गया कि टेस्ला ने कम महंगी कार की योजना रद्द कर दी है, इससे इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि मस्क ने इन खबरों का खंडन किया। इसके बाद सप्ताह की शुरुआत में एक ओश्र खबर आई कि टेस्ला की वाहन डिलीवरी मार्च तक तीन महीनों में गिर गई। कोविड महामारी के शुरुआती दिनों के बाद से वाहनों की डिलिवरी में पहली बार सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई।**



मस्क की संपत्ति इस साल 48.4 बिलियन डॉलर कम हो गई है, जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर जुड़ गए हैं। मेटा के शेयर अपनी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब जुकरबर्ग 16 नवंबर, 2020 के बाद से ब्लूमबर्ग की सबसे अमीर लोगों की रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। उस समय उनकी संपत्ति 105.6 बिलियन डॉलर थी वहीं मस्क की संपत्ति 102.1 बिलियन डॉलर थी। समय में मस्क की कुल संपत्ति 180.6 बिलियन डॉलर है जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति 186.9 अरब डॉलर है।

मस्क और जुकरबर्ग के बीच संपति का अंतर का नवंबर 2021 में 215 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। यह दर्शाता है कि टेस्ला के स्टॉक जो कभी निवेशकों की बड़ी पसंद थे अब मेटा के शेयरों की तुलना में थोड़े नरम पड़े हैं। इस बदलाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी चीजों में निवेश भी एक कारण हो सकता है।

टेस्ला के शेयर इस साल 34 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे यह 500 इंडेक्स पर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला शेयर है। यह ईवी की मांग में वैश्विक मंदी, चीन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और जर्मनी में उत्पादन समस्याओं से प्रभावित हो गया है। इस बीच, मेटा ने मजबूत तिमाही आय और कंपनी की एआई पहल के बाद49 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। यह 500 पर पांचवां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला शेयर है।

दोनों अरबपति संपत्ति के अलावे अन्य मामलों में भी प्रतिद्वंदी रहे हैं। मस्क और जुकरबर्ग एक सार्वजनिक विवाद में शामिल हैं। यह प्रतिद्वंदिता तब और तेज हो गया जब मेटा ने थ्रेड्स लॉन्च किया। यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मस्क के एक्स के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई वीटॉन के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ब्लूमबर्ग की संपत्ति रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं।

# आरबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर लगाया जुर्माना




**मुंबई,06 अप्रैल ।** रिजर्व बैंक ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर 1 करोड़ रुपये और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर 49.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि इन दोनों वित्तीय संस्थानों ने नियमों की अनदेखी की है।

### क्यों लगा जुर्माना

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि उसने प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर जुर्माना 2016 और 2017 में एक सरकारी कंपनी को इंफ्रास्ट्रक्चर लोन देने के मामले में लगाया है। पर केंद्रीय बैंक के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति की जांच की। इसमें पता चला कि बैंक ने दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया है। ऐसे में बैंक को आरबीआई ने नोटिस जारी किया और जवाब से संतुष्ट ना होने के बाद जुर्माना लगाया। वहीं, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना आरबीआई के नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज- हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिजर्व बैंक) गाइडलाइंस, 2021 के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से लगा है।

### क्या ग्राहकों पर होगा असर

दोनों ही वित्तीय संस्थानों पर एक्शन नियमों का सही तरीके से पालन नहीं करने की वजह से लिया गया है। ऐसे में इसका ग्राहकों के साथ किसी भी लेनदेन या समझौते पर कोई असर नहीं होगा। अगर जुर्माना लगाने के अलावा भी आरबीआई दोनों संस्थाओं के खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो उसका ग्राहकों के हितों पर कोई असर नहीं होगा।

### चार एनबीएफसी पर भी गिरी गाज

आरबीआई ने चार एनबीएफसी- कुंडल्स मोटर फाइनेंस, नित्या फाइनेंस, भाटिया हायर परचेज और जीवनज्योति डिपॉजिट्स एंड एडवांसेज का सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया है। ये चारों कंपनियां अब बतौर नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन कोई कारोबार नहीं कर सकतीं। वहीं, पांच अन्य एनबीएफसी ने अपना सरेंडर कर दिया है। ये हैं- ग्रोइंग अपॉर्चुनिटी फाइनेंस (इंडिया), इनवेल कॉमर्शियल, मोहन फाइनेंस, सरस्वती प्रॉपर्टीज और क्विकर मार्केटिंग।

# ओला ने पेश किया इलेक्ट्रिक स्कूटर ओला सोलो, इलेक्ट्रिक स्कूटर खुद को करेगा बैलेंस

**नई दिल्ली,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।** अपने लेटेस्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर 'ओला सोलो' को कंपनी ओला ने पेश किया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पूरी तरह से ऑटोनॉमस कैपेबिलिटीज और एंडवांस एआई टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन कम्यूटिंग को बदलने का वादा करता है। सोलो को 'भारत का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक स्कूटर' कहा जा रहा है। अभी इसकी लॉन्चिंग या कीमत को लेकर जानकारी नहीं मिली है। ये एक प्रोटोटाइप है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से इक्विप्ड, सोलो पूरी तरह से ऑटोनॉमस और ट्रैफिक-सैवी स्कूटर है। इनोवेटिव जेयु-गार्ड एडाप्टिव एल्गोरिदम से पावर्ड, ये स्कूटर हर राइड से सीखता है और एक स्मार्ट और ज्यादा एफिशिएंट ट्रैवल एक्सपीरिएंस सुनिश्चित करता है। इसके अलावा इसमें दिया गया इन-हाउस चिप एलएमए 09000 शहर की सड़कों पर सहजता से नेविगेट करने के लिए रियल टाइम ट्रैफ़िक डेटा का उपयोग करता है। ओला इलेक्ट्रिक के को-फाउंडर भाविश अग्रवाल ने सोलो के लॉन्च की



घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की और इसे इलेक्ट्रिक स्कूटर के सेक्टर में एक माइलस्टोन बताया। उन्होंने राइड-हेलिंग और लोकल कॉमर्स में एक आदर्श बदलाव का संकेत देते हुए इसकी ऑटोनॉमी, एआई कैपेबिलिटीज और डेली कम्यूट में सीमलेस इंटीग्रेशन पर जोर दिया। भाविश अग्रवाल ने एक्स पर शेयर किए गए अपने पोस्ट में ये लिखा है कि ये कोई अप्रैल फूल जोक नहीं है। क्योंकि, वीडियो को 1 अप्रैल को जारी किया गया था। उन्होंने लिखा है कि जारी किए गए वीडियो का उद्देश्य लोगों को हंसाना था। लेकिन इसके पीछे की तकनीक कुछ ऐसी है जिस पर हम काम कर रहे हैं और प्रोटोटाइप बनाया है। यह दर्शाता है कि हमारी इंजीनियरिंग टीमें किस प्रकार का इनोवेटिव काम करने में सक्षम हैं।

# टेस्ला जल्द भारत में लगाएगी 2 से 3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र

**नई दिल्ली,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।** भारत में तीन राज्य ऐसे है जो टेस्ला को पसंद आए है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में से किसी एक राज्य में 2 से 3 अरब डॉलर की लागत से टेस्ला ईवी संयंत्र लगा सकती है। इसकी आहट उसी वक्त आने लगी थी जब 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश्वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है। टेक अरबपति अंततः देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए

TESLA
TESLA MOTORS

विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है। मस्क को टेस्ला गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और बाकी दुनिया में ईवी निर्यात करने के लिए भारत को अपने अगले बड़े गंतव्य के रूप में देखने के लिए मनाने में पीएम मोदी के लगातार प्रयासों का श्रेय जाता है। पिछले साल जून में पीएम मोदी ने अमेरिका में मस्क से मुलाकात की थी और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की थी। प्रधानमंत्री ने मस्क को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश के लिए भारत में अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मस्क ने भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की खोज शुरू कर दी, जिससे सस्ती इलेक्ट्रिक कारें तैयार की जा सकें, जिनकी कीमत 20 लाख रुपये से भी शुरू हो सकती है। मस्क के शब्दों में, वह (पीएम मोदी) वास्तव में भारत की परवाह करते हैं, क्योंकि वह हमें भारत में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जो कुछ ऐसा है जिसे हम करने का इरादा रखते हैं और हम सिर्फ सही समय का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अरबपति ने पीएम से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, पीएम मोदी वास्तव में भारत के लिए सही काम करना चाहते हैं। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निवेश से होने वाला लाभ भारत को लाभ मिले। उन्होंने कहा, दुनिया के किसी भी बड़े देश की तुलना में भारत के पास अधिक संभावनाएं हैं।पिछले नवंबर में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैलिफोर्निया में टेस्ला की अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का भी दौरा किया था।

# मई तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद, पायलट्स की कमी के चलते रद्द हुई उड़ानों पर बोले सीईओ

**नई दिल्ली,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।** कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा एयरलाइंस पर खासा दिखाई दे रहा है। बीते कंपनी के पदाधिकारियों और पायलट्स के बीच वर्चुअल बैठक हुई थी। गौरतलब है कि पिछले चार दिनों में विस्तारा एयरलाइंस द्वारा 100 से अधिक उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। डीजीसीए ने उड़ाने के रद्द और देरी पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा था। इस बीच, विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने उम्मीद जताई है कि मई महीनें तक परिचालन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पायलट्स के बढ़े रोस्टर के कारण उड़ान में बाधा आई।

**मई तक स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी- कन्नन** - एक साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि हम इस तरह के व्यवधानों के लिए यात्रियों से माफी मांगते हैं। आखिरी मिनट में उड़ान उद्द होने पर चिंता का कोई कारण नहीं है। विस्तारा स्थिति को सामान्य करने पर जोर दे रहा है और ये काफी तेजी से हो रहा है।




विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन का कहना है कि पायलट्स द्वारा उठाई गई चिंताओं की समीक्षा और चर्चा की जा रही है।

**इस सप्ताह के बाद उड़ानें रद्द नहीं होगी- विनोद कन्नन** - मीडिया एजेंसी को दिए साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि आखिरी समय पर उड़ानें रद्द करने की आवश्यकता इस सप्ताह के बाद नहीं होगी, क्योंकि समस्या को धीरे-धीरे सुलझाया जा रहा है। पायलट्स के लिए बफर स्थिति स्थिर हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक उड़ानों को लेकर सवाल है कि तो हम सामान्य स्थिति में आ गए हैं।

**यात्रियों को हो रही दिक्कत के लिए हमें खेद- विनोद कन्नन** -
विनोद कन्नन ने कहा कि सिस्टम में जो भी उड़ानें हैं, वे संचालित होनी चाहिए। उन्होंने यात्रियों को आश्वस्त करना चाहा कि अंतिम समय में उड़ानें रद्द नहीं की जाएंगी। कन्नन ने कहा कि परिचालन में कमी के तहत एयरलाइन ने 20-25 दैनिक उड़ानों में कटौती की है। हम अब मई के शेड्यूल पर काम कर रहे हैं और हम इसे सामान्य प्रकार के परिचालन में लाने के लिए प्रयास करेंगे। सभी 6,500 कर्मचारियों की ओर से, जो कुछ हुआ उसके लिए हमें बहुत खेद है।

**पायलट्स की इन बातों को लेकर है शिकायत** - बीते विस्तारा एयरलाइंस के पायलट्स ने थकान की शिकायत की थी और इसका सीधा असर सुरक्षा पर पड़ता है। पायलट्स का कहना है कि वह अधिकतम फ्लाइट ड्यूटी की सीमा तक पहुंच गए हैं और थकान की वजह से वे जल्दी जल्दी बीमार हो रहे हैं। विस्तारा एयरलाइंस के कई पायलट बीमार बताए जा रहे हैं। वहीं कई एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय के बाद लाए जाने वाले सैलरी स्ट्रक्चर से खुश नहीं हैं और इसका विरोध कर रहे हैं। पायलट्स का कहना है कि हर कोई उड़ान से थक गया है। सभी नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों से उम्मीद कर रहे थे कि वे कुछ राहत देंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा है। पायलट्स ने इस बात की भी शिकायत की है कि एयरलाइंस पायलट्स से ज्यादा सॉफ्टवेयर पर विश्वास कर रही है। पायलट्स थकान की शिकायत कर रहे हैं और कंपनी बोइंग अलर्टनेस मॉडल पर विश्वास कर रही है।

**डीजीसीए की घटनाक्रम पर है नजर** - डीजीसीए की भी इस पूरे मामले पर नजर है। यही वजह है कि डीजीसीए ने विस्तारा एयरलाइंस से बड़ी संख्या में फ्लाइट्स कैंसिल होने पर जवाब मांगा था। साथ ही डीजीसीए ने पायलट्स के विरोध को देखते हुए नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को लागू करने पर फिलहाल रोक लगा दी है और इन पर और चर्चा करने को कहा है। नए नियम 1 जून से लागू होने थे।

## दिमाग की बत्ती

# मिर्च तीखी होती है, क्यों?



**हरे** रंग की मिर्चों में कैप्सिसीन नाम का एक तीक्ष्ण रसायन होता है, जिसकी मात्रा मिर्चों की विभिन्न किस्मों में कम या ज्यादा होती है। यही कैप्सिसीन त्वचा, नाक और आंख के संपर्क में आने पर हल्की सूजन के साथ तेज जलन पैदा करता है। इसलिए इसका उपयोग आजकल कई दर्द निवारक दवाओं में किया जाता है। खून को तरल रखने में भी कैप्सिसीन मदद करता है।

## क्या आप जानते हैं?



- पैंग्विन एकमात्र ऐसा पक्षी है, जो तैर सकता है, पर उड़ नहीं सकता।
- चींटियां जब सुबह सोकर उठती हैं, तो वे अंगड़ाई लेती हैं।
- दो घंटे की उड़ान के बाद 20 फीसदी विमान यात्रियों को जुकाम की शिकायत हो जाती है।
- जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आपकी आंखों का रंग हल्का होता जाता है।
- सोते वक्त दिमाग टीवी देखने की तुलना में ज्यादा सक्रिय होता है।
- कैचप को 1830 के दौरान दवा के रूप में बेचा जाता था।
- अमेरिका का पहला स्टॉक एक्सचेंज सन् 1791 में फिल्डेल्फिया में स्थापित हुआ था।

# आओ खेलें शतरंज

शतरंज यानी चैस। राजा-महाराजाओं का खेल। एक ऐसा शाही खेल, जिसमें बिसात पर पूरा जंग का मैदान तैयार किया जाता है और शुरु होती हैं कूटनीतिक चालें। क्या है यह खेल और कहां व कबसे शुरू हुआ, आइए जानें...



**खेलों** की दुनिया में जब शतरंज या चैस का नाम आता है, तो हो सकता है कुछ बच्चों को यह खेल अच्छा न लगता हो। शायद वह समझते हों कि बस कूदने-फांदने वाले खेल ही खेल होते हैं। मगर ऐसा नहीं है। सदियों से लोगों का मनोरंजन करने वाला यह खेल अगर समझ में आ जाए, तो बहुत मनोरंजक, मजेदार और अच्छा लगने लगता है। आइए आज इस खेल के बारे में थोड़ा विस्तार से जानतें हैं-

इस खेल को शाही खेल के नाम से जाना जाता है। दरअसल पुराने जमाने में राजा लोग इस खेल को ख़ूब पसंद करते थे। आपने टीवी पर आने वाले ऐतिहासिक व मिथिहासिक धारावाहिकों में राजामहाराजाओं को यह खेल खेलते जरूर देखा होगा। यह खेल मनोरंजक होने के साथसाथ सोचने, रणनीति बनाने में भी कुशलता बनाता है और बुद्धि को विकसित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। यानी यह केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं, यह जीवन की कई सच्चाइयों की भी सीख देता है। बाहर से देखने पर भले ही यह लगे कि दो लोग इस खेल को बड़े आराम से खेल रहे हैं, मगर उनका दिमाग़ तेज़ी से चल रहा होता है। आप जानते ही होंगे कि विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद दुनिया के शतरंज के खिलाड़ियों में शुमार है।

**क्या है खेल**

शतरंज (चैस) दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाने वाला एक बौद्धिक एवं मनोरंजक खेल है। इसकी चोपाट पर कुल 64 खाने होते है, जिसमें 32 चौरस काले या अन्य रंग ओर 32 चौरस सफेद या अन्य रंग के होते है। खेलने वाले दोनों खिलाड़ी भी सामान्यत: काला और सफेद कहलाते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी के पास एक राजा, वजीर, दो ऊंट, दो घोडे, दो हाथी और आठ सैनिक होते हैं। बीच में राजा व वजीर रहता है। बाजु में ऊंट, उसके बाजु में घोड़े ओर अंतिम कतार में दोदो हाथी रहते है। उनकी अगली रेखा में आठ पैदल या सैनिक रहते हैं।

**कब शुरू हुआ**

यह खेल कब शुरू हुआ, इस संबंध में पक्की तरह कुछ नहीं कहा जा सकता। हां, कुछ प्रमाणों के आधार पर इस खेल को पांच हजार साल पुराना खेल माना जाता है। अब तक के मिलते इतिहास में जगह-जगह इस खेल का जिक्र आता है। यह भी कहा जाता है कि दुनिया से इससे पुराना कोई खेल नहीं है।

**कहां से शुरू**

सवाल यह उठता है कि इसका विकास किसने किया होगा? शतरंज फारसी के शब्द 'शाह' से बना है, जिसका अर्थ राजा है। हम यह भी जानते हैं कि चैकमेट फारसी के शह-मात से बना है, जिसके मायने हैं- राजा मर गया। लेकिन क्या पारसियों ने इसका विकास किया? जैसा कि कुछ लोग कहते हैं। नहीं, यकीन से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। दरअसल, अलग-अलग समय पर इसके लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदार माना गया- यूनानी, रोमन, बेबीलोनियन, मिस्त्री, पारसी, हिंदू, अरबी वगैरह-वगैरह। एक थ्योरी यह है कि इसे भारत में बौद्धों ने विकसित किया। बौद्ध मत के अनुसार युद्ध और किसी भी अन्य कारण से साथी लोगों की हत्या अपराध है।

इसलिए उन्होंने शतरंज का विकास जंग के विकल्प में किया। इस पूरे खेल में राजा अपनी रानी, वजीर और फौज के साथ होता है। पूरी बिसात एक जंग का मैदान-सी होती है, जिसमें राजा को अपने आप को बचाने के साथ-साथ प्रतिद्वंदी राजा को हराना होता है। ज्यादातर विशेषज्ञ यही मानते हैं कि शतरंज का विकास भारत में हुआ और फारस, अरब से होता हुआ पश्चिमी यूरोप पहुंचा। वैसे शतरंज के लम्बे इतिहास में परिवर्तन तो खूब आए हैं।

एक समय था जब इस खेल में राजा को भी मारा जा सकता था, लेकिन आज के शतरंज में यह असंभव है। कास्लिंग का किला बनाने का विचार लगभग 400 वर्ष पुराना है। क्वीन का इतिहास भी बहुत ही दिलचस्प है। एक समय में इसे वजीर कहा जाता था। आज शतरंज में अगर रानी मर जाए, तो लगता है कि सबसे शक्तिशाली मोहरा पिट गया, लेकिन प्राचीन समय में रानी सिर्फ एक आड़ा खाना चलती थी और इसलिए बिसात पर सबसे कमजोर मोहरा थी। लगभग 500 वर्ष पहले ही इसे अपनी मौजूदा ताकत मिली।

रुख और घोड़े सदियों से ऐसे ही रहे हैं। रुख भी फारसी के शब्द से बना है और इसे हाथी भी कहते हैं। बहरहाल, आज तो शतरंज दुनिया भर में खेला जाता है और इसके अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट लाखों लोग उत्सुकता से फॉलो करते हैं।

**कैसे खेलें**

चोपाट रखते समय यह ध्यान दिया जाता है कि दोनों खिलाड़ियों के दाएं तरफ का खाना सफेद होना चाहिए तथा वजिर के स्थान पर काला वजीर काले चौरस में व सफेद वजीर सफेद चौरस में होना चाहिए। खेल की शुरुआत सफेद खिलाड़ी से की जाती है। सामान्यत: वह वजीर या राजा के आगे रखे गया पैदल या सैनिक को दो चोरस आगे चलता है। हालांकि कोई भी सैनिक दो चौरस चल सकता है अथवा एक एक चौरस।

**राजा**- राजा सदा के लिए एक ही चौरस चल सकता है। अगर राजा को चलने को बाध्य किया और चल नहीं सकता, तो मान लीजिए कि खेल समाप्त हो गया। नहीं चल सकने वाले राजा को खिलाड़ी हाथ में लेकर बोलता है- 'मैं हार स्वीकार करता हूं।' हां कुछ शर्तों पर वह केसलींग करते समय दो चाल करता है।

**वजीर**- वजीर किसी भी दिशा में और कहीं तक भी चल सकता है। मान लिजिए पैदल सैनिक का एक अंक है, तो वजीर का 9 अंक है।

**ऊंट**- केवल अपने रंग वाले चोरस में चल सकता है। यानी काला ऊंट काले चौरस में ओर सफेद ऊंट सफेद खाने में। सैनिक के हिसाब से इसका तीन अंक है।

**घोड़ा**- गजब का है। अटपटा चलता है। यानी अगर घोड़ा सफेद चौरस पर होगा, तो चाल समाप्त होते रंग बदलता है। कहीं लोग इसे ढाई चाल भी कहते हैं। सैनिक के हिसाब से इसका तीन अंक है।

**हाथी**- वजीर कैसा भी चलता है, पर हाथी की चाल ऐसी नहीं है। वह सिर्फ सीधे या आड़े ही चल सकता है। उसका सैनिक के हिसाब से पांच अंक है।

**नई खोज**

ब्रिटेन के पुरातत्व विशेषज्ञों के एक दल ने कुछ ऐसे प्रमाण खोजें हैं, जिनसे साबित होता है कि यूरोप के निवासी छठी शताब्दी से ही शतरंज खेलना जानते थे। दक्षिणी अल्बानिया स्थित बायजेनटाईन महल में हुई खुदाई में हाथी दांत से बना शतरंज का एक मोहरा मिला है, जो अब तक शतरंज के इतिहास में मिले सभी प्रमाणों के इतिहास से पांच सौ साल पुराना है। अब तक यह माना जाता था कि यूरोप में बारहवीं सदी के दौरान ही यह खेल आया, यानी चीन, भारत और प्राचीन फारस में खेल की शुरुआत होने के सात सौ साल बाद।

## जिज्ञासा

# क्यों पकाते हैं खाना



**मनुष्य** भोजन पकाकर क्यों खाता है, जबकि प्रकृिति में दूसरा कोई जानवर पकाकर भोजन नहीं खाता। आखिर मानव ने भोजन पकाकर खाना कब शुरू किया?

वैज्ञानिकों का कहना है कि कच्चे भोजन में विषैले और सूक्षम जीव होते हैं, जो शरीर में पहुंचकर पांचक शक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए भोजन पकाकर खाया जाता है। मगर आदिमानव ने इन कारणों से भोजन पकाना शुरू नहीं किया होगा, बल्कि भोजन को पकाकर खाना इसलिए शुरू किया, क्योंकि इससे भोजन कुछ नरम हो जाता था और उसे खाने में आसानी होती थी। इसके साथ ही खाने का स्वाद भी पकाने से बढ़ जाता था। जानवर भोजन पकाकर नहीं खाते, परंतु उनमें भोजन को पचाने के लिए दूसरी क्रियाएं पाई जाती हैं। जैसे गाय और भैंस भोजन को पचाने के लिए जुगाली करते रहते हैं। भोजन पकाना एक कला है, वरना ज्यादा पकाने पर उसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं।

# ऐसे हुई लिखने की शुरुआत





**बच्चों,** ग्रंथ लिखने के लिए जिन ताड़पत्रों का उपयोग होता था, उन्हें पहले सुखा देते थे। फिर उन्हें कुछ घंटों तक पानी में उबालकर या भिगोए रखकर पुनः सुखाया जाता था। शंख, कौड़ी या चिकने पत्थर से उन्हें घोटते थे। फिर उन्हें इच्छित आकार में काटकर लोहे की कलम (शलाका) से उन पर अक्षर कुरेदे जाते थे।

फिर पत्रों पर कज्जल पोत देने से अक्षर काले हो जाते थे। दक्षिण भारत में अधिकतर इसी तरह ताड़पत्र की पोथियां तैयार की जाती थीं। उत्तर भारत में ताड़पत्रों पर प्राय: स्याही से लेखनी द्वारा लिखा जाता था। संस्कृत में लिख् और धातु का अर्थ है कुरेदना, संस्कृत में लिप धातु का अर्थ है लीपना।

लगता है की ताड़पत्र पर कुरेदने (लिखी) से लेखन या लिखना शब्द बने और स्याही लेपन (लिपि) शब्द का प्रयोग शुरू हुआ। ताड़पत्र की जो सबसे प्राचीन हस्तलिपि मिली है, वह ईसा की दूसरी सदी के एक नाटक की खंडित प्रति है। यह ताड़पत्रों पर स्याही से लिखी गई है। जापान के होर्युजी मंदिर में उष्णीशविजयधारणी नामक लगभग 600 ईस्वी की एक ताड़पत्र पोथी सुरक्षित है। जैसलमेर के ग्रंथ-भंडार में ताड़पत्रों की कुछ प्राचीन हस्तलिपियां मिली हैं। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ताड़पत्रों की कई पोथियां तिब्बत से भारत लाए थे।

# अक्लमंद हंस की नसीहत



## बाल कहानी...

**एक** बहुत बड़ा विशाल पेड़ था। उस पर बीसीयों हंस रहते थे। उनमें एक बहुत स्याना हंस था, बुद्धिमान और बहुत दूरदर्शी। सब उसका आदर करते 'ताऊ' कहकर बुलाते थे। एक दिन उसने एक नन्ही-सी बेल को पेड़ के तने पर बहुत नीचे लिपटते पाया। ताऊ ने दूसरे हंसों को बुलाकर कहा, 'देखो, इस बेल को नष्ट कर दो। एक दिन यह बेल हम सबको मौत के मुंह में ले जाएगी।'

एक युवा हंस हंसते हुए बोला, 'ताऊ, यह छोटी-सी बेल हमें कैसे मौत के मुंह में ले जाएगी?'

स्याने हंस ने समझाया, 'आज यह तुम्हें छोटी-सी लग रही हैं। धीरे-धीरे यह पेड़ के सारे तने को लपेटा मारकर ऊपर तक आएगी। फिर बेल का तना मोटा होने लगेगा और पेड से चिपक जाएगा, तब नीचे से ऊपर तक पेड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी बन जाएगी। कोई भी शिकारी सीढ़ी के सहारे चढ़कर हम तक पहुंच जाएगा और हम मारे जाएंगे।'

दूसरे हंस को यकीन न आया, 'एक छोटी-सी बेल कैसे सीढ़ी बनेगी?'

तीसरा हंस बोला, 'ताऊ, तुम तो एक छोटी-सी बेल को खींचकर ज्यादा ही लंबा कर रहा है।'

एक हंस बड़बड़ाया, 'यह ताऊ अपनी अक्ल का रौब डालने के लिए अंट-शंट कहानी बना रहा हैं।'

इस प्रकार किसी दूसरे हंस ने ताऊ की बात को गंभीरता से नहीं लिया। इतनी दूर तक देख पाने की उनमें अक्ल कहां थी?

समय बीतता रहा। बेल लिपटतेलिपटते ऊपर शाखों तक पहुंच गई। बेल का तना मोटा होना शुरू हुआ और सचमुच ही पेड़ के तने पर सीढ़ी बन गई। जिस पर आसानी से चढ़ा जा सकता था। सबको ताऊ की बात की सच्चाई सामने नजर आने लगी। पर अब कुछ नहीं किया जा सकता था क्योंकि बेल इतनी मजबूत हो गई थी कि उसे नष्ट करना हंसों के बस की बात नहीं थी। एक दिन जब सब हंस दाना चुगने बाहर गए हुए थे तब एक बहेलिआ उधर आ निकला। पेड़ पर बनी सीढ़ी को देखते ही उसने पेड़ पर चढ़कर जाल बिछाया और चला गया। सांझ को सारे हंस लौट आए पेड़ पर उतरे तो बहेलिए के जाल में बुरी तरह फंस गए। जब वे जाल में फंस गए और फड़फड़ाने लगे, तब उन्हें ताऊ की बुद्धिमानी और दूरदर्शिता का पता लगा। सब ताऊ की बात न मानने के लिए लज्जित थे और अपने आपको कोस रहे थे। ताऊ सबसे रुष्ट था और चुप बैठा था।


एक हंस ने हिम्मत करके कहा, 'ताऊ, हम मूर्ख हैं, लेकिन अब हमसे मुंह मत फेरो।'

दूसरा हंस बोला, 'इस संकट से निकालने की तरकीब आप ही हमें बता सकते हैं। आगे से हम आपकी कोई बात नहीं टालेंगे।' सभी हंसों ने हामी भरी तब ताऊ ने उन्हें बताया, 'मेरी बात ध्यान से सुनो। सुबह जब बहेलिया आएगा, तब मुर्दा होने का नाटक करना। बहेलिया तुम्हें मुर्दा समझकर जाल से निकालकर जमीन पर रखता जाएगा। वहां भी मरे समान पड़े रहना। जैसे ही वह अन्तिम हंस को नीचे रखेगा, मैं सीटी बजाऊंगा। मेरी सीटी सुनते ही सब उड़ जाना।'


सुबह बहेलिया आया। हंसो ने वैसा ही किया, जैसा ताऊ ने समझाया था। सचमुच बहेलिया हंसों को मुर्दा समझकर जमीन पर पटकता गया। सीटी की आवाज के साथ ही सारे हंस उड़ गए। बहेलिया अवाक होकर देखता रह गया।

**शिक्षा :** बुद्धिमानों की सलाह गंभीरता से लेनी चाहिए।

## बिंदू मिलाएं .



## सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल



**चाइना** में 2005 में खुला साउथ चाइना मॉल दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल है। यह 70 लाख वर्ग फुट से भी बड़े इलाके में फैला हुआ है। इसके अंदर पवन चक्की और थीम पार्क भी है।

## महासागर पार करने वाली महिला



**केंसास** में 1897 में जन्मी एमेलिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से एक थीं। एमेलिया ने 1921 में पायलट का लाइसेंस प्राप्त कर लिया। अकेले विमान उड़ाकर अटलांटिक और प्रशांत महासागर पार करने वाली वह पहली महिला थीं।

## सबसे ऊंचा पुल



**अमेरिका** की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धि के तौर पर मशहूर हूवर बांध के ऊपर बना पुल का वृत्तखंड पश्चिमी गोलार्ध में सबसे बड़ा है। यह पुल माइक ओ कैलेघन-पैट टिलमैन की याद में बनाया गया है।

# 9 अप्रैल से हो रही है हिंदू नव वर्ष की शुरुआत

## जानते हैं पूजा का महत्व और शुभ मुहूर्त

हिंदू नव वर्ष अंग्रेजी कैलेंडर और पश्चिमी मान्यताओं के अनुसार हर साल 1 जनवरी से नए साल की शुरुआत होती है। हिंदी कैलेंडर (कळपवळ लरश्रशपवरी) के अनुसार चैत्र माह की प्रतिप्रदा से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। दरअसल, हिंदी कैलेंडर के मुताबिक, हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र प्रतिपदा से मानी जाती है। साल 2024 की शुरुआत विक्रम संवत 2081, 09 अप्रैल मंगलवार के दिन से हो रही है। साथ ही इस दिन से चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं, जिसमें आदि शक्ति के नौ रूपों की पूजा करने का विधान है।



**चैत्र मासि जगत ब्रह्मा संसर्ज प्रथमेऽहनि,**
**शुक्ल पक्षे समग्रेतु तदा सूर्योदय सति।।**

ब्रह्मांण पुराण के इस श्लोक के अनुसार, भगवान विष्णु (ंळीहर्पी) ने सृष्टि की रचना का कार्य ब्रह्मा जी को सौंपा था। मान्यताओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने जब सृष्टि की रचना की थी, उस दिन चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि थी। साथ ही इसी तिथि पर धार्मिक कार्य करने का भी विशेष महत्व है। क्योंकि इसी तिथि से चैत्र नवरात्र की भी शुरुआत होती है, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि पर आदि शक्ति प्रकट हुई थी।

पश्चिमी मान्यताओं के अनुसार पूरी दुनिया में 1 जनवरी को नया साल मनाया जाता है। जबकि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। बता दें कि इस साल हिंदू नव वर्ष 9 वर्ष संवत 2024 को शुरू होगा। हिंदी कैलेंडर के अनुसार 9 अप्रैल 2024 को शुरू होगा।

हिंदू नव वर्ष को नव संवत्सर भी कहा जाता है और इस दिन पूजा-पाठ का विशेष महत्व माना जाता है। सबसे खास बात यह है कि इस नव वर्ष के साथ चैत्र माह के नवरात्र की भी शुरुआत होती है। नए साल के दिन सबसे पहले भगवान गणेश का पूजन किया जाता है और फिर सभी देवी-देवताओं का पूजन होता है। फिर कलश स्थापना के साथ नवरात्र की शुरुआत की जाती है।




## बेहद खास होगी चैत्र नवरात्रि, 30 साल के बाद बन रहा है अमृत सिद्धि योग

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है, जो चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होती है। इस बार इसकी शुरुआत 9 अप्रैल से होने वाली है जो कि 17 अप्रैल तक चलेगी। इस साल की चैत्र नवरात्रि बहुत शुभ मानी जा रही है क्योंकि 30 साल के बाद अमृत सिद्धि योग होने जा रहा है। कहते हैं अमृत सिद्धि योग में माता रानी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। तो आइए आपको बताते हैं कि यह अमृत सिद्धि योग कब बन रहा है और आपको किस तरह से घटस्थापना और पूजा करनी चाहिए।

**क्या होता है अमृत सिद्धि योग**

ज्योतिषों के अनुसार, नक्षत्रों में पहला नक्षत्र अश्विनी नक्षत्र माना जाता है और मंगलवार के दिन अश्विनी नक्षत्र पड़ रहा है। इसे ही अमृत सिद्धि योग कहते हैं। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी मंगलवार 9 अप्रैल से हो रही है, ऐसे में 30 साल के बाद नवरात्रि के मौके पर यह शुभ संयोग बन रहा है, जिसे काफी अद्भुत और फलदायी माना जा रहा है। इस योग के बारे में बताया जाता है कि अश्विनी नक्षत्र के दौरान माता रानी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। ज्योतिषों के अनुसार, ये अश्विन नक्षत्र 9 अप्रैल को सूर्योदय के 2 घंटे बाद शुरू हो जाएगा।

**इस तरह करें माता रानी की पूजा अर्चना**


धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि की प्रतिपदा पर सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और नए कपड़े पहनें। एक चौकी पर सफेद रंग का कपड़ा बिछाकर हल्दी या केसर से रंगते हुए अक्षत से अष्टदल कमल बना लें। उस पर ब्रह्मा जी की मूर्ति या फोटो की स्थापना करें, फिर षोडशोपचार पूजन करें। अन्य देवी देवता, गंधर्व, ऋषि, मुनि, नदी, पर्वत, पशु पक्षी सभी का ध्यान करते हुए पूजा करें। मां दुर्गा की आराधना करें और व्रत का संकल्प लें। इस दिन दुर्गा पूजा की घट स्थापना करने के साथ ही 9 दिनों तक माता रानी की आराधना की जाती है।

**इन चीजों का करें सेवन**

कहते हैं प्रतिपदा के दिन नवरात्रि शुरू होने पर अगर नीम के कोमल पत्तों को काली मिर्च, नमक, हींग, जीरा, अजवाइन मिलाकर खाया जाए तो इससे इंसान को आरोग्य होने का लाभ मिलता है।

# देश के सिद्ध संतों में एक उड़िया बाबा को प्राप्त थीं अन्नत सिद्धियां, अलौकिक था उनका स्वरूप

पूर्णोत्तम दीक्षित। परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज भारत के सिद्ध संतों में एक थे। उनका अद्भुत जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श रूप था। उनकी कृपा से असंख्य लोगों में भक्ति और ज्ञान की जागृति हुई। चैत्र कृष्ण चतुर्दशी रविवार, 7 अप्रैल 2024 को उनका 75वां निर्वाण दिवस है। आज भी उनकी परंपरा में परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद सरस्वती एवं उनके कृपा पात्र जगदगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती के आशीर्वाद से वर्तमान में श्री उड़िया बाबा आश्रम वृंदावन धाम में सुचारू रूप से चल रहा है।



उनके समकालीन संतों में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज, श्री हरि बाबा जी, श्रीश्री मां आनंदमई, स्वामी श्री गंगेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी श्री शरणानंद जी व अन्यान्य महान संत उनके साथ वेदांत सत्संग करते रहे। श्री उड़िया बाबा जी के अनन्य भक्तों में जगदगुरु शंकराचार्य श्री शांतानंद सरस्वती, स्वामी श्री प्रबोधानंद सरस्वती, महर्षि कार्तिकेय जी, श्री पलटू बाबा जी, गोवर्धन के सिद्ध संत पंडित गया प्रसाद जी, स्वामी सिद्धेश्वराश्रम जी व अन्य संतों के नाम उल्लेखनीय हैं।

परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबा जी महाराज को बाल्यकाल से ही अनंत सिद्धियां प्राप्त थीं। मां अन्नपूर्णा उनको सिद्ध थीं। कैसा भी बीहड़ जंगल हो, सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था वह अपनी सिद्धि से कर दिया करते थे। जहां कहीं भी वे रहते बराबर भंडारों का तांता लगा रहता था। उन्होंने अनेक भक्तों को प्राण दान दिया। रोग मुक्त किया। आर्थिक संकटों से उवारा एवं अन्य आपत्तियों से रक्षा की। भक्त उनका भगवान शिव के भाव से रुद्राभिषेक करते तो कभी कृष्ण रूप में उनकी झांकियां सजाते। कई उत्सवों पर भक्त इष्ट रूप में उनका पूजन- अर्चन करते थे। वह भक्तों के लिए सबकुछ करते हुए भी इस भाव से रहते थे कि जैसे उन्होंने कुछ नहीं किया।

उड़िया बाबाजी महाराज ने कामाख्या में मां जगदंबा की आराधना की तो मां साक्षात प्रकट हुईं और उनको एकाकार कर लिया। कालांतर में वह नित्य निरंतर समाधि में लीन रहते थे परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद जी महाराज के कथनानुसार उड़िया बाबाजी का स्वरूप अलौकिक था। बाबा के विचार का उत्कर्ष, चित्त की समाधि, जीवन की प्रेममयता और रहने की सादगी पास रहकर देखने योग्य थी। भक्त लोग उनको सर्वज्ञ एवं सर्वशक्तिमान मानते थे। बहुतों के तो वह महज़ सद्गुरु ही नहीं बल्कि इष्टदेव भी थे। उन्होंने अपने निजी संस्मरण में एक अद्भुत प्रसंग का उल्लेख किया है।

एक दिन की बात है कि जब वह संन्यासी भी नहीं हुये थे, रात्रि के समय आश्रम की छत पर लेटे हुए थे। पास ही संन्यासी मित्र स्वामी निर्मल दासजी थे। दोनों ने निश्चय किया कि कहीं एकांत में चलकर साथ-साथ रहा जाए। प्रातः काल 4 बजे दोनों वेदांत के सत्संग में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के पास गए तो वो बोले, तुम दोनों का एक साथ रहना ठीक नहीं है। उन्होंने (अखंडानंदजी) ने सोचा कि क्या महाराजजी ने मन की बात जान ली है ? यदि यह सही है तो इस समय ही वो मुझे खाने के लिए कोई चीज दें। तब मैं समझूंगा कि वह मेरे मन की बात जान गए हैं। इतने में तुरंत उड़िया बाबाजी ने एक सेवक को पुकार कर कहा, भइया इनको इस समय भूख लगी है। कुछ लाओ तो। सेवक कुछ खाद्य सामग्री ले आया और प्रसाद में बहुत से केले और पेड़े दिये। स्वामीजी कहते हैं कि वह लज्जा और संकोच से दब गये। श्री महाराज जी के विषय में ऐसी एक नहीं, अनेक घटनाएं जीवन में देखने में आयीं।

साधन काल में बाबा कभी लेट कर नहीं सोते थे। 10 वर्ष तक वो लेटे नहीं थे। बैठे रहते थे या चलते थे। कभी उनको दो-तीन घंटे से अधिक सोते हुए किसी ने नहीं देखा। जीवन पर्यंत उन्होंने कठोर साधना की। उनकी रहनी आश्चर्यमय थी।

श्री उड़िया बाबाजी महाराज भक्तों और जिज्ञासुओं के साथ परमार्थ चर्चा करते थे। उनके श्रीमुख से जो वचनामृत निकलते थे, उनसे सभी को बहुत शांति का अनुभव होता था। उनके जीवन काल में ही गीता प्रेस गोरखपुर से उनके उपदेशों का एक संग्रह प्रकाशित हुआ था। बाद में उनके आश्रम से श्री उड़िया बाबाजी के उपदेश प्रकाशित हुए।

श्री उड़िया बाबा जी महाराज बोलते थे कि दुर्गा पाठ में अलौकिक व असीम शक्ति है। दुर्गा पाठ से असंभव भी संभव हो जाता है। श्री दुर्गा सप्तशती के अर्गला, कीलक और कवच पाठ से सारे कार्य सिद्ध हो जाते हैं। नाम जप पर उनका बहुत जोर रहता था। बाबा ने बताया था कि जप सबसे कठिन चीज है। ज्ञान और ध्यान से जप को वह कठिन समझते थे। वह कहते थे कि सब प्रकार की बातें छोड़कर निरंतर एक ही मंत्र का जप करते रहना साधारण बात नहीं है ।

जप में विलक्षण शक्ति होती है। मंत्र से भी बड़ा नाम होता है क्योंकि मंत्र जप में विधि का बंधन है जबकि नाम जप में विधि विधान की कोई आवश्यकता नहीं है। जिनकी राम नाम में निष्ठा हो गई उसके लिए संसार में क्या काम बाकी रहा ? जब कृष्ण का नाम लो तो स्वयं को गोलोक में समझो। नाम जप से नित्य-निरंतर चमत्कार होते रहते हैं।

वृंदावन में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के श्रीकृष्ण आश्रम की बड़ी ख्याति थी। भक्तों, साधकों, संतों का वहां तांता लगा रहता था। जीवन में शुद्धि, वैराग्य और अभ्यास पर बाबा का बहुत जोर रहता था। उत्सवों में जब भीड़ होती थी तब बाबा को इस बात की बड़ी चिंता रहती थी कि कोई भूखा न रह जाए। वह कहते थे खाने का आनंद जीव का है और खिलाने का आनंद ईश्वर का है। ध्यान का मर्म बताते हुए बाबा कहते थे कि ध्यान के समय मुख्य रूप से अपने ईष्ट के स्वरूप का ही चिंतन करना चाहिए। यदि स्वरूप में चित्त स्थिर न हो तो ईश्वर की लीलाओं का गायन करना चाहिए। रोना हो तो इष्ट देव की किसी लीला का चिंतन करते हुए रोया करें। हंसना हो तो भी उसकी लीला का ही आश्रय लेकर हंसें। इस तरह ईष्टदेव का चिंतन करना ही ध्यान है।

परम पूज्य श्री उड़िया जी महाराज के निर्वाण के बाद उनके श्रीकृष्ण आश्रम में भक्तों ने उनका भव्य मंदिर बनाया। उसमें उनके अर्चा विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई। उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने पर लोगों ने तरह-तरह की अनुभव महसूस किये। किसी को उनके नेत्र हिलते दिखाई दिए तो किसी को उनके हृदय में धड़कन का अहसास हुआ। इससे भक्तों को ऐसा लगा कि बाबाजी जो हमें छोड़कर चले गए थे, वह वापस आ गए हैं। आज भी मंदिर में उनके दर्शन कर असीम कृपा की अनुभूति होती है। उनकी समाधि पर रोमांच का वातावरण रहता है और भक्तों को विलक्षण अनुभव होते हैं। श्री उड़िया बाबा के आश्रम के सामने उनके अभिन्न रूप स्वामी अखंडानंदजी महाराज के आश्रम में भी नित्य कृपा बरसती रहती है और नित्य वेदांत, सत्संग, कथा, संतों की सेवा से भक्तों को परमाश्रय प्राप्त होता है।

ऐसे परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन। उनके 75वें निर्वाण महोत्सव पर असीम श्रद्धांजलि।

# जानें किस ग्रह की कितनी बार लगानी चाहिए परिक्रमा

हिंदू धर्म में जिस प्रकार देवी-देवताओं की परिक्रमा का विधान है उसी प्रकार नवग्रहों की भी परिक्रमा करना शुभ माना जाता है। जीवन की विभिन्न समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नवग्रहों की भी पूजा की जाती है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि किस ग्रह की कितनी बार परिक्रमा करनी चाहिए ताकि व्यक्ति को इसका शुभ परिणाम प्राप्त हो सके।ज्योतिष शास्त्र में नवग्रहों का विशेष महत्व बताया है। प्रत्येक ग्रह किसी-न-किसी वस्तु का कारक माना गया है। कुंडली में ग्रहों की अलग-अलग की स्थिति व्यक्ति के जीवन पर भी प्रभाव डालती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस ग्रह की कितनी बार परिक्रमा करनी चाहिए।



**सूर्यदेव की परिक्रमा**

सूर्यदेव को ग्रहों का राजा कहा माना जाता है। माना गया है कि सूर्य देव की पूजा करते समय उन्हें ब्रह्म मुहूर्त में जल अर्पित करना चाहिए। इसके साथ ही सूर्य देव की 11 बार परिक्रमा करना शुभ माना गया है। इससे जातक को जीवन में कई लाभ देखने को मिलते हैं।

**चंद्रदेव की लगाएं 5 परिक्रमा**

यदि आप चंद्रदेव की आराधना कर रहे हैं तो ऐसे में चंद्रमा की 5 बार परिक्रमा करना बेहतर माना गया है। ऐसा करने से व्यक्ति को चंद्र दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही इससे जीवन में चल रही परेशानियां भी दूर हो जाती हैं।

**मंगल की परिक्रमा**

अगर किसी जातक की कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति कमजोर है, तो इस स्थिति में उसे मंगल देव की पूजा कर 12 बार परिक्रमा करनी चाहिए। ऐसा करने से मंगल की स्थिति में सुधार होता है।

**बुध देव की पूजा**

बुध देव को व्यापार का देवता भी कहा जाता है। ऐसे में यदि किसी जातक को व्यापार से संबंधित कार्यों में परेशानी आ रही है, तो उन्हें बुध देव की पूजा करनी चाहिए। साथ ही बुध देव की 06 बार परिक्रमा करें।

**बृहस्पति की इतनी बार करें परिक्रमा**

बृहस्पति की 04 बार परिक्रमा करना शुभ माना गया है। ऐसा करने से आपके शुभ कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती और वह कार्य सही ढंग से पूर्ण होता है।

**शुक्र की कितनी करें परिक्रमा**

शुक्रदेव की पूजा के दौरान 03 परिक्रमा करना अच्छा माना जाता है। इससे शुक्र देव प्रसन्न होकर व्यक्ति पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। जिससे व्यक्ति उम्र लंबी होती है और सुखों-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**शनि देव की परिक्रमा**

शनि देव को न्याय का देवता माना गया है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति 11 परिक्रमा शनि जी की परिक्रमा करता है, तो उसे इससे मानसिक शांति की प्राप्ति हो सकती है।

**राहु-केतु की परिक्रमा**

यदि कोई व्यक्ति राहु दोष से पीड़ित है, तो इसके निवारण के लिए राहु की परिक्रमा 4 बार लगानी चाहिए। इससे आपको राहत मिल सकती है। वहीं, केतु को स्वास्थ्य, धन, भाग्य और घरेलू सुखों का कारक माना जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, केतु की 02 बार परिक्रमा करना लाभकारी माना गया है।

# अब तक धरती पर मौजूद हैं रामायण के ये संकेत भारत से लेकर श्रीलंका तक में मिलते हैं सबूत


रामायण, सनातन धर्म के सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण महाकाव्यों में से एक है। रामायण में वर्णित राम जी को भगवान विष्णु जी का ही स्वरूप माना गया है। आज भी रामायण कालीन ऐसे कई संकेत इस धरती पर मौजूद हैं, जो वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण को एक प्रामाणिक ग्रंथ साबित करते हैं। तो चलिए जानते हैं उन सबूतों के विषय में।



भारत और श्रीलंका के बीच बना पत्थरों का पुल, रामायण से सच होने के सबसे बड़ा सबूत माना जाता है। हालांकि पानी के नीचे चले जाने के कारण अब यह पुल स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता। यह पुल राम जी की सेना ने पत्थरों से तैयार किया था, ताकि वह समुद्र को पार कर सकें।

रामेश्वरम-तमिलनाडु में रामेश्वरम मंदिर में स्थापित शिवलिंग, जिसे लेकर यह मान्यता प्रचलित है कि स्वयं भगवान राम ने इस शिवलिंग की स्थापना की थी। मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम ने लंका विजय की कामना हेतु शिवलिंग की स्थापना की और पूजा अर्चना की थी। भगवान राम के नाम से ही इस जगह का नाम रामेश्वरम द्वीप और मंदिर का नाम रामेश्वरम पड़ा।

अशोक वाटिका- रावण ने सीता जी का हरण के बाद उन्हें अशोक वाटिका में रखा था। यह वाटिका आज भी श्रीलंका में मौजूद है, जिसे आज सीता एल्या के नाम से जाना जाता है। श्रीलंका की एक रिसर्च कमेटी ने इसपर शोध किया और यह पाया कि यह वहीं अशोक वाटिका है, जिसका वर्णन रामायण में मिलता है। यहां-यहां मिलते हैं पद चिह्न- रामायण के अनुसार, भगवान राम को चौदह साल के वनवास मिला था, जिसमें से वह 11 साल चित्रकूट में रहे। चित्रकूट में आज भी भगवान राम और सीता के कई पद चिन्ह मौजूद हैं। वहीं, जब हनुमान जी माता सीता की खोज में निकले तो उन्होंने भव्य रूप धारण कर किया हुआ था। श्रीलंका पहुंचे के बाद वह एक चट्टान पर तेजी से उतरे, जिस कारण उनके पैरों के विशाल चिह्न आज भी इस चट्टान पर मौजूद हैं।





# पुष्पा: द रूल से रश्मिका मंदाना की पहली झलक आई सामने

## श्रीवल्ली का इस बार होगा दमदार अंदाज

रश्मिका मंदाना साउथ के साथ बॉलीवुड में भी धमाल मचा रही हैं। बॉलीवुड में भी वो मेकर्स की पहली पसंद बनती जा रही हैं। रश्मिका को बॉलीवुड में कदम रखे ज्यादा समय नहीं हुआ है फिर भी उन्हें हर कोई पसंद कर रहा है। पुष्पा के बाद से रश्मिका हर जगह छा गई हैं। अब रश्मिका की पुष्पा 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। आज रश्मिका अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं। रश्मिका के जन्मदिन को पुष्पा 2 के मेकर्स ने और स्पेशल बना दिया है। आज पुष्पा 2 से श्रीवल्ली का लुक शेयर कर दिया गया है। जिसमें रश्मिका का दमदार लुक है। पोस्टर में रश्मिका साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने काफी हैवी ज्वैलरी पहनी हुई है। इस पोस्टर में लोगों का ध्यान रश्मिका के माथे पर लगे सिंदूर पर जा रहा है। रश्मिका के एक्सप्रेशन एकदम गुस्से वाले लग रहे हैं। पोस्टर पर हैप्पी बर्थडे श्रीवल्ली भी लिखा है।मेकर्स ने रश्मिका के बर्थडे पर लुक पोस्टर शेयर करके फैंस को गिफ्ट दे दिया है। उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- लोगों का दिल चुराने वाली श्रीवल्ला उर्फ रश्मिका मंदाना को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई।रश्मिका के लुक की फैंस तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। एक फैन ने लिखा- श्रीवल्ली और फायर इमोजी पोस्ट की। वहीं कई फैंस हार्ट और फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। कुछ ही देर में लाखों लोग इस पोस्ट को लाइक कर चुके हैं।पुष्पा 2 द रुल का टीजर रिलीज होने के लिए तैयार है। 8 अप्रैल को फिल्म का टीजर रिलीज होगा। मेकर्स ने श्रीवल्ली के लुक के साथ इसकी जानकारी दे दी है। जिसके बाद से फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।पुष्पा 2 की बात करें तो इसमें अल्लू अर्जन, फहाद फासिल, रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म 15 अगस्त को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है।

### फिल्म 'पुष्पा 2' का नया पोस्टर हो रहा वायरल

'पुष्पा 2: द रूल' साल 2024 की मच-अवटेड फिल्म है। मेकर्स ने शुक्रवार को पहले फिल्म 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली यानी रश्मिका मंदाना के जन्मदिन पर उनका पोस्टर शेयर किया है। इसके बाद मेकर्स ने अल्लू अर्जुन का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में अल्लू अर्जुन के चेहरे की झलक दिखाई दे रही है। वह त्रिशुल और शंख के साथ नजर आ रहे हैं और उनका नया अवतार देख फैंस एक्साइटेड हो गए हैं। गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर यानी 8 अप्रैल को फिल्म 'पुष्पा 2' का टीजर रिलीज किया जाएगा। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के फैंस टीजर को देखने के लिए बेसब्र हो रहे हैं।



# ये थी धर्मेंद्र की लकी शर्ट, तीन फिल्मों के गानों में पहनी

## तीनों हुए सुपर डुपर हिट



फिल्मी सितारों के उनके कपड़ों को लेकर नखरों के बारे में आपने अक्सर ही सुना होगा। फिल्म अगर मल्टी स्टारर हो तो हर एक्टर या एक्ट्रेस एक दूसरे से ज्यादा सुंदर और स्टाइलिश नजर आने की होड़ में भागते दिखाई देते हैं और अगर बड़ा स्टार हो तो हर बात में मीन मेख निकालने की खबरें आती हैं। लेकिन धर्मेंद्र ऐसे सितारों की भीड़ से कुछ अलग थलग नजर आते हैं, जिन्होंने कभी कपड़े रिपीट करने में आनाकानी नहीं की। बल्कि तीन फिल्में तो ऐसी हैं जिसमें धर्मेंद्र एक ही शर्ट में नजर आए। दिलचस्प बात ये है कि ये तीनों फिल्में अलग अलग साल में रिलीज हुईं और तीनों ही जबरदस्त तरीके से हिट हुईं।

**पीली शर्ट में धर्मेंद्र**

पीली रंग की स्ट्राइप्ड शर्ट में धर्मेंद्र तीन अलग अलग फिल्मों के गानों में नजर आए हैं। एक गाने में वो ये शर्ट पहन कर शर्मिला टैगोर के साथ नजर आ रहे हैं। गाना है चलो सजना जहां तक घटा चले। दूसरा गाने में वो उस दौर की हिट एक्ट्रेस आशा पारेख के साथ हैं और गाने के बोल हैं साथिया नहीं जाना कि जी ना लगे। और तीसरा गाना है राखी के साथ। इस गाने में भी वो पीली शर्ट में ही और गाने के बोल हैं झिलमिल सितारों का आंगन होगा। इन तीनों ही गानों में धर्मेंद्र का रोमांटिक अंदाज लाजवाब रहा है। गाने जितने हिट हैं फिल्म भी उतनी ही हिट रही। ऐसे में अगर इस शर्ट को धर्मेंद्र की लकी शर्ट कहें भी तो क्या गलत होगा।

**अलग-अलग सालों में रिलीज हुई फिल्में**

पहले स्टार्स अलग अलग शिफ्ट में काम किया करते थे। उन दिनों वैनिटी वैन जैसी कोई व्यवस्था नहीं हुआ करती थी, जिस वजह से स्टार्स के लिए कपड़े बदलना मुश्किल होता जाता था। बहुत से सितारे जुगाड़ से ये काम किया करते थे। लेकिन धर्मेंद्र ने ये शर्ट एक ही दिन अलग अलग शिफ्ट में नहीं पहनी है। बल्कि ये फिल्में अलग अलग साल में रिलीज हुईं। जिसके मुताबिक ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनकी शूटिंग भी एक ही दिन नहीं हुई होगी। शर्मिला टेगौर के साथ उनकी फिल्म मेरे हमदम मेरे दोस्त आई थी साल 1968 में। आशा पारेख के साथ आया सावन झूम के रिलीज हुई 1969 में और राखी के साथ जीवन मृत्यु रिलीज हुई थी साल 1970 में।

# रिवीलिंग टॉप पहन नुसरत भरूचा ने शेयर की बोल्ड तस्वीर



अपनी फिल्मों से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपने हॉट लुक्स फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका हर अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तबाही मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।नुसरत भरूचा अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में काफी स्टाइलिश और बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर लाइक्स कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटा रहे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस हर बार अपने स्टाइलिश अंदाज से फैंस को बेताब किए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल भी होने लगता है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने व्हाइट कलर का टॉप और साथ ही डेनिम जींस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं।न्यूड मेकअप, खुले बाल और लाइट आई मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।एक्ट्रेस नुसरत भरूचा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है।

# कृतिका भारद्वाज ने योद्धा में अपनी भूमिका के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का लिया सहारा

हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म योद्धा में प्रशिक्षु पायलट तान्या शर्मा की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस कृतिका भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार को अच्छे से के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया।एक्ट्रेस हिट स्ट्रीमिंग शो मिसमैच्ड का हिस्सा रही हैं, और मिसमैच्ड 2 के शूटिंग शेड्यूल के अंत में उन्हें योद्धा में भूमिका मिली।एक्ट्रेस ने कहा कि मिसमैच्ड 2 में सिमरन का किरदार निभाकर महत्वाकांक्षी पायलट तान्या का किरदार निभाना वाकई दिलचस्प था।एक्ट्रेस कहा, मैंने उन सभी तकनीकी शब्दों को गहराई से सीखने के लिए एरोप्-लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया। योद्धा के अंत में कॉकपिट दृश्यों की चरणबद्ध तरीके से शूटिंग स्वाभाविक रूप से कहानी के साथ प्रवाहित होती है। योद्धा में मेरा पहला दृश्य जहां मैं सिद्धार्थ के किरदार से हूं, ऐसा लगा कि यह वास्तविक जीवन में मुठभेड़ जैसा है। इसने हर चीज को वास्तविक और सहज बना दिया।उन्हें फिल्म में यह भूमिका कैसे मिली, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जून 2021 में मैंने एक प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन दिया, बिना यह जाने कि यह योद्धा के लिए अक्टूबर में मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग के दौरान मुझे पंचमी की टीम से फोन आया और मुझे लुक टेस्ट के लिए निर्देशकों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद इस भूमिका के लिए मेरी पुष्टि हो गई। मैंने 24 नवंबर को मिसमैच्ड सीजन 2 की पूरी की और 27 नवंबर तक मैं योद्धा के सेट पर थी।सिद्धार्थ के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा , सिद्धार्थ के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था, वह अविश्वसनीय रूप से गर्मजोशी से भरा था। मेरे सभी सीन उनके थे, इससे यह अनुभव और भी बेहतर हो गया। इंडस्ट्री में नया होने के बावजूद मुझे उनके आसपास कभी भी नौसिखिया जैसा महसूस नहीं हुआ।एक्ट्रेस ने कहा, एक्शन सीक्वेंस निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन वे उत्साहवर्धक और अनुभव देने वाले थे। मुझे याद है कि सिड ने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा 26 साल की उम्र में शुरू की थी, जो संयोग से वही उम्र है जो मेरी योद्धा की शूटिंग के दौरान थी। ऐसा लगा जैसे हमने अपने करियर में एक जैसी यात्रा साझा की है।




# साइलेंस 2 से प्राची देसाई की पहली झलक आई सामने

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2021 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।इस फिल्म में प्राची देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।हाल ही में साइलेंस 2 का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया।अब साइलेंस 2 से प्राची की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म में उनके किरदार का नाम इंस्पेक्टर संजना हैं।ज़ी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर करते हुए लिखा, यहां तक कि एक महान पुलिसकर्मी को भी मामले को सुलझाने के लिए एक शानदार टीम की आवश्यकता होती है। पेश है एसीपी अविनाश की सबसे भरोसेमंद सहयोगी - इंस्पेक्टर संजना।साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग भी आप जी5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं।



# शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर, जीत पाने के लिए करना पड़ा संघर्ष

**लंदन,06 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 से रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर थी। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है।

**ब्रैडली ने किया आत्मघाती गोल** - खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मुकाबला काफी रोचक हो गया। हालांकि मैकएलिस्टर ने बेहतरीन गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। लिवरपूल के कोच जुर्गेन क्लॉप ने कहा कि हमें काफी गहराई तक जाना पड़ा, लेकिन यह सामान्य बात है। हमारा रवैया अच्छा था, लेकिन हमने कई मौकों पर अच्छी फुटबाल नहीं खेली। लिवरपूल का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कठिन मुकाबला होगा।

**अंतिम क्षणों में दो गोल खाकर यूनाइटेड हारा** - मैनचेस्टर यूनाइटेड को चेल्सी के हाथों 3-4 से अविश्वसनीय हार का सामना करना पड़ा। कोले पामर की हैट्रिक की बदौलत चेल्सी को जीत मिली। पामर ने स्टापेज समय में एक मिनट के अंतराल में दो गोल कर यूनाइटेड के डच मैनेजर एरिक टेन हेग की मुश्किलें बढ़ा दीं। ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ पिछले मुकाबले में भी यूनाइटेड ने अंतिम क्षणों में गोल खाया था। यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। टेन हैग ने कहा कि दो मैचों में पांच अंक गंवाना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कोनोर गालेघर (4) और पामर (19) ने पेनाल्टी पर गोलकर चेल्सी को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन गारनाचो (34) और ब्रूनो फर्नांडीज (39) ने पहले हाफ में ही यूनाइटेड को बराबरी दिला दी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जस्टिन लैंगर ने किया इशारा.....जल्द टूट सकता है शोएब अख्तर का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए खेल रहे मयंक यादव इन दिनों अपनी तेजतर्रार स्पीड के कारण चर्चा में हैं। सीजन की सबसे तेज गेंद (156.7 किलोमीटर प्रति घंटे) फेंकने का रिकॉर्ड भी उनके नाम हो गया है। उम्मीद है कि वह तेज पिचों पर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार का शोएब अख्तर का रिकॉर्ड तोड़ने में सफल हो सकते है। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर ने शोएब अख्तर या मयंक यादव में कौन तेज है, सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीते दिनों लैंगर ने यादव की प्रशंसा कर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को एक हल्का-फुल्का संदेश भी भेजा था। फ्रेंचाइजी द्वारा अपलोड किए गए वीडियो में, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को अख्तर की पंच लाइन, फेंटा मार दिया कहते हुए देखा जा सकता है। स्पष्ट है कि लैंगर कहना चाह रहे हैं कि अख्तर का रिकॉर्ड आगामी दिनों में टूट सकता है। वहीं, मयंक यादव ने सीजन में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए इशांत शर्मा और नवदीप सैनी से मिली सलाह का जिक्र किया है। मयंक ने कहा कि मैंने दिल्ली में जितने भी गेंदबाजों से बात की, इशांत भाई और सैनी भाई, उन सभी ने मुझसे कहा कि अगर मैं कुछ नया करना चाहता हूं, तब भी मुझे अपनी गति के आसपास खेलना चाहिए। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भी मयंक की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि यह वास्तव में प्रभावशाली था, उन्होंने पंजाब के कुछ बल्लेबाजों पर जल्दबाजी की और मैंने निश्चित रूप से उनके खिलाफ आने से पहले थोड़ा होमवर्क किया। उसके पास कुछ वास्तविक अतिरिक्त गति है जो आप इस समय विश्व क्रिकेट में बहुत अधिक नहीं देखते हैं। आप देखते हैं कि लोग 140 किमी प्रति घंटा के आसपास लगातार गेंदबाजी करते हैं।

# राजस्थान ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

## बैंगलुरु की तीसरी हार, बटलर का शतक

**जयपुर, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**

इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है। टीम ने अब होम ग्राउंड जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। आरसीबी की यह 17वें सीजन में चौथी हार है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में आरसीबी ने 20 ओवर में 3 विकेट 183 रन बनाए। आरआर ने 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। जोस बटलर ने आखिरी ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन की पहली बॉल पर छक्का जमाते हुए टीम को जीत दिलाई और 58 बॉल पर शतक भी पूरा किया। कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन बनाए। बटलर-सैमसन ने 148 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की।

आरसीबी से विराट कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी लगाई, उन्होंने 73 बॉल पर 113 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम स्कोर डिफेंड नहीं कर सकी। युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।आरसीबी पर मिली इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम अंक तालिका में चार मैचों में चार जीत के साथ आठ लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हालांकि राजस्थान की



शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया था। यशस्वी खाता खोले बिना आउट हुए थे, लेकिन इसके बाद बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने मिलकर पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। सैमसन अर्धशतक लगाने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे, लेकिन बटलर अंत तक टिके रहे और उन्होंने छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया और टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। इसी के साथ कोहली का शतक बेकार गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए साहसिक पारी खेली थी। 17वें ओवर की चौथी बॉल पर राजस्थान ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां रीस टॉप्ली ने ध्रुव जुरेल को पवेलियन भेजा। उन्हें विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कैच किया। जुरेल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 170/4 रहा। 16वें ओवर में राजस्थान को तीसरा झटका लगा। ओवर की चौथी बॉल पर यश दयाल ने रियान पराग को विराट कोहली के हाथों कैच कराया। रियान 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 160 रन रहा। 15वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने राजस्थान को दूसरा झटका दिया। उन्होंने ओवर की चौथी बॉल पर संजू सैमसन को यश दयाल के हाथों कैच कराया। सैमसन 69 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जोस बटलर के साथ 86 बॉल पर 148 रन की साझेदारी की। इसी ओवर में राजस्थान ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में राजस्थान का स्कोर 152/2 रहा। 11वें ओवर की पहली बॉल पर मयंक डागर ने नॉन स्ट्राइक पर बटलर के रनआउट का मौका गंवाया। इसी ओवर में कप्तान संजू सैमसन ने खड़ङ करियर की 22वीं फिफ्टी जमाई। इतना ही नहीं, इस ओवर में राजस्थान का स्कोर 100 रन पार हो गया। इसी के साथ बटलर और सैमसन ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 109/1 रहा। राजस्थान के ओपनर जोस बटलर ने खड़ङ करियर की 20वीं हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। उन्होंने 30 बॉल पर फिफ्टी जमाई। बटलर ने इस सीजन की पहली फिफ्टी जमाई। उन्होंने सिराज के ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन लेकर अर्धशतक जमाया। 10 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 95/1 रहा। 8वें ओवर में संजू सैमसन को जीवनदान मिला। हिमांशु शर्मा के ओवर की चौथी बॉल पर डीप मिडविकेट पर विराट कोहली से उनका कैच छूटा और बॉल रस्सी के बाहर चली गई। इस ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 77/1 रहा।

# भगवान शिव की शरण में पहुंचे पंड्या



**अहमदाबाद,06 अप्रैल ।**

मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या आजकल अपने करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं। आईपीएल 2024 में उनकी टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पायी है। ऐसे में निराश पंड्या अब भगवान शिव की शरण में पहुंचे हैं। मुंबई इंडियंस की टीम का मुकाबला रविवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। ऐसे में इस मैच से पहले पंड्या भगवान महादेव के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। पंड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें वह सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव की अराधना करते हुए दिख रहे हैं। वह शिवलिंग पर जल चढ़ा रहे हैं जबकि उनके साथ बैठे पंडित जी मंत्र पढ़ रहे हैं। पंड्या अकेले ही यहां पूजा के लिए पहुंचे थे। दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले मुम्बई के लिए सकारात्मक बात ये है कि उनके आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव फिट होकर टीम में शामिल हो गये हैं। इससे टीम की बल्लेबाजी मजबूत होने की उम्मीद है। सूर्या ने टीम से जुड़ने के बाद नेट सत्र में भी भाग लिया। वह अभ्यास के दौरान काफी बेहतर शॉट लगाते दिखे। सूर्या पिछले साल दिसंबर से क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे हैं। पहले उनके टखने में चोट लगी, फिर स्पोर्टर्स हर्निया के कारण वह परेशान रहे। उनकी वापसी से टीम की बल्लेबाजी बेहतर होगी।

### युकी-ओलिवेट्टी की जोड़ी मराकेश ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में, इन्हें दी शिकस्त

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने दो घंटे चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता के लुकास मिडलन और ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एर्लर से होगा। भांबरी और ओलिवेट्टी ने दस एसेज लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने तीन ही लगाए थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### नवजात बच्चे ...

जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन देकर गोद लेने वाले इच्छुक निःसंतान दंपत्तियों से संपर्क किया करते थे।अधिकारी ने बताया कि ये वास्तविक माता-पिता और सरोगेट माताओं से भी बच्चा खरीदकर निःसंतान दंपत्तियों को बेचा करते थे। एक नवजात की कीमत चार से छह लाख रुपए होती थी। इन्होंने कई निःसंतान माता-पिता के साथ लाखों रुपए की ठगी भी की है। तलाशी के दौरान इनके पास से साढ़े पांच लाख रुपए कैश और गोद लेने से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं।बाल तस्करी के मामले में सीबीआई ने शुक्रवार की रात राजधानी दिल्ली में कई जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी में सीबीआई की टीम ने केशवपुरम के एक घर से कई नवजात शिशुओं का रेस्क्यू किया है। सीबीआई इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और उन्हें खरीदने वाले शख्स से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने एक महिला समेत कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ चल रही है। शुरुआती जानकारी में यह सामने आया है कि मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के सदस्य अस्पतालों से नवजात बच्चों की चोरी करते थे।सीबीआई ने इस मामले में सात से आठ बच्चों का रेस्क्यू किया है, हालांकि अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं, खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगों को दिल्ली-एनसीआर से हिरासत में भी लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में अस्पताल के वार्ड-बॉय समेत कुछ महिला और पुरुष हैं।

### मोदी सरकार मिशन ...

मोदी और योगी आपके उत्पादों की बिक्री बढ़ाना चाहते हैं। अब हर राज्य में एकता मॉल बनेगा। जिसमें हर राज्य की चीजें मिलेंगी। मतलब हम देश के वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट को हर जगह पहुंचाना चाहते हैं। योगी जी तो कानून व्यवस्था में कोई भी कमी नहीं छोड़ेंगे। निवेश के लिए भी माहौल बना है। यह क्षेत्र कृषि उत्पादकों के लिए भी जाना जाता है। तीन लाख से ज्यादा किसानों के खाते में रुपए भेजें जा चुके हैं। यूरिया खाद को कमी नहीं हो, इस पर भी हमारा ध्यान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये क्षेत्र अपनी कृषि उत्पादकों के लिए भी जाना जाता है। पिछले 10 साल से हमारी सरकार लगातार अपने किसान भाइयों के लिए काम कर रही है। किसान की छोटी-छोटी जरूरत को लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। आज देश में छोटे किसानों की पीएम किसान निधि के जरिए मदद की जा रही है। अकेले यहां सहारनपुर में ही 3 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 860 करोड़ रुपए सीधे भेजे जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के कई देशों में यूरिया का एक बोरा 3,000 रुपए में मिलता है। हमारे यहां किसानों को यूरिया का बोरा 300 रुपए से भी कम में मिलता है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि सपा को हर घंटे उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं। कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल पा रहे। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साफ हो गया कि उस पर मुस्लिम लीग की छाप है। पीएम ने कहा कि जो हिस्सा बचा था उस पर वामपंथी हावी हो चुके हैं। पीएम ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने देखा है कि जिसे टिकट दे दिया उसने अगले दिन इस्तीफा दे दिया। पहले दो लड़कों की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। जिस कांग्रेस ने कभी आजादी की लड़ाई लड़ी, मगर आज देश एक स्वर से कह रहा है। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस पहले ही खत्म हो चुकी है।प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी का हर पल देश के नाम है। आपका बेटा या बेटी नौकरी के योग्य है और भ्रष्टाचार करके उसकी नौकरी किसी और को दे दी जाए तो उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा। भ्रष्टाचारी मोदी को धमकी दे रहे हैं। हम हैं जिनका मिशन है भ्रष्टाचार हटाओ, उनका मिशन है भ्रष्टाचारी बचाओ। ये मोदी है, पीछे हटने वाला नहीं है। भ्रष्टाचार पर कारवाई जारी रहेगी, ये मोदी की गारंटी है।पीएम बोले, हमारा काम तो अभी ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है, देश को बहुत आगे लेकर जाना है। पीएम ने जनता से पूछा, अपने ही रिकॉर्ड तोड़ने होंगे, तोड़ेंगे? पिछले तीन चुनाव में जितने वोट मिले हैं उससे ज्यादा वोट दिलाएंगे? सभी बूथों पर जीतकर दिखाएंगे? धूप कितनी तेज क्यों न हो, सुबह ही वोट डलवाने हैं। हर घर जाना और कहना कि मोदी जी सहारनपुर आए थे कहना की मोदी जी ने प्रणाम भेजा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपना भाषण खत्म किया।

### पीएम का रोड...

थे। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज करने से बच्चों पर तो बुरा असर पड़ेगा ही, लोकतांत्रिक मर्यादा भी भंग हो जाएगी। अदालत ने इस मामले में कोयम्बटूर पुलिस से एफआईआर दर्ज करने पर सफाई पेश करने को कहा है।न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में बच्चों का इस्तेमाल किसी चुनाव अभियान के लिए नहीं किया गया था। बच्चे सिर्फ अपने देश के प्रधानमंत्री का रोड-शो देखने गए थे। मद्रास हाईकोर्ट ने कोयंबटूर शहर पुलिस को यह बताने का निर्देश दिया कि 18 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान वर्दी में स्कूली बच्चों की उपस्थिति से स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का क्या जरूरत थी और क्या औचित्य था? न्यायाधीश मुख्य रूप से यह जानना चाहते थे कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75, जो बच्चों पर हमला करने, त्यागने, दुर्व्यवहार करने, जानबूझकर मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचाने वाले आपराधिक तरीकों से हिफाजत करने के लिए है, उसका पीएम के रोड-शो प्रकरण में कैसे और क्यों इस्तेमाल किया गया?हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने आश्चर्य जताया कि जिला बाल संरक्षण अधिकारी के इशारे पर क्या पुलिस बगैर सोचे-समझे एफआईआर दर्ज कर लेगी? या इस कार्रवाई के पीछे और कोई बात है? हाईकोर्ट ने कहा कि आश्चर्यजनक है कि किसी भी माता-पिता ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है, फिर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने मद्रास हाईकोर्ट में कहा कि उन्हें और स्कूल को प्रताड़ित करने के लिए पुलिस ने यह एफआईआर दर्ज की। हाईकोर्ट ने इस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगते हुए अगले आदेश तक पुलिस कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### पाकिस्तान भागने वाले ....

बिल्कुल सच और सटीक कहा है। यह ताकत है आज के भारत की, पाकिस्तान भी इसे समझने लगा है। पाकिस्तान के साथ रिश्तों पर राजनाथ सिंह ने कहा, भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। पिछला इतिहास देखें तो हम कभी भी आक्रामक नहीं रहे, कभी दूसरे देश की एक इंच जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश नहीं की। यह भारत का चरित्र रहा है। लेकिन अगर कोई बार-बार भारत को ललकारेगा, यहां आकर आतंकी वारदात करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। राजनाथ सिंह ने पीओके को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है। पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि वे भारत के साथ आना चाहते हैं।

### प्रवासी मजदूर को ....

लोगों ने पहले उससे पूछताछ की और खंभे पर बांधकर जबरदस्त तरीके से पीटा। कोलेनचेरी मेडिकल कॉलेज ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस ने माना कि अशोक दास को खंभे पर बांधकर इतनी बुरी तरह पीटा गया था कि उसे गंभीर चोटें आईं। इसी के चलते उसकी जान चली गई। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में आईपीसी की धारा 174 के तहत केस दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच के बाद इसमें आईपीसी की धारा 302 (हत्या) को भी जोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस घटना में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द से जल्द सभी की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### लद्दाख से दुष्प्रयोग...

सहयोगी और अपेक्स बॉडी लेह के कोऑर्डिनेटर जिगमत पलजोर ने को बताया कि रात में जब तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है, उस समय भी लगभग 300-400 लोग विरोध स्थल पर बैठे थे। अभी भी यहां पुलिस घेरे में 500 लोग मौजूद हैं। उनका कहना है कि लद्दाख के लोग मोदी सरकार के वादे से मुकरने से नाराज हैं। वह कहते हैं कि हमारे केंद्रशासित प्रदेश का प्रशासन एक उपराज्यपाल द्वारा किया जाता है, जो लद्दाख का निवासी नहीं है, और फिर भी हमारे भविष्य के लिए निर्णय लेने के लिए नियुक्त किया गया है। पलजोर ने कहा कि लद्दाख में चीन की सीमा से सटे इलाकों में रहने वाली ट्राइबल कम्युनिटी अपने चारागाह खो रही है। एक तरफ तो चीन उनकी जमीन पर कब्जा कर रहा है, तो दूसरी तरफ सरकार वहां कई इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट लगा रही है। वे कहां जाएं? वहां के प्रभावित लोगों के पास अपनी भूमि से संबंधित मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार भी नहीं है।पलजोर ने बताया कि यह पश्मीना मार्च पूर्वी लद्दाख के चीन सीमा से सटे चांगथांग इलाके के उन चरागाहों में चीनी घुसपैठ को उजागर करने और पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की जमीनी हकीकतों को सामने लाने के लिए निकाला जा रहा है। उनका दावा है कि चीन ने करीब 4000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह कहते हैं सात मार्च को होने वाले मार्च में पश्मिनी चरवाहों के साथ 5 से 10 हजार लोग शामिल होंगे, जो बताएंगे पहले चरागाह कहां थी और आज कहां है।लद्दाख के बेहद सेंसेटिव और चीन सीमा से सटे चुशुल इलाके के कांउसलर कोंचोक स्टेनजिन चीनी अतिक्रमण को लेकर हमेशा से ही मुखर हो कर आवाज उठाते रहे हैं। वह भी लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल करने और पश्मीना मार्च में शामिल होने के लिए लेह में ही मौजूद हैं। कोंचोक स्टेनजिन ने को बताया कि हमारे चरागाह अब बफर जोन में बदल चुके हैं। लद्दाख के सुदुर इलाकों में रह रहे लोगों के लिए पशुपालन ही मुख्य व्यवसाय है। लेकिन चीनी सैनिक उन्हें अपने चरागाहों की ओर जाने से रोक रहे हैं। न तो इसे लेकर उन्हें भारत सरकार की ओर से मदद मिल पा रही और न ही सेना और आईटीबीपी भी उनकी रक्षा के लिए कुछ कर रही है। वह बताते हैं कि गोगरा-हॉटस्प्रिंग, चुशुल, पैंगॉन्ग समेत कई इलाकों की जमीन को बफर जोन या नो-मैंस लैंड में बदल दिया गया है। इस क्षेत्र में किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। वह बताते हैं, इन्हीं में से एक है लद्दाख का यह चांगथांग इलाका, जो अपनी पश्मीना ऊन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं। वहां खास तरह की भेड़ें पाई जाती हैं। चांगथांग के पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर और पूर्व में चीन है, जो भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। चांगथांग, भारत का सबसे ऊंचा पठारी इलाका है, जो तिब्बत से सटा हुआ है, जिस पर चीन का कब्जा है। चांगथांग चांग्पा जनजाति का घर है, पश्मीना चरवाहों का इतिहास 3,000 साल से भी पुराना है। स्टेनजिन बताते हैं कि हालात यहां तक पहुंत गए हैं कि चानथांग के खानाबदोश चरवाहे अपनी भेड़ें और याक बेच रहे हैं क्योंकि उनकी हजारों एकड़ प्रमुख चरागाह भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है।यह पूछने कि छठवीं अनुसूची और पश्मीना मार्च का आपस में क्या संबंध है, इस पर पलजोर बताते हैं कि लद्दाख की 2.74 लाख (2011 की जनगणना) से अधिक की 97 फीसदी आबादी को ट्राइबल मानते हुए, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने 2019 में सिफारिश की थी कि लद्दाख को छठवीं अनुसूची के तहत लाया जाए। लेकिन जब ट्राइबल लोगों के चरागाह एक तरफ तो चीन हड़प रहा है, तो दूसरी तरफ हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स को उनकी जमीनें दी जा रही हैं और कई प्रोजेक्टस पाइपलाइन में भी हैं, ऐसे में लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल करके ही उनके पर्यावरण और यहां की सांस्कृतिक धरोहर को बचाया जा सकता है। वह कहते हैं कि लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश घोषित करने के बाद लेह और कारगिल की लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) शक्तिहीन हो गई है। लद्दाख औद्योगिक भूमि आवंटन नीति, 2023 की ड्राफ्ट पॉलिसी इसका उदाहरण है। जबकि एलएएचडीसी के पास भूमि उपयोग और उसके प्रबंधन पर फैसला लेने की शक्तियां हैं, लेकिन ड्राफ्ट पॉलिसी, जिसे लद्दाख में निवेश आकर्षित करने के लिए बनाया गया है, उसमें एलएएचडीसी को भूमि आवंटन और पट्टे से संबंधित फैसला लेने से संबंधित किसी भी अधिकार से पूरी तरह बाहर रखा गया है। पलजोर कहते हैं कि अक्तूबर 2020 में, भाजपा की लद्दाख इकाई ने कहा कि लद्दाख को छठवीं अनुसूची के प्रावधान के तहत शामिल किया जाएगा। लेकिन बाद में वे इस पर बात करने से बचने लगे।वहीं सरकार का कहना है कि छठवीं अनुसूची पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, मिजोरम (प्रत्येक में तीन परिषद), और त्रिपुरा (एक परिषद) पर लागू होती है। पूर्वोत्तर के बाहर के किसी भी क्षेत्र को छठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। यहां तक कि मणिपुर में भी, जहां कुछ स्थानों पर मुख्य रूप से आदिवासी आबादी है, स्वायत्त परिषदें छठवीं अनुसूची में शामिल नहीं हैं। नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश, जो पूरी तरह से आदिवासी बहुल हैं, वे भी छठी अनुसूची में शामिल नहीं हैं। लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल करना बहुत मुश्किल होगा। संविधान बहुत स्पष्ट है, छठवीं अनुसूची पूर्वोत्तर के लिए है। देश के बाकी हिस्सों में आदिवासी क्षेत्रों के लिए पांचवीं अनुसूची है। लेकिन सरकार चाहे तो संविधान में संशोधन करके एक विधेयक ला कर लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल कर सकती है। सूत्र बताते हैं कि केंद्र ने लद्दाख के लोगों की मांगों पर विचार करने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन भी किया था, लेकिन बातचीत सफल नहीं पाई थी। चार मार्च को लद्दाख एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस के नेताओं ने जब गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, तो उन्होंने मांगें मानने से इनकार दिया। जिसके दो दिन बाद वांगचुक ने लेह में अनशन शुरू कर दिया था।

## उमेश पाल हत्याकांड

# इस बार नहीं मार पाए तो मुंह मत दिखाना

## ▪ माफिया अतीक के बेटे अली ने शूटरों से कहा था

**प्रयागराज, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के खिलाफ उमेश पाल हत्याकांड मामले में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। फिलहाल नैनी जेल में बंद अली अहमद को हत्याकांड की पूरी जानकारी थी। गुलाम हसन सहित अन्य शूटर उससे मिलने के लिए कई बार जेल में गए थे। दो बार प्लान फेल हो जाने पर अली काफी नाराज था।

उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या के मामले में दो दिन पहले आरोपी बनाए गए अतीक अहमद के बेटों उमर और अली के खिलाफ विवेचना में पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में जेल भेजे गए अभियुक्तों ने बयान में बताया है कि अतीक से फेसटाइम पर होने वाली हर मीटिंग के बाद एक-एक बात की जानकारी जेल जाकर अली को दी जाती थी। पूर्व में दो बार प्लानिंग फेल होने के चलते एक बार गुलाम समेत अन्य शूटरों को उसने यह कहते हुए उकसाया भी था कि इस बार उमेश पाल को नहीं मार पाए तो दोबारा मुंह मत दिखाना।



हत्याकांड से पहले शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान ने नैनी जेल में जाकर अली से पांच बार मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ सदाकत भी था। सदाकत ने पूछताछ में पुलिस को जो बयान दिया है, उससे अली की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं। उसने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग करते थे। ऐसी ही एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी हुई थी जिसमें वह शामिल था।

इस मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य शूटर उसे लेकर नैनी जेल में अली से मिलने पहुंचे थे और उसे एक-एक बात की जानकारी दी थी। इसके अलावा शाइस्ता के चकिया कसारी मसारी स्थित कमरे में होने वाली मीटिंग के बाद भी गुलाम व अन्य नैनी जेल में अली से मिलने गए थे। हत्याकांड से पहले आखिरी बार जेल में हुई मुलाकात में अली ने गुलाम व अन्य को उकसाया भी था। उसने इस बार कोई चूक होने पर दोबारा शक्ल न दिखाने की बात कही थी।

इस बात को लेकर गुलाम बहुत आक्रोशित था और जेल से लौटते वक्त उसने यह भी कहा था कि इस बार किसी भी हालत में वह काम पूरा करके रहेगा।

उमर और अली ने जेल से अपने भाई असद व शूटरों को दिशा-निर्देश भी दिए थे। अभियुक्तों के बयान के साथ ही नैनी व लखनऊ जेल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, जेल मुलाकाती रजिस्टर में की गई प्रविष्टि आदि ऐसे ही साक्ष्य हैं। फिलहाल इस मामले में अगली कार्रवाई दोनों अभियुक्तों का बयान दर्ज किया जाना है।

विवेचक इस मामले में कोर्ट से अनुमति लेकर दोनों का बयान दर्ज करने नैनी व लखनऊ जेल में जाएंगे। माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा सकता है।

## वायरल वीडियो से शिवपाल मुसीबत में

# वोटरों को धमका रहे थे शिवपाल

**लखनऊ, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** बदायूं लोकसभा सीट से सपा के उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव पेरशानी में पड़ सकते हैं। शिवपाल सिंह यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्हें यह कहते सुना जा सकता है, हम सबसे वोट मांगेंगे, वोट दोगे तो ठीक, नहीं तो बाद में हिसाब होगा।



सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने बयान को आधा-अधूरा बताया है। वायरल वीडियो में शिवपाल सिंह यादव के साथ उनकी पार्टी के सहसवान से सपा विधायक ब्रजेश यादव और शिवपाल के बेटे आदित्य यादव भी नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उन्होंने यह बयान कहां और कब दिया। शिवपाल यादव के साथ मंच पर नजर आ रहे ब्रजेश यादव ने कहा, वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। यह वीडियो 15 मार्च का है और यह तब का है जब शिवपाल यादव गुन्नौर की ओर जा रहे थे। उन्होंने यह बयान बदायूं के बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में दिया था।

शिवपाल यादव ने कहा, देखिए वो जो वीडियो है, 20-25 सेकंड का दिखाया जा रहा है, जबकि उसमें आगे भी भाषण में कहा, पीछे भी भाषण में कहा वो कुछ दिखाया नहीं जा रहा है। उसमें मैंने जो बातें कही हैं, मैंने तो केवल ये कहा था कि सपा से चुनाव लड़कर जीते हैं विधायक बने, वो लोग दूसरे दल में जाकर वोट किया। उनके लिए हमने कहा था कि आगे आने वाले चुनाव में जनता उनसे हिसाब-किताब करेगी। इस पर भाजपा सांसद बृजलाल ने कहा, सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंसियाना है। शिवपाल यादव जी का बदायूं में वोट न देने पर हिसाब-किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। उन्होंने वायरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि इससे यह बात तो बिलकुल साफ है कि अपराधी, माफिया और दंगाई सपा के घर जमाई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है कि समाजवादी नेता ऐसा बोल रहे हैं, इनकी हरकतों को जनता ने देखा और झेला है। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में हर जिले में इनका कम से कम एक उम्मीदवार अपराधी या इलाके का प्रसिद्ध गुंडा रहा है।

# एक करोड़ के नकली स्टाम्प के साथ 84 साल का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**गोरखपुर, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** पुलिस ने नकली स्टाम्प बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 84 वर्षीय मोहम्मद कमरुद्दीन समेत सात शातिरों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक करोड़ 52 हजार 30 रुपए के नकली स्टाम्प के अलावा छपाई मशीन, यूपी व बिहार के गैर-न्यायिक स्टाम्प, एक लैपटॉप, सौ पैकेट इंक, पेपर कटर मशीन और सादे कागज बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, कमरुद्दीन ही गिरोह का मास्टरमाइंड है और बीते 40 साल से इस धंधे में लिप्त है। इसमें उसका नाती साहेबजादे भी लिप्त है। बिहार के सिवान में फर्जी स्टाम्प छापकर गोरखपुर,



देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज के अलावा यूपी के दूसरे हिस्सों में बेचे जा रहे थे। गिरोह में ऐसे वेंडर शामिल पाए गए, जो ट्रेजरी की ओर से स्टाम्प बेचने के लिए अधिकृत हैं। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों में कुशीनगर के रामलखन जायसवाल, ऐश मोहम्मद, रविंद्र दीक्षित, देवरिया के संतोष गुप्ता और नंदू उर्फ भी नंदलाल शामिल हैं।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, गोरखपुर कोर्ट में इस्तेमाल नकली स्टाम्प का मामला सामने आने के बाद केस दर्ज किया था। एसआईटी की तीन महीने की जांच के आधार पर ये गिरफ्तारियां हुई हैं। कुशीनगर के एक वेंडर की गिरफ्तारी के बाद सिवान के कमरुद्दीन का नाम सामने आया था। उसकी गिरफ्तारी से ही पूरा मामला खुला। कमरुद्दीन को बिहार पुलिस ने 1986 में जेल भी भिजवाया था, पर वह कोर्ट से बरी हो गया था। एसएसपी ने बताया, गिरोह में शामिल कई और लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## पोस्टर ने बताया: बदायूं का यह गांव बिकाऊ है

# पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं

**बदायूं, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** बदायूं का गांव कपरोल बिकाऊ है। बदायूं जिले में रास्ता बंद होने पर गांव कपरोल के लोगों ने पूरे गांव में इस तरह के पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब घर से बाहर आना-जाना ही मुश्किल है तो यहां से पलायन के अलावा और कोई विकल्प नहीं। कई बार अधिकारियों से मार्ग खुलवाने की मांग की, लेकिन गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण करा रहे अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। शासन में भी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई राहत नहीं मिली।




कपरोल, ब्लॉक इस्लामनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदोई का मझरा है। ग्राम सचिवालय से लेकर अस्पताल आदि सभी संस्थाएं चंदोई में हैं। चंदौसी आदि स्थानों को जाने के लिए चंदोई से ही बस की सुविधा मिलती है। कपरोल से चंदोई की दूरी एक किलोमीटर है। दोनों गांव के बीच से गंगा एक्सप्रेस-वे निकाला जा रहा है।

इन दिनों एक्सप्रेस-वे का तेजी से निर्माण चल रहा है। ऐसे में दोनों गांवों के बीच का रास्ता बंद हो गया है। इसकी वजह से कपरोल के लोगों को चंदोई जाने के लिए अब पहले नगला वराहा जाना होता है। वहां से सिठौली होते हुए चंदोई जाते हैं। यानी उन्हें एक किलोमीटर की दूरी की जगह करीब छह किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। पांच किलोमीटर के इस अतिरिक्त फेर ने ग्रामीणों को मुसीबत में डाल रखा है।

इसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार गंगा एक्सप्रेस-वे के अधिकारियों से रास्ता दिलाने की मांग की, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने प्रधान अनुपमा सिंह के माध्यम से शासन से पत्राचार किया, पर वहां से भी कोई जवाब नहीं आया। मजबूरी ने ग्रामीणों ने गांव बिकाऊ है के पोस्टर चस्पा कर अपना विरोध जताया है।

प्रधान अनुपमा सिंह ने बताया कि रास्ता खुलवाने को लेकर कई बार प्रयास किया गया। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से बात की, राहत नहीं मिलने पर शासन स्तर पर पत्रचार किया, लेकिन आज तक कोई राहत नहीं मिल सकी। इसकी वजह से ग्रामीणों ने यह कदम उठाया है। एसडीएम बिसौली कल्पना जायसवाल ने कहा कि पोस्टर चस्पा होने की जानकारी नहीं है। ऐसा है तो इसे दिखवाएंगे। आखिर ग्रामीणों को क्या दिक्कत आ रही है, इसे लेकर उनसे वार्ता की जाएगी और समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## यूपी में चुनाव आयोग की सख्ती

# प्रदेश में 113 करोड़ की शराब और नकदी जब्त, 3910 शस्त्र लाइसेंस किए गए निरस्त

**लखनऊ, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में अवैध शराब और नकदी की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कढ़ाई से पालन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने 1 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 113.26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नकदी जब्त की।

इसमें 20.87 करोड़ रुपये



नकद धनराशि, 28.92 करोड़ रुपये कीमत की 851755.96 लीटर शराब, 44.32 करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स, 17.78 करोड़ रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं और 1.37 करोड़ रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। 5 अप्रैल को हरदोई में 17.33 लाख रुपये मूल्य की 1400 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए। 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 16 मार्च से अबतक अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए।

उन्होंने बताया कि 18,83,558 लोगों को पाबन्द करने के नोटिस भेजे गए हैं। इसमें से 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस द्वारा 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

# बाराबंकी में बड़ा हादसा: एक ही परिवार के पांच लोग नदी में डूबे

### दो के शव मिले, तीन अभी भी लापता, रेस्क्यू जारी

**लखनऊ, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** बाराबंकी जिले के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के पास शनिवार दोपहर सरयू नदी में एक युवक और चार बच्चों समेत पांच लोग डूब गए। डूबने वालों में दो सगे भाई हैं।

युवक इन बच्चों को बचाने में डूबा। कड़ी मशक्कत के बाद नदी से दो शव बरामद हुए हैं। गोताखोर तीन अन्य लोगों की तलाश नदी में कर रहे हैं। नदी के किनारे कई गांव की भीड़ इकट्ठा है और परिजनों में कोहराम मचा है।



पुलिस के अनुसार, टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव निवासी मोहम्मद शकील के दो पुत्र अहमद रजा (15) और हमजा (12) के साथ परिवार के ही महमूद आलम का पुत्र शाफ अहमद और शाफ का मौसेरा भाई अयोध्या जिले के रुदौली थाना क्षेत्र के एथर गांव निवासी अयान (10) शनिवार की दोपहर गांव से करीब 300 मीटर दूर सरयू नदी किनारे पहुंचे थे। यहीं पर नदी से कुछ दूरी पर स्थित खेतों के पास महमूद आलम का छोटा भाई नूर आलम (26) थ्रेसर से गेहूं की मड़ाई कर रहा था।

# भ्रष्टाचार के आरोप में अपनी सरकार में जेल गए कांग्रेस नेता: ब्रजेश पाठक

**अमरोहा , 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** सपा सरकार में लोग खुद को असुरक्षित समझते थे। महिलाएं सुरक्षित नहीं थी। लेकिन, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की दशा और दिशा दोनों बदल चुकी है। कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों का कल्याण हुआ है।



शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जोया रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बूथ सम्मेलन में शामिल हुए। दोपहर पौने एक बजे वह बूथ सम्मेलन में पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में विपक्ष पूरी तरह लड़ाई से बाहर है।

पिछले लोकसभा चुनाव में अमरोहा से चुनाव जीतने वाले दानिश अली पूरे पांच साल गायब रहे। जनता भली भांति जानती है। उन्होंने कांग्रेस सियासी तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली में कॉमनवेल्थ खेल हुए थे। जिसमें कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों ने भ्रष्टाचार किया।

टूजी स्पेक्ट्रम, कोयला घोटाला कांग्रेस की सरकार में ही हुआ। कांग्रेस ने भारत की छवि को पूरे विश्व में गिराने का काम किया। देश में गरीबी और अमीरी में खाई थी। गरीब और गरीब हुआ। 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने तो देश सशक्त बनने लगा।

सैकड़ों गरीब कल्याण योजनाएं शुरू हुईं तो लोगों का विकास हुआ। गरीबों को पक्का मकान मिला तो महिलाओं की इज्जत के लिए शौचालय बनाए गए। हर छोटे गांव मजरे में नल से जल पहुंचाया। पहले बड़े गांवों व शहरों को ही बिजली मिलती थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने सौभाग्य योजना से हर जगह बिजली पहुंचाई।

# हार्ड कोर नक्सलियों से जुड़ा मामला बलिया में एनआईए की छापेमारी

**बलिया, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।** बलिया में नक्सल से जुड़े मुखौटा गैंग की तलाश में राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) लखनऊ की टीम ने जिले के मनियर, रसड़ा, पकड़ी व खेजूरी थाना क्षेत्र के संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। साथ ही नोटिस जारी किया। जानकारी के मुताबिक टीम दो दिन शुक्रवार से जिले में मौजूद रही।

पूर्वांचल के वाराणसी, प्रयागराज, देवरिया, चंदौली, आजमगढ़ और बलिया समेत कई जिलों में नक्सली नेटवर्क फैला हुआ है।

यूपी एटीएस ने बलिया में 16 अगस्त 2023 को हथियारों के साथ गोपनीय बैठक कर रहे पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार किया था। जांच में यह सभी हार्ड कोर के नक्सली निकले।

एटीएस की जांच में सामने आया था कि सीपीआई (माओवादी) नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के प्रमोद मिश्रा उर्फ बुढ़ऊ उर्फ बन बिहारी उर्फ डॉक्टर साहब ने पूर्वांचल में एडहॉक कमेटी बनाई थी।

संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिये लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती की जा रही थी। सरकार विरोधी आंदोलन को चुनकर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी। एनआईए ने उक्त मुकदमें को टेकओवर कर अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

इस बाबत पुलिस विभाग के आला अधिकारी कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं।

वहीं, जिन गांवों में टीम पहुंची वहां के ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच लोग आए थे, उन्होंने पूछताछ कर नोटिस देकर लखनऊ स्थित गोमती नगर थाने में बुलाया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 07 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# हैदराबाद सहित राज्य के विभिन्न जिलों में लू और तूफान का अलर्ट जारी

**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी-एच) ने तेलंगाना के विभिन्न जिलों के लिए लू और तूफान का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने रविवार को खम्मम, महबूबनगर, नागरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की भविष्यवाणी की है।

इसके अतिरिक्त, आदिलाबाद, कुमरम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल और निज़ामाबाद जिलों में बिजली और तेज़ हवाओं के साथ आंधी आने की संभावना है। राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनागिरी, रंगा रेड्डी, हैदराबाद और मेडचल मल्काजगिरी जिलों में गर्म और आर्द्र स्थिति की उम्मीद है। इसके अलावा, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, महबूबनगर, नागरकुर्नूल, वाना-पर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल में गर्म रातें होने का अनुमान



है।सोमवार को आदिलाबाद, कुमुराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल और निज़ामाबाद में बिजली और तेज़ हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

जगित्याल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, महबुबाबाद, वारंगल, हनुमाकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, मेडक और कामारेड्डी जिलों में भी इसी तरह का मौसम पैटर्न होने की उम्मीद है।

मंगलवार को आदिलाबाद, मंचेरियल, निज़ामाबाद, विकाराबाद, संगारेड्डी और मेडक में बिजली और तेज़ हवाओं के साथ आंधी आ सकती है। बुधवार के पूर्वानुमान में निर्मल, निज़ामाबाद, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मल्काजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक और कामारेड्डी जिलों में बिजली और तेज़ हवाओं के साथ तूफान शामिल हैं।




# कांग्रेस का पतन शुरू, बीआरएस डूबता हुआ जहाज : किशन रेड्डी

## तेलंगाना में 10 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा



**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को विश्वास जताया कि भाजपा तेलंगाना में 10 से अधिक लोकसभा सीटें हासिल करेगी। किशन रेड्डी ने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस का पतन शुरू हो गया है। उन्होंने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को डूबता जहाज करार दिया।

किशन रेड्डी शनिवार को हैदराबाद में पार्टी कार्यालय में भाजपा के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। सिकंदराबाद लोकसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे किशन रेड्डी का मानना है कि तेलंगाना में बीजेपी दिन पर दिन मजबूत होती जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हाल के विधानसभा चुनावों में किए गए वादों को लागू करने में विफल रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया था कि पार्टी के सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर सभी छह गारंटी पूरी की जाएंगी। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल किया कि वह गारंटी लागू किए बिना तेलंगाना का दौरा कैसे कर सकते हैं। कांग्रेस नेता आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के चुनाव घोषणापत्र के तेलंगाना संस्करण को जारी करने के लिए शनिवार शाम हैदराबाद में जन जातरा नामक एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का झंडा फहराकर जश्न का नेतृत्व करने वाले केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि भाजपा के साथ देश और तेलंगाना का विकास संभव है।

उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि भाजपा एक बार फिर 400 लोकसभा सीटों के साथ केंद्र में सत्ता में आएगी। किशन रेड्डी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व नेता के रूप में पहचान मिली है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। इस बीच, पार्टी के आह्वान पर किशन रेड्डी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में टिफिन बैठक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने घरों से लाया हुआ खाना खाया।

इस अवसर पर किशन रेड्डी ने दावा किया कि देश में भाजपा के लिए अनुकूल माहौल है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया कि पार्टी राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करे। उन्होंने दावा किया कि कई राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी को 100 फीसदी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक राज्य इस सूची में शामिल हो रहे हैं और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि तेलंगाना भी उसी रास्ते पर चले। बताते चलें कि बीजेपी ने 2019 में तेलंगाना में चार लोकसभा सीटें जीती थीं।



पंचमुखी हनुमान सेवा दल इमामपुरा जीयागुड़ा में विशेष पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बजरंग दल नेता एवं नव भारत संघ के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण और हनुमान सेवा दल के महासचिव जी महेंद्र ने पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, इमामपुरा हनुमान सेवा दल के महासचिव जी महेंद्र, प्रतिनिधि सी. पुरषोत्तम, वाई. बंटी, सी. श्रीनिवास, पुजारी शंकर मिश्र सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# एसीबी ने एसआई और कांस्टेबल को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा



**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने शनिवार को माधापुर पुलिस स्टेशन के एक सब इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को एक व्यक्ति से 20,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। सब इंस्पेक्टर रंजीत और कांस्टेबल सह लेखक विक्रम ने कथित तौर पर सरकारी काम करने के लिए एक व्यक्ति से रिश्वत की मांग की थी। एक शिकायत पर, एसीबी अधिकारियों ने जाल बिछाया और उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया।

# श्रीराम कथा के निमंत्रण पत्र का विमोचन, कथा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नामपल्ली स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में आगामी 22 से 30 अप्रैल तक भव्य श्री राम कथा एवं 108 नवाहपारायण का ऐतिहासिक आयोजन होने वाला है। जिसको लेकर नगर के रामभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा को लेकर काचीगुड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर में विशाल सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम श्री राम एवं गौ माता का उद्घोष कर श्री राम दरबार की पूजा अर्चना मंत्रोचार के साथ सीताराम बाग मंदिर के प्रभारी अजय स्वामी द्वारा की गई। सैकड़ों रामभक्तो ने हिस्सा लिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का न केवल संकल्प लिया बल्कि इसकी तैयारियों की भी समीक्षा की। इस दौरान श्रीराम कथा के मुख्य निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। साथ ही श्री राम कथा की वेबसाइट, सोशल मीडिया और श्री राम कथा में भाग लेने वाले श्रद्धालु फोटोज के लिये फेस रिकग्निशन तकनीक की लॉन्चिंग भी की गई। श्री गोपाल गौशाला इब्राहिमपटनम के सहायतार्थ आयोजित हो रही इस श्री राम कथा में विश्व प्रसिद्ध संत और मानस मर्मज्ञ मुरलीधर जी महाराज भगवान राम के प्रेरणाप्रद प्रसंग सुनाएंगे।



सभा को आरंभ करते हुए श्री गोपाल गौशाला के चेयरमैन तु-लसीराम बंसल ने सभी भक्तों का अभिवादन किया। श्री गोपाल गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी महावीर प्रसाद अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए श्री राम कथा की रूपरेखा, समितियों को प्रदत्त जिम्मेदारियों और कथा की तैयारियों से सबको रूबरू करवाया। इसके बाद सभा में बोलते हुए तुलसीराम बंसल ने बताया कि श्री राम कथा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सभी समितियां अपना काम शुरू कर चुकी हैं। श्री राम कथा के प्रारंभ में आयोजित होने वाली कलश शोभायात्रा को लेकर साड़ियों से लेकर सामान का वितरण किया जा चुका है, साथ ही सभा के लिये पोशाक से लेकर पास तक बांटे जा रहे हैं। कथा के दौरान दैनिक भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। इस मौके पर बोलते हुए श्री राम कथा के मीडिया प्रभारी मुकेश सैनी ने कहा कि इस कथा में अत्याधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया गया है। कथा में राम भक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से भी रूबरू होंगे, साथ ही कथा के प्रचार प्रसार में भी डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये कथा एक साथ देश के कई प्लेटफॉर्म पर कवर होगी।

श्री रामकथा की वेबसाइट को अग्रवाल समाज तेलंगाना के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंघल ने लॉन्च की। इस दौरान बोलते हुए श्री राम कथा के उद्घोषक एवं गौशाला के ट्रस्टी हरिनारायण व्यास ने हर रामभक्त से कथा की प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी लेने का संकल्प दिलाया ताकि भगवान राम के आदर्शों से पूरा भाग्यनगर अवगत हो सके। इस मौके पर श्री राम कथा सेवा समिति के जसमत भाई पटेल, कैलाश नारायण भांगड़िया और अर्जुन कुमार गोयल ने विचार व्यक्त किये। आए हुए राम भक्तों ने अपने नाम अपनी क्षमता अनुसार कथा के दस दिन उचित समिति में अपने नाम लिखवाए। सभी के सहभोज के साथ सभा का समापन हुआ।



राजस्थानी जागृति समिति द्वारा उगादी पर्व के उपलक्ष्य में सीताराम बाग स्थित जगन्नाथमठ की जरूरतमंद करीब 50 वृद्धाओं को नई साड़ियों का वितरण किया गया। अवसर पर त्रिदंडी श्रीनिवास व्रतधर रामानुज जीयर स्वामी से आशीर्वाद प्राप्त कर सम्मान करते हुए राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमाणी, मंत्री अशोक हिरावत, जसमत भाई पटेल, रिद्धिश जागीरदार, रमेश मोदानी, अजय महाराज, लक्ष्मण एवं समिति के अन्य सदस्य।



खाटू श्याम मन्दिर के पुजारी परिवार के मानवेन्द्र चौहान (कान्हा भैय्या) ने पहाड़ी श्याम मन्दिर महेन्द्रा हिल्स में बाबा श्यामजी के दर्शन लाभ प्राप्त किए। अवसर पर अतिथियों का सम्मान करते हुए मंदिर के परामर्शदाता अरुण डाकोतिया, ट्रस्टी रवि सबलका, अमन सारडा एवं अन्य।

# मुख्तार के घर जाने के बाद से मिल रहीं धमकियां मैं मुर्गी का बच्चा नहीं : ओवैसी



**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में एक जनसभा के दौरान दावा किया कि जब से वह उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के घर होकर आए हैं, तब से ही उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। ओवैसी ने कहा कि मैं जुनैद के घर भी गया था और अखलाक के घर भी गया था। जो लोग मुझे धमकियां दे रहे हैं, उन्हें ये बात याद रखनी चाहिए कि मैं तभी मरूंगा, जब मेरा वक्त आएगा। मैं डरने वाला नहीं हूं।

इसे लेकर ओवैसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं उन शैतानी ताकतों से कह रहा हूं कि एक बात याद रखो, मैं कोई मुर्गी का बच्चा नहीं हूं, मैं इतनी आसानी से जाने वाला नहीं हूं। पीठ नहीं दिखाऊंगा, तुम क्या तुम्हारा बाप भी आए तो मैं मुकाबला करूंगा। बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बीते दिनों बांदा जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

मुख्तार अंसारी की मौत पर बीते रविवार को असदुद्दीन ओवैसी गाजीपुर में मोहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे थे। इस दौरान ओवैसी ने मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। ओवैसी ने सीएए पर कहा कि सीएए, एनपीआर और एनआरसी को जोड़कर देखना चाहिए। पहले अमित शाह ने कहा था और अब राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि भारत में गरीबों, पीड़ितों और खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के मुसलमानों को राज्यविहीन बनाना है। यही भाजपा की मंशा है।

# दलबदल करने वाले दो बीआरएस विधायकों से इस्तीफा ले कांग्रेस : केटीआर

**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से मांग की कि वह दलबदल करने वाले दो बीआरएस विधायकों को इस्तीफा देकर या स्पीकर द्वारा अयोग्य ठहराए जाने का सामना करके यह प्रदर्शित करे कि कांग्रेस पार्टी जो उपदेश देती है, वह अपनाती है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में दलबदल विरोधी आश्वासन पर उनके रुख के संबंध में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के स्पष्ट पाखंड की आलोचना की। केटीआर ने राहुल गांधी की ईमानदारी पर सवाल उठाया और उनसे अपने राजनीतिक कार्यों में पाखंडी न बनने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से तेलंगाना में उनके अवैध शिकार के प्रयासों के संबंध में पारदर्शिता की मांग की और उन्हें अपने घोषणापत्र के वादों, विशेषकर दल-बदल विरोधी आश्वासनों का पालन करने की चुनौती दी।विसंगति को उजागर करते हुए, केटीआर ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी का दल-बदल



विरोधी आश्वासन, जैसा कि उनके घोषणापत्र में कहा गया है, तेलंगाना राज्य में लागू होता है। उन्होंने कांग्रेस पर बीआरएस विधायकों का अपनी पार्टी में स्वागत कर उन्हें अपने पद बरकरार रखने की अनुमति देकर एक बात का उपदेश देने और ठीक इसके विपरीत करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी को याद दिलाया कि एआईसीसी ने तेलंगाना में निर्वाचित बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र के लिए सिकंदराबाद सांसद सीट की घोषणा की है।अपने बयान में, केटीआर ने भारत में राजनीतिक दलबदल की आया राम, गया राम संस्कृति के साथ उनके ऐतिहासिक जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस पार्टी के रुख की विडंबना पर जोर दिया। इसके बावजूद, उन्होंने विधायकों/सांसदों के दलबदल करने पर स्वत: अयोग्यता सुनिश्चित करने के लिए 10वीं अनु-सूची में संशोधन करने के कांग्रेस पार्टी के प्रस्ताव का स्वागत किया। हालांकि केटीआर ने दोहराया कि शब्दों की तुलना में कार्य अधिक प्रभावशाली होते हैं, उन्होंने राहुल गांधी से यह प्रदर्शित करने का आह्वान किया कि कांग्रेस पार्टी जो उपदेश देती है, उस पर अमल करती है। उन्होंने राहुल गांधी से दलबदलुओं को इस्तीफा देने या अध्यक्ष द्वारा अयोग्य ठहराए जाने का सामना करने के लिए मजबूर करने का आग्रह किया, जिससे नैतिक राजनीतिक आचरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता साबित हो सके। केटीआर ने राजनीतिक अखंडता और निरंतरता की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी दलों से लोकतंत्र और पारदर्शिता के सिद्धांतों को बनाए रखने का आग्रह किया।बीआरएस के दो विधायक दानम नागेंद्र और कादियाम श्रीहरि हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जहां कांग्रेस ने नागेंद्र को सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया, वहीं श्रीहरि की बेटी काव्या को वारंगल सीट से टिकट आवंटित किया गया है।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

## पुलिस और ग्रेहाउंड की टीम का संयुक्त ऑपरेशन एलएमजी, एके-47 जैसे हथियार बरामद



**बीजापुर, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। उसूर थाना क्षेत्र में दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में 3 नक्सली ढेर हो गए हैं। छत्तीसगढ़ की बीजापुर पुलिस और ग्रेहाउंड की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया है। जवानों ने इस दौरान एके-47,एलएमजी जैसे हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा के जंगल में नक्सली मौजूद हैं। जिसके बाद जवान माओवादियों को घेरने के लिए सीजी पुलिस और तेलंगाना की ग्रेहाउंड फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया। शुक्रवार की रात फोर्स नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंच गई। दोनों तरफ से नक्सलियों को घेरा गया। शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं। तीनों के शव बरामद हो गए हैं। फोर्स मौके पर मौजूद है। बताया जा रहा है कि यहां छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के कई बड़े नक्सलियों की मौजूदगी थी। मुठभेड़ के बाद कई नक्सली भाग गए हैं। जबकि कुछ नक्सली अब भी इलाके में मौजूद हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की जानकारी दी है। ये पूरा मामला जिले के उसूर थाना क्षेत्र का है।

# हर गरीब महिला को सालाना एक लाख रुपए देंगे: राहुल गांधी



**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद में सभा की। उन्होंने कहा मोदी सरकार के आने के बाद लोग फिर से गरीबी में घुस गए हैं। इसलिए हम नारी न्याय कानून लाएंगे, जिसमें हर गरीब परिवार की महिला के बैंक अकाउंट में साल में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। ये क्रांतिकारी योजना है, जो देश का चेहरा बदल देगी। उन्होंने कहा कि आप सोचिए, हिंदुस्तान के सबसे गरीब परिवारों को कम से कम एक लाख रुपया कांग्रेस पार्टी की सरकार देने जा रही है। इसका मतलब ये हुआ कि हिंदुस्तान में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा, जिसकी आमदनी एक लाख रुपए सालाना नहीं होगी। राहुल ने ये भी कहा कि एनडीए सरकार आने के बाद 30 किसान रोज आत्महत्या कर रहे हैं। पीएम मोदी ने 16 लाख करोड़ का लोन देश के अमीरों को दे दिया है। किसानों का एक रुपए का भी कर्ज माफ नहीं किया गया।

राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- आप सभी को पता है कि तेलंगाना में पिछले मुख्यमंत्री ने कैसे सरकार चलाई। उन्होंने हजारों लोगों के फोन टैप किए, इंटेलिजेंस-टैक्स एजेंसियों और पुलिस का गलत इस्तेमाल किया। राहुल ने कहा कि पिछले मुख्यमंत्री ने लोगों को डरा-धमकाकर सरकार चलाई थी और आपसे आपका धन छीना था। आज तेलंगाना में कार्रवाई जारी है और सच्चाई आपके सामने है। राहुल ने कहा कि आज हम कांग्रेस पार्टी का मैनिफेस्टो लांच करने आए हैं। तेलंगाना में हमने गारंटी दी थी, वो जनता के दिल की आवाज थी। वही काम अब हम राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। 500 रुपए में सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, फ्री बस यात्रा, गृह लक्ष्मी योजना आज तेलंगाना के सभी लोग जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरा कर रही है। राहुल गांधी ने केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया था। 3 अप्रैल को उन्होंने वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया था। इससे पहले उन्होंने बहन प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे का रोड शो भी किया था। इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है।

# तेलंगाना में तीन दिन रहने के बाद उत्पाती हाथी महाराष्ट्र लौटा



**कुमरामभीम आसिफाबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जिले में दो लोगों को बर्बर तरीके से मौत के घाट उतारने वाला उत्पाती हाथी आखिरकार महाराष्ट्र लौट गया। जिले में 24 घंटे के अंतराल में कागजनगर वन प्रभाग में दो किसानों को कुचलकर मार डालने के बाद हाथी ने स्थानीय लोगों को भयभीत कर दिया था।

उसके महाराष्ट्र जाने के बाद वन अधिकारियों और जनता को भी राहत मिली। वन अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि शनिवार सुबह पेंचिकलपेट मंडल के जिलेदा गांव में प्राणहिता नदी को पार करने के बाद जंगली हाथी पड़ोसी महाराष्ट्र में अहेरी रेंज के जंगलों में प्रवेश कर गया। बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र के वन अधिकारियों ने पचीडर्म के उनके क्षेत्र में आने की पुष्टि की है।

अधिकारियों ने प्राणहिता के पास मुलाकात की और जानवर की गतिविधि के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान किया। हाथी को आखिरी बार शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र सीमा से करीब 7 से 8 किमी दूर कम्मेरगांव गांव के पास देखा गया था। मुख्य वन्यजीव वार्डन मोहन चंद्र परगैन ने हाथी के महाराष्ट्र लौटने की पुष्टि की और कहा कि उसकी वापसी की संभावना से निपटने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों पर नजर रखने के लिए कर्मचारियों द्वारा आवश्यक सावधानी बरती गई है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, जरूरत पड़ने पर सहायता के लिए हुल्ला पार्टियां (जंबुओं को भगाने के लिए हाथी दस्ता) भी वहां तैनात हैं।



तेलंगाना राज्य लेखा परीक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक श्रीमती इंदिरा ने अम्मावरी का दौरा किया।

# भाजपा ने राज्यपाल से फोन टैपिंग की सीबीआई जांच की सिफारिश करने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भाजपा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से पिछली सरकार के दौरान हुई फोन टैपिंग पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगने और मामले की सीबीआई जांच का आदेश देने का आग्रह किया है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा और उनसे फोन टैपिंग की सीबीआई जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेजने का आग्रह किया। बाद में मीडिया से बात करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान हुई फोन टैपिंग ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया था क्योंकि इसमें न केवल राजनेता और नौकरशाह बल्कि आम व्यक्ति भी शामिल थे, इसलिए इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की जरूरत थी।



उन्होंने कहा कि जो तथ्य सार्वजनिक रूप से सामने आ रहे हैं, वे वास्तव में बहुत गंभीर हैं, क्योंकि वे एक तरफ देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं और दूसरी तरफ, व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हैं। कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि राज्य सरकार फोन टैपिंग के पीछे के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उतनी उत्सुक नहीं है। मुख्यमंत्री उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं जिनके इशारे पर फोन टैपिंग की गई थी। केवल सीबीआई जांच ही तथ्य सामने ला सकती है।

# प्रत्येक व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए : डीएसपी सदैया

**आसिफाबाद, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमरमभीम आसिफाबाद जिले के एसपी के. सुरेश कुमार, आसिफाबाद डीएसपी सदैया पंथाती की उपस्थिति में सीआरपीएफ एवं अन्य केंद्रीय बलों ने लोकसभा चुनाव सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जैनूर मंडल के दुब्बागुडा, पोचनलोडी, उशेगम और जंगम गांवों का दौरा किया।

आसिफाबाद के डीएसपी सदैया ने कहा, तेलंगाना में शांतिपूर्ण माहौल है। 13 मई को सभी को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

जैनूर सीआई अंजैया और सीआरपीएफ एसी राकेश कुमार, जैनूर एसआरसआई संदीप कुमार और सीआरपीएफ ने आज सुबह 6 बजे जैनूर मंडल के दुब्बागुडा, पोचनलोड्डी, उशेगम और जंगम गांवों का दौरा किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाये और कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

उन्होंने सलाह दी कि सभी को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और प्रचार के दौरान किसी भी समूह के झगड़े या दंगों में शामिल नहीं होना चाहिए और चुनाव के दिन कोई भी अभियान चलाए बिना अपने कीमती वोट का प्रयोग करना चाहिए।

डीएसपी सदैया, जैनूर सीआई अंजैया, सीआरपीएफ एसी राकेश कुमार, जैनूर एसआई संदीप कुमार और 40 सीआरपीएफ केंद्रीय बलों और स्थानीय पुलिस की सलाह पर जंगम गांव में लोगों को साहस और आश्वासन देने के लिए मार्च किया गया।

# भाजपा भारतीयों की पसंदीदा पार्टी बनी : कोत्तापल्ली श्रीनिवास



**कागजनगर, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमरमभीम जिले के कागजनगर कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के बूथ संख्या 83 पर भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. कोत्तापल्ली श्रीनिवास ने पार्टी का झंडा फहराया। उनके साथ सिरपुर टी विधायक पलवई हरीश बाबू शामिल हुए और उसके बाद जिला अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं के साथ बाहर टिफिन कार्यक्रम का आयोजन किया।

बाद में जिला अध्यक्षों ने इस बात की सराहना की कि भाजपा अब भारतीयों की पसंदीदा पार्टी बन गयी है। उन्होंने आशा जताई कि जनता एक बार फिर भगवा पार्टी को ताज पहनायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी बनकर उभरी है जिसे एक दशक तक लोगों की माफी मिली है। उन्होंने कहा कि युवा इसे एकमात्र ऐसी पार्टी के रूप में देख रहे हैं जो 21वीं सदी में देश को नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से मुक्त कराया है।

उन्होंने कहा, आज के भारत में बिना किसी भेदभाव के स्वच्छ और पारदर्शी शासन प्राथमिकता है। इसीलिए उन्होंने याद दिलाया कि गरीबों को कल्याणकारी लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में जिला मुख्य सचिव धोनी श्रीशैलम, जिला उपाध्यक्ष मुथु अशोक, तालुका संयोजक वीरभद्र चारी, शहर मुख्य सचिव चेराला श्रीनिवास, बूथ अध्यक्ष अनिल श्रीनिवास, मधुकर कोंडू, तिरूपति महेश, वेंकटेश बूथ कार्यकर्ता और अन्य ने भाग लिया।

# बिना अनुमति चल रहे जल संयंत्रों पर बल्दिया ने ठोंका जुर्माना



**वारंगल, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बाल्दिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश ने कहा कि वारंगल के हनुमाकोंडा इलाकों में बिना परमिट के नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे जल संयंत्रों के लिए जुर्माना लगाया गया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हनुमाकोंडा रेंज के 50वें डिविजन में बिना अनुमति संचालित हो रहे श्री धात्री वॉटर प्लांट पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है और नोटिस दिया गया है।

उन्होंने कहा कि वारंगल शहर के 33वें डिवीजन करीमाबाद में बिना अनुमति के चल रहे जल संयंत्र पर 3,000 रुपये, एसआरआर टोटा 60 फीट रोड क्षेत्र में गंगा जल संयंत्र पर 5,000 रुपये और सकरिया सेवा समिति जल संयंत्र पर 2 रुपये का जुर्माना लगाया गया है और नोटिस दिए गए हैं।

जिन वाटर प्लांट मालिकों को पहले ही नोटिस दिया जा चुका है, उन्हें चेतावनी दी गई है कि उन्हें परमिट लेकर नियमानुसार वाटर प्लांट का संचालन करना होगा, अन्यथा उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। इस कार्यक्रम में सेनेटरी सुपरवाइजर सांबया नरेंद्र सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल जवांलु और अन्य ने भाग लिया।

# स्थापना दिवस पर हरीश बाबू ने भाजपा का ध्वज फहराया



**कागजनगर, 6 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमरमभीम जिला कागजनगर में भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर कस्बे के सर सिल्क स्थित सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराया गया।

इसके बाद सर सिल्क लो शिशु मंदिर में बूथ संख्या 99 बूथ कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 44 साल में कई ऊंचाइयां हासिल की हैं और यह एकमात्र भाजपा ही है जो भारत के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप काम करने में सक्षम है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं से भाजपा की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया गया।

ध्वज अनावरण कार्यक्रम में सिरपुर विधानसभा संयोजक गोलापल्ली वीरभद्र चारी, नगर मुख्य सचिव चेराला श्रीनिवास, मंडल मुख्य सचिव गाजी प्रसाद, चिप्पाकुर्थी श्रीनिवास, मदवी प्रसाद, कोंडा तिरूपति, मांडिगा श्रीनिवास और अन्य ने भाग लिया।



शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर तानूर मंडल के येलवी गाँव में भाजापा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लहराकर जश्न मनाया। इस अवसर पर तानूर मंडल भाजपा अध्यक्ष चिन्नारेड्डी, कृष्णा, काशीनाथ और अन्य भाजापा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




वारंगल शहर के केएमसी कालेज में आयोजित मे स्नातक समारोह में डॉ. कस्तूरी श्रीधर वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं केएमसी के पूर्व छात्र बतौर मुख्य अतिथि एवं समारोह में डॉ. मोहन दास प्राचार्य, डॉ. चन्द्रशेखर अधीक्षक, अन्य संकाय सदस्य उपस्थित हुए।

# हादसे को आमंत्रण दे रहा मुख्य सड़क पर टूटा हुआ पेड़



**सिरपुर कागजनगर, 6 अप्रैल(शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुमरमभीम आसिफाबाद जिला चिंतालमनेपल्ली मंडल डब्बा गांव में अभयंजनेय स्वामी के मंदिर के पास पेड़ का आधा हिस्सा पूरी तरह से टूट गया है, जिससे सड़क का 75 प्रतिशत हिस्सा अवरुद्ध हो गया है। संबंधित अधिकारियों ने सड़क निर्माण के दौरान पेड़ हटाने की अनुमति नहीं दी थी। लेकिन अब जब भी हवा चलती है तो शाखाएं टूट रही हैं। सौभाग्य से यह अभी तक किसी पर नहीं गिरा है। लेकिन पेड़ पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण इस बात से चिंतित हैं कि कल गिरे पेड़ की टहनियों को किसी ने नहीं उठाया। स्थानीय नागरिक संबंधित अधिकारी से गिरी हुई शाखाओं को हटाने और पेड़ को पूरी तरह से हटाने के लिए कह रहे हैं।

माइक्रोसॉफ्ट ने दी खतरनाक चेतावनी

# लोकसभा चुनाव हैक करने की फिराक में है चीन

## छवि बिगाड़ने और आवाज क्लोन करने का हो सकता है बेजा इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**
टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन के हैकर्स एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स का इस्तेमाल कर लोकसभा चुनाव में वोटर्स को प्रभावित कर सकते हैं। चीन अपने फायदे के लिए एआई जे-नरेटेड कंटेंट और टूल्स का इस्तेमाल कर वोटर्स को प्रभावित कर सकता है। वैसे वोटर्स को प्रभावित करने की चीन द्वारा चाल चलना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी चीन ऐसी कोशिशें कर चुका है।



भारत में इस महीने लोकसभा चुनाव 2024 शुरू हो रहे हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक चलेंगे। इससे पहले सरकार को चेतावनी मिली है कि पड़ोसी देश चीन के हैकर्स एआई टूल्स के जरिए चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने कहा है कि एआई टूल्स हैकर्स की वजह से किसी भी हथियार जितने खतरनाक हो गए हैं। क्योंकि जेनरेटिव एआई टूल्स के उपयोग से डीपफेक और एडिटेड वीडियोज बनाना तो आसान है ही इसके साथ ही अब एआई टूल्स से लोकप्रिय नेताओं की आवाज तक को क्लोन किया जा सकता है। ऐसे में इन्हीं का उपयोग कर हैकर्स फेक अकाउंट्स आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं।भारत और अमेरिकी सरकार के साथ चीन का टकराव बीते साल 2020 में अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापारिक ट्रेड बैन के बाद से लगातार देखने को मिल रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के थ्रेट एनालिस्ट सेंसर के अनुसार चुनाव के वक्त में सरकारों और कानूनी एजेंसियों को हाई-अलर्ट पर रहने की ज्यादा जरूरत है।

माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी के नजरिए से देखें तो चुनाव का हिस्सा बनने जा रहे मतदाताओं को चीन फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए किसी भी नेता या पार्टी की झूठी छवि दिखा कर प्रभावित कर सकता है। क्योंकि पिछले साल अगस्त में भी चाइनीज हैकर्स द्वारा प्रोपोगंडा चलाया था कि अमेरिकी सरकार मौसम में बदलाव करने से जुड़े मिलिट्री-ग्रेड हथियार टेस्ट कर रही है, जिसके बाद एक बड़ी चर्चा इस बात पर छिड़ गई थी। अब सरकार को चुनाव के समय में साइबर सुरक्षा से जुड़ी तैयारी और अधिक मजबूत रखनी होगी। इसके अलावा एआई टूल्स के उपयोग से होने वाले डीपफेक जैसे खतरों से भी बचकर रहना होगा।

माइक्रोसॉफ्ट का दावा है कि ताइवान में हुए चुनावों में चीन ने इसी तकनीक से दुष्प्रचार चलाने की कोशिश की थी। किसी दूसरे देश में उच्च प्रौद्योगिकी से चुनाव प्रभावित करने की यह अपनी तरह की पहली कोशिश थी। चीन के समर्थन वाला साइबर हमलावर समूह स्टॉर्म 1376 ताइवान चुनावों के दौरान सक्रिय था। वह यूट्यूब पर नकली सामग्री पोस्ट कर रहा था और विजेता उम्मीदवार के बारे में एआई-निर्मित मीम्स बना रहा था।

### कार्टून कॉर्नर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 73,810/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 82,975/- (प्रति किलोग्राम)

# जेएस सिद्धार्थ हत्याकांड की जांच सीबीआई के हवाले

## केरल के छात्र को एसएफआई के गुंडों ने मारा था

**तिरुअनंतपुरम, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**
केरल वेटनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थ की 18 फरवरी को वायनाड कैंपस हॉस्टल के बाथरूम में की गई हत्या के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामले की जांच अब सीबीआई को दे दी गई है।






शुक्रवार को केरल हाईकोर्ट के जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने सिद्धार्थ के पिता टी. जयप्रकाश की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मौत की जांच तुरंत सीबीआई को अपने हाथों में लेनी चाहिए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि जांच में देरी से अपराधियों को फायदा होगा। सिद्धार्थ के पिता ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने प्रदेश के डिप्टी सीएम से इस मामले को लेकर शिकायत की थी। इसी के बाद उप मुख्य सचिव ने 9 मार्च को ही सीबीआई जांच का आदेश जारी किया था। लेकिन कागजी कार्रवाई में देरी हुई।

केरल हाईकोर्ट ने यह स्वीकार किया है कि भले ही अपराध की गंभीरता की देरी को देखते हुए सीबीआई को सौंप दी थी, लेकिन अज्ञात कारणों से फाइलों में देरी हुई। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सिद्धार्थ के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ये स्पष्ट है कि कॉलेज में सिद्धार्थ के साथ रैगिंग के दौरान उसे बेरहमी से पीटा गया था। वहीं कोर्ट के एक्शन के बाद अब केरल की पिनाराई विजयन सरकार ने कहा कि मामले की फाइलों को 26 मार्च को ही केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपा गया था और देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। अब इस मामले पर मंगलवार को कोर्ट में दोबारा सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि केरल में वेटनरी साइंस कॉलेज के छात्र जेएस सिद्धार्थ का शव 18 फरवरी को उनके हॉस्टल में लटका हुआ मिला था। जांच में सामने आया कि जेएस सिद्धार्थ को वामपंथी संगठन एसएफआई से जुड़े अपराधियों ने केबल तार और बेल्ट से बुरी तरह पीटा था। इसके बाद हॉस्टल में नंगा कर परेड कराया गया था।




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $41^0$
न्यूनतम : $26^0$

भारतीय कूटनीति की कामयाबी का एक और अध्याय

# 19 साल से सऊदी जेल में बंद भारतीय की घर वापसी

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**
भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती कूटनीतिक धमक एक बार फिर से देखने को मिली है। भारत सरकार की कूटनीति के चलते सऊदी अरब की जेल में बीते 19 वर्षों से बंद अशोक कुमार नाम के भारतीय कामगार की वापस वतन में घर वापसी हुई। भारतीय दूतावास की मदद से अशोक कुमार 5 अप्रैल को वापस स्वदेश लौट आए।

उन्होंने हाल ही में रियाद स्थित भारतीय दूतावास से भारत लौटने में मदद करने की गुहार लगाई थी, जिसके बाद दूतावास एक्टिव हुआ। इस बाबत सऊदी प्रशासन से कूटनीतिक चैनल के जरिए बातचीत शुरू की गई और वो सफल भी रही। भारतीय कामगार को रिहा करने के लिए भारतीय दूतावास ने सऊदी अरब के अधिकारियों को धन्यवाद दिया है। दूतावास ने शुक्रवार को एक तस्वीर और रियाद से दिल्ली और दिल्ली से लखनऊ की कनेक्टिंग फ्लाइट का बोर्डिंग पास भी साझा किया।



दूतावास ने लिखा, दूतावास ने एक भारतीय कर्मचारी, अशोक कुमार को 19 साल के अंतराल के बाद भारत लौटने में मदद की। उन्होंने आज भारत की यात्रा की। इसी तरह से इससे 30 मार्च को भी रियाद में बीते 24 सालों से फंसी एक भारतीय महिला की भी वापसी कराई गई थी। भारतीय दूतावास की मदद से 16 नवंबर 2023 को भी सऊदी अरब में फंसे भारतीय नागरिक बालचंद्रन पिल्लई जो कि बीते 31 वर्षों बाद भारतीय दूतावास की मदद से अपने घर वापस लौटे। गौरतलब है कि इसी तरह से कतर में काम कर रहे भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को कतर सरकार ने इजरायल के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। बाद में वहां की कोर्ट ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई। हालांकि, भारत सरकार ने कूटनीतिक कोशिशें शुरू की और आखिरकार उन पूर्व अधिकारियों को वहां से सुरक्षित वापस छुड़ा लिया था।

# 8 लाख रुपए का अफीम का दूध जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**सिरोही, 6 अप्रैल (एजेंसियां)।**
जिले पिंडवाड़ा पुलिस और डीएसटी टीम ने स्विफ्ट कार में ले जाया जा रहा 1.575 किलोग्राम अफीम का दूध जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस अफीम के दूध की कीमत 8 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार पिंडवाड़ा थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी की अगुवाई में टीम ने धांगा पुलिया हाईवे पर नाकाबंदी की थी। उस दौरान वहां से गुजर रही स्विफ्ट कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। कार में 1.575 किलोग्राम अफीम का दूध पाया गया। इसे अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। कारवाई के बाद अफीम के दूध और कार को जब्त कर भीयासर, थाना सागड़, जिला जैसलमेर निवासी भगाराम पुत्र मोडाराम जाट को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कारवाई में पिंडवाड़ा पुलिस थाना के उपनिरीक्षक पन्नालाल, डीएसटी टीम प्रभारी अमराराम, पिंडवाड़ा पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल जगदीश कुमार, कांस्टेबल आईदान सिंह, प्रवीण कुमार और अरुण कुमार सम्मिलित रहे।




लालू प्रसाद यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

# 26 साल पहले खरीदे थे अवैध हथियार

**ग्वालियर, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**
लालू प्रसाद यादव के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हुआ है। यह मामला दो दशक से भी ज्यादा पुराना है। लालू यादव के नाम पर अवैध हथियार खरीदे गए और उन हथियारों को अलग-अलग जगहों पर सप्लाई किया गया। उनके खिलाफ मध्य प्रदेश के ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने वारंट जारी किया है। इस मामले 23 आरोपियों पर केस दर्ज किया गया था। लालू यादव के पेश न होने के कारण अदालत ने एक्शन लेते हुए उनके खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री



23 अगस्त 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच की गई थी। कुल तीन फर्म से हथियार और कारतूस की खरीद की गई थी। इस मामले में लालू प्रसाद यादव सहित 23 आरोपी नामजद हैं। इसमें से 6 के खिलाफ ट्रायल चल रहा है, जबकि दो की मौत हो चुकी है। बाकी आरोपी फरार हैं। ग्वालियर की अदालत ने लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। जिन लोगों को यह हथियार बेचे गए, उनमें लालू प्रसाद यादव का नाम भी है। अब तक यही भ्रम (कन्फ्यूजन) था कि लालू प्रसाद यादव राजद के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ही हैं या कोई और। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी लालू प्रसाद यादव के पिता का नाम कुंद्रिका सिंह है। जबकि राजद नेता लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंदन राय है। लालू प्रसाद के पिता का नाम सिर्फ फरारी पंचनामे में लिखा है। पुलिस ने कोर्ट में जो चालान और फरार आरोपियों की सूची पेश की है, उनमें पिता का नाम नहीं लिखा था। शेष आरोपियों के पिता के नाम के साथ शहर तक का उल्लेख था। पूर्व सांसद और विधायक लालू प्रसाद यादव का जिक्र होने से यह केस एमपी-एमएलए कोर्ट में गया है।

अब पुलिस का दावा है कि आरोपी लालू प्रसाद यादव कोई और नहीं बल्कि राजद नेता ही हैं। इसी आधार पर उन्हें आरोपी बनाया गया और गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। पुलिस ने अपने अनुसंधान के बाद ही लालू प्रसाद यादव को आरोपी बनाया है। यह केस अन्य कोर्ट से एमपी-एमएलए कोर्ट को ट्रांसफर हुआ था। अब स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कर लालू प्रसाद यादव को कोर्ट ने तलब किया है।

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी होने के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई है।

# समन पर पेश नहीं हुए आपा विधायक अमानतुल्लाह खान

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल (एजेंसियां)।**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जारी समन को नजरअंदाज करने पर राउज एवेन्यू कोर्ट में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ईडी की याचिका पर कल यानी 6 अप्रैल को सुनवाई करेंगी।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने याचिका दायर कर कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। ईडी ने कहा है कि अमानतुल्लाह खान जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके पहले 11 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। ईडी के मुताबिक छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैं जिनसे पता चलता है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं।

उल्लेखनीय है कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1 मार्च को अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले चुकी है। ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी । करीब पांच हजार पेजों की चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपी बनाया है उनमें जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर शामिल हैं। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपी बनाया है। ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपए की जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KONATHAM RAMULAMMA Legally Mother of Service No :- 14829136K, NK/CHEFCOM, NAME:- KONATHAM SREEDHAR REDDY, UNIT: 554 ASCBN, C/O 56APO, H.NO:- 1-30, VILL & POST:- JANGAMGUNTLA, TEH: CUMBUM, DIST:- PRAKASAM, STATE:- ANDHRA PRADESH, PIN- 523333 Changed my Name From **SMT RAMULAMA** to **KONATHAM RAMULAMMA** Mother of NK/CHEFCOM Konatham Sreedhar Reddy Adhaar card No. 8425 5099 2104 and D.O.B:- **01/07/1958** to **01/01/1952** Affidavit Signed by Advocate and Notary P. Raveendranath B.com. B.L ON 06/04/24


**CHANGE OF NAME & DOB**
I, GONGATI LAKSHMI Devi Legally Spouse of Service NO :- 6494502X, HAV/ASH, Name:- GONGATI NARAYANA Reddy,UNIT: 554 ASCBN, C/O 56APO, H.NO:- 1-85,VILL:- Reddypalle, POST:- RAMAPURAM, TEH:- KALASAPADU. DIST :- CUDDAPAH, STATE:- ANDHRA PRADESH, PIN:-516217 Changed my name from **C LAKSHMI DEVI** to **GONGATI LAKSHMI DEVI** and DOB :- **20/10/1987** to **01/01/1988** W/O HAV/ASH GONGATI NARAYANA REDDY Adhaar card No:- 9411 5631 0842 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P. Raveendranath B.com. B.L ON 06/04/24

**CHANGE OF NAME**
I, MONALI SUBHASH JADHAV, is legally wedded spouse of No-15803861P, Rank-L/NK, Name - WAGH SHUBHAM GANESH, residingat Vill & PO - Kolgaon, Tehsil- Niphad, Dist- Nashik, Maharastra, Pin-422305. I have to change my Name from - **MONALI SUBHASH JADHAV** to **MONALI SHUBHAM WAGH** for all purpose vide affidavit dated: 06/04/2024.



शुभ लाभ

# उठावना



## विष्णुदयाल अग्रवाल

सुपुत्र : स्व. श्री राधाकिशनजी अग्रवाल

स्वर्गवास : शुक्रवार, दि. 5-4-2024

**उठावना आज रविवार, दि.7 अप्रैल 2024 को दोपहर 12.00 से 1.00 बजे तक, स्थानः श्री बालाजी राजस्थानी भवन, शीश महल थियेटर के पीछे, अमीरपेट, हैदराबाद पर होगा ।**

**शोकाकुल :** सुरेश कुमार, गोपाल, रमेश, नन्दलाल (भाई), अनिल (पुत्र), नरेश कुमार, बजरंगलाल, रविन्द्र कुमार, दिलीप कुमार (भतीजे), कमल, तनिष्क (पौत्र) एवं समस्त रामस्वरुप (बसईवाले) परिवार ।

**फर्मः राधाकिशन विष्णुदयाल (बसईवाले)**

म.नं. 10-5-17, फतेहनगर, पोस्ट ऑफीस लेन, हैदराबाद, फोन : 9290887874, 9948122252

**बैठकः अपराह्न 3 से 5 बजे, तक शुक्रवार दि.12 अप्रैल 2024 को हमारे निवास स्थान पर होगी।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.